रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 10 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 189, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

सेंसेक्स 79,705.91 +819.69

डॉलर 83.948 -0.064

रांची सर्राफा

10 ग्राम 69,250

01 किलो 88,000




पेज-08 बांग्लादेश के खिलाफ हो सकती है...



## झारखंड झरोखा की प्रस्तुति के साथ आदिवासी महोत्सव का पहला दिन संपन्न

# आज वृहत सांस्कृतिक समागम का होगा आयोजन

- *झारखंड आदिवासी महोत्सव 2024 में चारों ओर बना रहा हर्षोल्लास का माहौल*
- *बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में झारक्राफ्ट का स्टॉल लोगों को कर रहा है आकर्षित*




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पारंपरिक कला के विभिन्न रूपों को अपने आंचल में समेटे झारखण्ड एवं पूरे देश की नृत्य शैलियों और संगीत से लेकर उत्सवों, अनुष्ठानों और स्वादिष्ट व्यंजनों के साझा ज्ञान को दर्शाने वाले झारखण्ड आदिवासी महोत्सव के प्रथम दिवस का अवसान झारखण्ड झरोखा की आकर्षक प्रस्तुति के साथ हुआ। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान में आयोजित झारखंड आदिवासी महोत्सव 2024 की शुरूआत 'रीझ-रंग शोभा यात्रा' से हुई। आदिवासी आन- बान और शान के मनमोहक 32 जनजातीय वाद्ययंत्रों की ताल पर थिरकते हुए कारवां करमटोली चौक से बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान पहुंचा।

झारखंड आदिवासी महोत्सव 2024 का आनंद लेने राज्य भर से विभिन्न स्कूलों के बच्चे बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची पहुंचे। बच्चों में उत्सव का माहौल देखने को मिला। चारों ओर हर्षोल्लास का माहौल दिखा । लोग ग्रुप बना कर महोत्सव का आनंद लेते रहे। नृत्य करते रहे, गीत गाए- क्या बच्चे, क्या युवा, क्या बूढ़े सभी इस आनंदमयी बारिश में भींगते रहे। हजारों लोगों के जन सैलाब में सभी पारंपरिक संस्कृति की एकरूपता में सराबोर दिखे। अतिथियों के स्वागत के लिए राज्य भर से कला दल के सदस्य बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान पहुंचे।

बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान में प्रदर्शनी हॉल में लगे झारक्राफ्ट स्टॉल के ऑर्गेनिक सिल्क का आकर्षण लोगों को खूब भा रहा है। झारक्राफ्ट दुनिया में ऑर्गेनिक सिल्क उत्पादों का प्रमुख नाम है जो कि अपने उत्पादों को बनाने से लेकर रंगों तक किसी भी तरह के रसायन का उपयोग नहीं करता है, जिसमें कुकून से धागा और धागे से कपड़े तक की पूरी प्रक्रिया प्राकृतिक मानकों के साथ ही की जाती है। इस प्रदर्शनी में झारक्राफ्ट द्वारा लाइव हस्तकरघा एवं रिलिंग मशीन चलाकर कुकून से धागा और धागे से कपड़े बनाने की प्रक्रिया दिखाई जा रही है। झारक्राफ्ट के इस स्टॉल में हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट ड्रेस, चादर, सिल्क एवं कॉटन साड़ी, लाल पाढ़ साड़ी, शॉल, डोकरा से बने पारंपरिक आभूषण, हसुली, पइला, सोहराय पेंटिंग, जादू पटिया पेंटिंग समेत विभिन्न प्रकार की वस्तुएं बिक्री हेतु उपलब्ध हैं।

### पद्मश्री मुकुंद नायक के नागपुरी गीत नृत्य की प्रस्तुति से झूमे दर्शक

**झारखंड** आदिवासी महोत्सव जहां हम देख रहे हैं समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन की झलकियां। विश्व आदिवासी दिवस को संस्कृति और इतिहास का अनूठा संगम स्थल बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान, रांची में आयोजित हो रहे भव्य समारोह में पद्मश्री मुकुंद नायक की आकर्षक प्रस्तुति ने लोगों को खूब लुभाया। भगवान बिरसा की ऐतिहासिक गाथा को वर्षा लकड़ा और उनके समूह द्वारा कथात्मक संगीतमय नृत्य नाटिका के माध्यम से दिखाया गया। शेरोन मरांडी द्वारा संथाली बैंड आधुनिक संथाली गायन वादन गायिका, विकृत बैंड की प्रस्तुति दी गई साथ ही झारखंड झरोखा -लोक कला वाद्ययंत्र एवं परिधान की प्रस्तुति दी गई। राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि न केवल इसकी ऐतिहासिक वंशावली का प्रमाण है अपितु इसके मूल्य सांस्कृतिक मुल्यों को संरक्षित करते हुए अवशोषित, अनुकूलन और विकसित करने की क्षमता का भी सबूत हैं। प्रदेश में युद्ध में नृत्य है, कलकल करती नदियों में संगीत है और जल जंगल और जमीन की सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित और संरक्षित रखने की प्रेरणा है।

## न्यूज बॉक्स

### डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में विश्व आदिवासी दिवस मना



**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ों में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षकों द्वारा आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सभी आदिवासी शिक्षक शिक्षकाएं अपने पारंपरिक विशभूषा में आए थे। और स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी पूरे विश्व में निवास करते हैं और आदिवासी प्रकृति के संरक्षक होते हैं। झारखंड भी आदिवासी बहुल क्षेत्र है और यहां भी बहुत से आदिवासी क्रांतिकारी हुए जो आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाए जिसमें बिरसा मुंडा, सिद्धू,कान्हु, चांद,भैरव इत्यादि। जयपाल सिंह मुंडा भी यहीं के थे जिन्होंने देश के हॉकी टीम की कप्तानी की और भारत को हॉकी में गोल्ड मेडल दिलाई। और भी बहुत से आदिवासी महापुरुष हुए जो देश दुनिया में भारत का मान बढ़ाया। विश्व आदिवासी दिवस आदिवासियों के उत्थान और उनके संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रति वर्ष 9 अगस्त को पूरे विश्व में मनाई जाती है।

### संत जेवियर्स कॉलेज में मनाया गया आदिवासी दिवस



**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस पर संत जेवियर्स कॉलेज में शुक्रवार को आदिवासी युवा चेतना मंच, एआईसीयूएफ एवं आईक्यूएसी के द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय आदिवासी युवा- पारंपरिक ज्ञान, संरक्षण एवं प्रेषण रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मेयर रमा खलखो एवं सोसाइटी ऑफ जीसस के प्रोविंशियल डॉक्टर फादर अजित कुमार खेस एसजे मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान प्रस्तावना को दोहराते हुए किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों एवं विद्यार्थी द्वारा पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्वलित किया गया। विद्यार्थियों ने अलग अलग जनजाति भाषाओं में अतिथियों का स्वागत किया।

### चान्हो में हाथियों से प्रभावित परिवार को खाद्य सामग्री का वितरण



**चान्हो।** जिला परिषद सदस्य सह आजसु पार्टी के केन्द्रीय सचिव आशुतोष तिवारी ने शुक्रवार को बेयासी पंचायत के कंजगी गांव में हाथियों से प्रभावित परिवार से मिलकर खाद्यान्न दिया। प्रभावित परिवार धना महतो और बंधना महतो का घर व फसल पूरी तरह बर्बाद हो गया है। बताते चलें कि पिछले दिनों कंजगी गांव में हाथियों के झुण्ड ने कई घरों व फसलों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। पीड़ित परिवारों ने कहा बहुत लोग मिलने आए मगर किसी प्रकार का मदद अभी तक नहीं मिला था। जबकि हमारा रखा सभी खाद्य सामग्री नष्ट हो गया है। आज जिला परिषद सदस्य ने पहली बार खाद्य सामग्री दिया। वहीं मृतक जितवाहन उरांव के परिजन से मिले। उन्होंने परिजन को आर्थिक मदद किया। ज्ञात हो कि पिछले बुधवार को खेत में काम करते हुए बिजली के करंट लगने से उनकी मौत हो गई थी।

### जरियागढ़ राज परिवार में धूमधाम से हुई नागपंचमी की पूजा



**खूंटी।** छोटानागपुर की पुरानी रियासत जरियागढ़ के राज परिवार द्वारा शुक्रवार को परंपरागत ढंग से नाग पंचमी में अष्ट नाग देव और मां चिंतामणि की पूजा-अर्चना की गई। राज पुरोहितों ने तांत्रिक विधि से माता चिंतामणि और अष्ट नाग देव की पूजा-अर्चना की और बकरे की बलि दी गयी। अष्ट नाग देव की पूजा पुरोहित अशोक कुमार शर्मा और मां चिंतामणि की पूजा पंडित बसंत षड़ंगी ने की। पुण्यजल ठाकुर जयेंद्र नाथ शाहदेव सहित सभी सदस्यों ने ग्रहण किया। मौके पर लाल मृगंद्रे नाथ शाहदेव, लाल आशुतेंद्र नाथ शाहदेव, लाल यशनाथ शाहदेव, लाल अनूप नाथ शाहदेव, लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, लाल सत्येंद्र नाथ शाहदेव, आदित्य नाथ शाहदेव, देवनाथ सिंह कतरासगढ, समरजीत झा, पुरोहित सदन गोपाल शर्मा, अश्विनी कुमार शर्मा, नीरज कुमार शर्मा,आदि उपस्थित थे।

### शानदार खेल का प्रदर्शन, पेनाल्टी शूट आउट में रानी चांचो ने जीता मुकाबला



**चान्हो।** प्रखंड के मदई मैदान में शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर क्रांति क्लब मदई द्वारा फुटबॉल मैच के फाइनल मुकाबले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सन्नी टोप्पो, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी, मुखिया भोला उरांव ने बॉल किक कर मैच का उद्घाटन किया। फाईनल मुकाबला आर सी रानीचाचो और युवा विकास संघ झींझरी के बीच खेला गया। खेल में हर पल रोमांच बना रहा। अंतिम क्षण तक किसी भी टीम के तरफ से कोई गोल नहीं किया जा सका। पेनाल्टी शूट आउट में आर सी रानी चांचो चार के मुकाबले पांच गोल से विजयी रही। मौके पर बोलते हुए सन्नी टोप्पो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा भरी हुई है। उन्हें एक प्लेटफार्म की जरूरत है। इस तरह की मुकाबला से अपना प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। पश्चिमी सभ्यता को त्यागकर झारखंडी परंपरा को आगे बढ़ाना होगा। वहीं आशुतोष तिवारी ने कहा कि प्रतिभा को निखारकर आगे ले जाना है। आज बहुत ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का नाम रौशन कर रहे हैं। टूर्नामेंट की शुरूआत चार अगस्त को हुई थी। इस बीच बच्चियों के ने रंगारंग आदिवासी नृत्य कर खेल में चार चांद लगाया। विजेता टीम को दस हजार रुपये नगद, एक खस्सी और ट्रॉफी प्रदान किया गया। उपविजेता टीम को सात हजार रुपये नगद, एक खस्सी और ट्रॉफी प्रदान किया गया। मौके पर अध्यक्ष महदेव उरांव, सचिव संदीप उरांव, कोषाध्यक्ष शशि कच्छप, सुनील उरांव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### मृतक के अंतिम संस्कार में सन्नी टोप्पो हुए शामिल

**मांडर।** प्रखंड के ग्राम टांगरबसली निवासी गन्दुरा उरांव का अकास्मिक निधन की खबर सुनते ही भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो शुक्रवार को मृतक गन्दुरा उरांव के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। टांगरबस्ली पहाड़ टोली पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिलकर ढ़ांढस बंधाया। साथ ही कहा कि इस दुख के घड़ी में सदैव आपके साथ खड़ा हुं।

### कुशवाहा जागरण मंच करेगा कांवर यात्रा का आयोजन

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कुशवाहा जागरण मंच के तत्वावधान में 12 अगस्त को सुबह 8 बजे से कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया है। यह कावड़ यात्रा मुरी स्वर्णरिखा नदी से जल लेकर मंडप टोला शिव मंदिर पहुंचेगी। मंच के द्वारा सभी शिव भक्तों को इस कावड़ यात्रा में शामिल होने के लिए अपील किया गया है।

### खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण

**मांडर।** प्रखंड के अंतर्गत मलती पंचायत के ग्राम चटवल में जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी ने शुक्रवार को फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच जर्सी, फुटबॉल और खेल सामग्री का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण करना उनका उद्देश्य नहीं है बल्कि इस छोटे से सहयोग के माध्यम से खिलाड़ियों की प्रतिभा को बढ़ावा दे कर उनका हौसला अफजाई करते हुए उचित मार्गदर्शन करना है ताकि बच्चे आगे बढ़ कर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सके। आज के दौर में हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अगर उचित संसाधन मुहैया करा दिया जाए तो ये लोग आगे बढ़ कर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में अपना और अपने समाज का नाम रोशन करेंगे। मौके पर अमानत अंसारी, यूनुस अंसारी, जैनुल अंसारी समीम अंसारी सहित कई खिलाड़ी उपस्थित थे।

### आदिवासी दिवस पर पर कपरिया में पौधरोपण

**खूंटी।** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को हुटार के कपरिया ग्राम में ग्रामीणों के साथ विश्व आदिवासी दिवस और युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया। मौके पर जिलाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। युवा कांग्रेस की टीम ने काजू और महोगनी के पौधे लगाये। इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच पौधों का वितरण भी किया गया। जिला अध्यक्ष अरुण संगा ने समस्त देशवासियों और आदिवासियों को युवा कांग्रेस स्थापना दिवस और आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी व आदिवासियों को एकजुट होकर अपनी ताकत दिखाने का आह्वान किया।

## रेलवे टिकट की कालाबाजारी

# मुरी आरपीएफ ने किया दुकानदार को गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली/मुरी।** रेलवे सुरक्षा बल मुरी ने बुधवार के दिन मंडल सुरक्षा आयुक्त रांची के निर्देशानुसार ऑपरेशन उपलब्ध के तहत रेलवे सुरक्षा बल मुरी और सीआईबी रेलवे सुरक्षा बल रांची ने संयुक्त रूप से रजरप्पा चौक गोला रोड स्थित साहिल टूर एवं ट्रेवल्स दुकान में छापामारी कर सज्जाद हुसैन, उम्र 40वर्ष, पिता हैदर अली, शाहीनगर रामगढ़ निवासी को रेलवे टिकट की कालाबाजारी करने के आरोप में गिरफ्तार किया। रेल थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि उक्त व्यक्ति निजी आई डी का उपयोग कर टिकट की कालाबाजारी कर व्यवसाय में संलिप्त था। छापेमारी में पुलिस ने एक तत्काल ई टिकट लगभग ₹700 का एवं आठ पुराने एवं उपयोग किए गए तत्काल ई-टिकट जिसका मूल्य लगभग 15000 रुपए साथ ही टिकट बनाने में उपयोग किए गए डेल कंपनी का लैपटॉप भी जब्त किया। छापेमारी दल में आईपीएफ सीआईबी रांची के बी के सिन्हा, सहायक अवर निरीक्षक एस के गुप्ता, आरपीएफ पोस्ट मुरी के अवर निरीक्षक बसंत मल्लिक,महेश कुमार शामिल रहे।

# मैंगजीन लोडेड पिस्टल के साथ दो अपराधी गिरफ्तार, एक फरार

**नवीन मेल संवाददाता**



**खूंटी।** जिले के पुलिस कप्तान अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दो अपराधियों को मैगजीन लगी एक देसी पिस्तौल मैगजीन और एक ग्लैमर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में सारन बोदरा (32) और इम्तियाज मियां उर्फ ताजो (31) शामिल है। यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि तीन अपराधी एक ग्लैमर मोटरसाइकिल पर सवार होकर कुमांग होते हुए कमड़ा मोड की तरफ आ रहे है। उनके पास अवैध हथियार है और किसी आपराधिक घटना को अंजाम दे सकते हैं। सूचना के आलोक में तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरुवार को कमड़ा मोड़ के पास पहुंची, तो तीन व्यक्ति एक ग्लैमर बाइक से आते हुए दिखे। दो लोग को सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ा गया, जबकि अकबर खान पिता तैयब खान ग्राम बम्हणी थाना मुरहू भागने में सफल रहा। पकड़े गए व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम और पता पुलिस को बताये। एसडीपीओ ने बताया कि सारन बोदरा कीतलाशी लेने पर उसके पास से मैगजीन लगी एक देसी पिस्टल और ग्लैमर मोटरसाइकिल पंजीयन संख्या जेएच 01 डीयू 8557 बरामद की गई। इम्तियाज मियां उर्फ ताजो से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त इम्तियाज मियां को तपकारा पुलिस पहले भी जेल भेज चुकी है।

### छापामारी टीम में ये लोग शामिल थे

छापामारी टीम में एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, तोरपा के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, तपकारा के पुलिस अवर निरीक्षक श्यामल कुंभकार, सहायक अवर निरीक्षक रमजानुल हक आरक्षी चमरा मुंडा, रविंद्र कुमार और गोपाल भगत शामिल थे।

# 'विश्व आदिवासी दिवस' आदिवासियों को अनमोल धरोहर मिली है : सविता उरांव

- *संपूर्ण विश्व के आदिवासी अपनी एकता और अखंडता के साथ इसे मना रहे*

**नवीन मेल संवाददाता**



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड आदिवासी संगठनों ने विश्व आदिवासी दिवस पर गाजा बाजा ढोल नगाड़े के साथ धुमधाम से शोभायात्रा निकाली और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर लापुंग के बिरसा चौक पर धनिया मुंडा के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर पूजा पाठ कर माला,पगड़ी व अंग वस्त्र भेंट किया। पूजा पाठ सापुकेरा के पाहन बिकनू मुंडा ने किया, दीवान धनिया मुंडा ने पगड़ी व धोती पहनायी। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव ने कहा कि आदिवासियों को संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व आदिवासी दिवस के रुप में अनमोल धरोहर सौंप दी है। इस दिवस के मौके पर संपूर्ण विश्व के आदिवासी अपनी एकता और अखंडता के साथ अपने पूर्वजों के द्वारा सौंपीं गई। सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए संकल्प लिया है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के दिखाए रास्ते पर चलने के लिए लोगों का आह्वान किया। को बताये मार्गो पर चलने की बात कही। कॉलेज मैदान में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस की सभा के दौरान बोकरंदा पंचायत की मुखिया सरोज मुंडा, डाडी. पंचायत की मुखिया सुमिला मिंज, दोलैचा पंचायत की मुखिया मालती रानी केरकेट्टा सहित कई लोगों ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में शामिल महुगांव पंचायत की मुखिया मेरी होरो और ककरिया पंचायत की मुखिया बिरसमणी देवी ने आदिवासीयों की संस्कृति को बचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर लापुंग प्रखंड के दर्जनों गांवों के आदिवासियों ने अपनी संस्कृति परंपरा और रीति-रिवाज को बचाने का संकल्प लिया।

# 'नव उदारवादी आर्थिक नीतियां जबरन आदिवासियों पर न थोपें'



**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड भवन नई दिल्ली में विश्व आदिवासी दिवस पर खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा कीह प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनहें नमन किया। मौके पर कालीचरण मुंडा ने कहा कि कहा देश में साम्राज्यवाद, देशी-विदेशी, कॉरपोरेट घरानों, उद्योगपतियों की नव उदारवादी आर्थिक नीतियों को एनडीए द्वारा जबरन आदिवासियों के ऊपर थोपा जा रहा है। आदिवासी दिनों दिन शोषण, दमन एवं विस्थापन का शिकार हो रहे हैं। इसके विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र संघ का यह प्रस्ताव एक व्यापक आंदोलन के लिए देश भर के विभिन्न संगठनों को एक संयुक्त मंच बनाने का अवसर प्रदान करता है। ऐसा हुआ तो जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का पूर्ण अधिकार और स्वायत्तता स्वतः हासिल हो जाएगी। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1994 में अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस की घोषणा की थी।

## आदिवासी युवा मोर्चा ने निकाली बाइक रैली

# आदिवासी प्रकृति पूजक, जल जंगल और जमीन को बचाना है



- *सरना स्थल पर किया पौधरोपण*

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आदिवासी युवा मोर्चा खलारी के बैनर तले आदिवासियों ने खलारी में बाइक रैली निकाला। रैली मैकलुस्कीगंज से शुरू होकर खलारी बाजारटांड़ होते हुए खलारी शहीद चौक, केडी मुख्य बाजार से होकर केडी अंबेडकर चौक तक गया। केडी अंबेडकर चौक में डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। केडी अंबेडकर चौक से बाइक रैली कमाती धौड़ा सरना स्थल पहुंचा। इससे पूर्व खलारी शहीद चौक सरना स्थल पर कुलदीप लोहार सहित अन्य स्थानीय लोगों ने पौधा रोपण किया। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी प्राकृतिक पूजक हैं। हमें अपने जल, जंगल और जमीन को बचाना है। समाज के विकास के लिए बच्चों को शिक्षित करना है। आदिवासी समाज के आने वाली पीढ़ी को समाज की परंपराओं व रीति रिवाज से अवगत कराना हम सभी की जिम्मेवारी है। रैली में मुख्य रूप से शशि मुंडा, राजेश गंझू, निखिल मुंडा, रामसूरत यादव, पवन उरांव, दिलीप गंझू, दिलीप पासवान, विकास कुमार, आकाश मुंडा, श्रवण भोगता, इंसान गंझू, अवतार उरांव, संतोष मुेडा, योगेश मुंडा आदि शामिल थे।

## डीएवी खलारी में मोटिवेशनल क्लास का आयोजन

# असफलता से डरे नहीं, यह सफलता की कुंजी : प्रणव

- *कक्षा 11वीं व 12वीं विज्ञान के विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण प्रेरणादायक बातें बताई*

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** डीएवी पब्लिक स्कूल खलारी में मोटिवेशनल क्लास का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सह वक्ता खलारी अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट ने दीप प्रज्वलित कर मोटिवेशनल क्लास का शुभारंभ किया। अम्बष्ट ने कक्षा 11वीं व 12वीं विज्ञान के विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण प्रेरणादायक बातें बताईं। उन्होंने महापुरुषों के जीवन की प्रेरणादायक घटनाओं के उदाहरण दिए। कहा कि हमें असफलता से घबराना नहीं चाहिए। सभी बच्चों को जेईई मेन, एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में जरूर बैठना चाहिए। यदि इन परीक्षाओं में हम सफल नहीं भी हो पाते हैं तो आगे जीवन में ये परीक्षाएं हमें बहुत बड़ी सीख देती हैं। कहा कि एक विद्यार्थी में सहानुभूति से अधिक समानुभूति की आवश्यकता होती है। समानुभूति वाला ही सफल इंसान बन सकता है। उन्होंने बच्चों को कैरियर से संबंधित जानकारी भी दी।

अम्बष्ट ने बताया कि झारखंड गवर्नमेंट की तरफ से पायलट के प्रशिक्षण हेतु अनुदान भी दिया जाता है। सिविल सर्विसेज में भी आपको आगे आना चाहिए। अच्छे नागरिकों की हर जगह हर विभाग में जरूरत है। इंटरएक्टिव सेशन में बच्चों ने भी खलारी सीओ से प्रश्न पूछे। उन्होंने पूछा कि आपने कैसे जीवन में आने वाली चुनौतियों को अवसर में बदला।

शिक्षकों ने भी बच्चों की तरफ से सवाल पूछे और जाना कि बच्चे सोशल मीडिया से आवश्यक दूरी बनाकर कैसे रहें? प्रणव अम्बष्ट ने बच्चो व शिक्षकों को अपने जबाव से संतुष्ट किया। इससे पूर्व विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने गुलदस्ता देकर अंचल अधिकारी का स्वागत किया। प्राचार्य ने बच्चों को मोटिवेट करने के लिए प्रणव अम्बष्ट का धन्यवाद किया।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 79,705.91 +819.69

डॉलर 83.948 -0.064

रांची सर्राफा
10 ग्राम 69,250
01 किलो 88,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 10 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 189, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 बांग्लादेश के खिलाफ हो सकती है...

भारत को मिला छठा पदक

## अमन सहरावत ने भी जीता ब्रॉन्ज मेडल



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में शुक्रवार को पहलवान अमन सहरावत ने पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में कांस्य पदक जीत लिया है। अमन ने पुअर्तो रिको के डारियान टोई क्रूज को 13-5 से हराया। अमन शुरूआती दो मुकाबले तकनीकी श्रेष्ठता से जीतने के बाद सेमीफाइनल में जापान के शीर्ष वरीय रेई हिगुची से हार गए थे।

# उच्च पदों पर आदिवासियों-दलितों की भागीदारी बेहद कम : मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुलिस, प्रशासन, न्यायपालिका और कॉरपोरेट सेक्टर में शीर्ष पदों पर आदिवासियों, दलितों और अल्पसंख्यकों की कम भागीदारी पर चिंता जताई है। उन्होंने शुक्रवार को रांची के बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में दो दिवसीय आदिवासी महोत्सव के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आज भी आईएएस, आईपीएस, जज और कॉरपोरेट सेक्टर में उच्च पदों पर गिने-चुने आदिवासी दिखते हैं। जो लोग इन जगहों पर पहुंचते हैं, उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे पदों पर उनकी भागीदारी कैसे बढ़े, इस दिशा में सरकारों को गंभीरता के साथ काम करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-दुनिया में आदिवासी समाज के बाद ही बाकी समाज और उनकी संस्कृतियों का सृजन हुआ। आदिवासियों ने अपनी संस्कृति और सभ्यता की रक्षा के लिए लंबा संघर्ष किया है। झारखंड की बात करें तो वीरों की इस धरती पर भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो, टाना भगत, नीलांबर-पीतांबर शेख भिखारी, निर्मल महतो, विनोद बिहारी महतो सहित अनेक सपूतों ने जल, जंगल, जमीन और आदिवासियों-मूलवासियों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और बलिदान दिया।

सोरेन ने कहा कि झारखंड में आदिवासियों-मूलवासियों को सदियों से शोषण का शिकार होना पड़ा है। देश आजाद होने के पहले और उसके बाद भी उन्हें मुख्यधारा से अलग-थलग रहना पड़ा है। इसी वजह से यहां के लोगों ने 40-50 वर्षों तक अलग राज्य बनाने की लड़ाई लड़ी। विश्व आदिवासी दिवस आदिवासियों और मूल निवासियों को उनके अधिकार दिलाने के लिए संकल्प लेने का दिन है।

शेष पेज 09 पर




प्रशासन, न्यायपालिका और कॉरपोरेट उच्च पदों पर गिने चुने आदिवासी ही दिखते हैं

ऐसे पदों पर आदिवासियों की भागीदारी बढ़ाने को सभी सरकारें गंभीरता से काम करें

## मुख्यमंत्री का 49वां जन्मदिन आज

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को 49 वर्ष के हो जाएंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा, रांची जिला समिति ने मुख्यमंत्री का जन्मदिन भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया है। बताया गया कि दोपहर डेढ़ बजे हेमंत सोरेन के आवास पर 49 पौंड का केक काटकर उनका जन्म दिन मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम में पार्टी के कई मंत्री, विधायक और केंद्रीय नेता शामिल रहेंगे। यह जानकारी रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने दी।

वक्फ बोर्ड संशोधन बिल

## जेपीसी का गठन, झारखंड के निशिकांत दुबे भी समिति में

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मुस्लिम समुदाय की संपत्ति से जुड़े वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 पर विचार के लिए 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की शुक्रवार को घोषणा की। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में बताया कि समिति में 21 सदस्य लोकसभा के और 10 सदस्य राज्यसभा के होंगे। रिजिजू ने इस संबंध में लोकसभा से 21 नामों को समिति के लिए प्रस्तावित किया। उन्होंने कहा कि समिति अगले सत्र के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन रिपोर्ट करेगी।

समिति में लोकसभा से जगदंबिका पाल, डॉ. निशिकांत दुबे, तेजस्वी सूर्या, अपराजिता सारंगी, डॉ. संजय जयसवाल, दिलीप सैकिया, अभिजीत गंगोपाध्याय, डीके अरुणा (सभी भाजपा), गौरव गोगोई, इमरान मसूद, डॉ. मोहम्मद जावेद (सभी कांग्रेस), मोहिबुल्ला (सपा), कल्याण बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस), ए राजा (द्रमुक), लावु श्री कृष्ण देवरायलू (टीडीपी), दिलेश्वर कामैत (राजद), अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी), सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे (एनसीपी-एसपी), नरेश गणपत म्हस्के (शिवसेना), अरुण भारती (एलजेपी-राम विलास) और असदुद्दीन औवेसी (एआईएमआईएम) शामिल हैं। इसके अलावा राज्यसभा के 10 सदस्यों में बृजलाल, डॉ. मेधा कुलकर्णी, गुलाम अली, डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल (सभी भाजपा), डॉ. सैयद नसीर हुसैन (कांग्रेस), मोहम्मद नदीमुल हक (तृणमूल कांग्रेस),

शेष पेज 09 पर

## रामजन्मभूमि का संघर्ष हमारे अस्तित्व का सवाल था : चंपत राय



रांची। राजधानी के तपोवन मंदिर परिसर में शुक्रवार को नए राम मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के महासचिव चंपत राय ने कहा कि रामजन्मभूमि का संघर्ष हमारे अस्तित्व का सवाल था। भले ही सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से इसका फैसला हुआ हो लेकिन हम तो इसमें प्रभु श्रीराम की कृपा ही मानते हैं। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि हिंदू समाज एकजुट हो। ये देश, धर्म और सनातनी संस्कृति के लिए हितकर है। इसके बाद उन्होंने मेन रोड के हनुमान मंदिर प्रांगण में वातानुकूलित सभागार और हॉल का शिलान्यास किया। स्व. तिलकराज अजमानी की स्मृति में इसका शिलान्यास किया गया। चंपत राय ने कहा कि हिंदू समाज के लिए सभागार बहुउपयोगी साबित होगा। मौके पर राय ने कहा कि वर्षों की तपस्या और लाखों कारसेवकों के बलिदान के बाद यह सौभाग्य मिला कि उन्होंने राम मंदिर को बनते देखा और अनावरण किया। आने वाले वर्षों में राम मंदिर के ऊपरी तल पर राम दरबार के साथ छह अन्य मंदिरों का भी निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री महावीर मंडल रांची महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह सौभाग्य की बात है रांची के प्रमुख स्थान पर इस वातानुकूलित सभागार को बनाने का मौका मिल रहा है।

# रांची में 100 करोड़ से बनेगा राम मंदिर

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हर संभव मदद का दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी स्थित ऐतिहासिक तपोवन मंदिर का अब अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर पुनर्निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार, 9 अगस्त को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के महासचिव चंपत राय के कर-कमलों से इसका अनावरण और भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर चंपत राय ने कहा कि मंदिर भारत की परंपराओं को जिंदा रखने का एक माध्यम है। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि यह तपोवन भूमि एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसके बेहतर विकास की दिशा में सभी को ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर राम मंदिर की नींव रखने के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि यह कदम न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए भी अत्यंत प्रेरणादायक होगा। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं और आश्वस्त किया कि उनकी सरकार इस परियोजना में हर संभव योगदान करेगी। मुख्यमंत्री सोरेन ने अपने भाषण में कहा, हमने तपोवन भूमि के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया है और भविष्य में भी इसे बेहतर बनाने की दिशा में काम करेंगे। उनका यह बयान इस बात को दशार्ता है कि राज्य सरकार इस परियोजना के प्रति पूरी तरह समर्पित है और इस ऐतिहासिक पहल को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। तपोवन के महंत ओम प्रकाश शरण ने बताया कि मंदिर का क्षेत्रफल 11 हजार वर्गफीट का होगा जिसमें परिक्रमा के लिए तीस फीट का स्थान होगा और 100 करोड़ की लागत आएगी जो चंदे से जुटाई जाएगी। इस कार्यक्रम में भिवानी हरियाणा के महंत रामाश्रय शरण महाराज, अयोध्या के महंत रामनरेश महाराज, जानकी जन्मस्थान पुनौरा के महंत प्रभु शरण दास सहित कुल पांच महंतों ने भाग लिया। कार्यक्रम में झारखंड बीजेपी के कई बड़े नेताओं के साथ भाजपा के अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी शामिल हुए। पूर्व मंत्री सुबोध कांत सहाय, पूर्व मंत्री सीपी सिंह, भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, आरएसएस के प्रांत प्रचारक डॉ गोपाल शर्मा, सेवा भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गुरु शरण प्रसाद, विधायक नवीन जायसवाल, चुन्नू मिश्रा सहित साधु-संत बड़ी संख्या में उपस्थित थे। तपोवन मंदिर का नया मॉडल वास्तुकार आशीष सोनपुरा ने तैयार किया है। अयोध्या के राम मंदिर का डिजाइन भी आशीष ने ही तैयार किया था।



**05** महंतों और साधु समाज की उपस्थिति में अयोध्या के चंपत राय ने किया भूमि पूजन

**2028-29** तक तैयार होगी मंदिर, राम-जानकी व अन्य देवी-देवताओं की भी होगी प्रतिमा

**अयोध्या राम मंदिर के वास्तुकार आशीष सोनपुरा ने तैयार किया है डिजाइन**



प्रस्तावित मंदिर का प्रारूप

**11** हजार वर्गफीट में बनेगा मंदिर, परिक्रमा के लिए बनेगा 30 फीट का कोरिडोर

# बुरामारा-चाकुलिया सहित आठ नई रेल परियोजनाओं को मंजूरी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को आठ नई रेल लाइन परियोजनाओं को मंजूरी दी। सात राज्यों से जुड़ी इस परियोजना से कनेक्टिविटी बढ़ेगी, यात्रा आसान होगी, माल ढुलाई सस्ती होगी तथा तेल आयात और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। इसकी कुल अनुमानित लागत 24,657 करोड़ रुपये है और इन्हें 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। लाभान्वित होने वाले सात राज्यों में (ओडिशा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, झारखंड, बिहार, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल) के 14 जिलों में ये परियोजनाएं मौजूदा रेल नेटवर्क को 900 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। इन परियोजनाओं के साथ 64 नए स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा, जिससे छह (6) आकांक्षी जिलों (पूर्वी सिंहभूम, भदाद्री, कोठागुडेम, मलकानगिरी, कालाहांडी) को कनेक्टिविटी मिलेगी।

### परियोजनाएं इस प्रकार है

1. बुरामारा-चाकुलिया 59.96 किमी पूर्वी सिंहभूम, झाड़ग्राम और मयूरभंज (झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा)
2. गुनुपुर-थेरुबली (नई लाइन) 73.62 किमी रायगड़ा, ओडिशा
3. जूनागढ़-नबरंगपुर 116.21 किमी कालाहांडी और नबरंगपुर ओडिशा
4. बादामपहाड़-कंदुझारगढ़ 82.06 किमी क्योंझर और मयूरभंज ओडिशा
5. बंग्रिपोसी-गोरुमहिसानी 85.60 किमी मयूरभंज ओडिशा
6. मलकानगिरी-पांडुरंगपुरम (भद्राचलम से होते हुए) 173.61 किमी मलकानगिरि, पूर्वी गोदावरी और भद्राद्री कोठागुडेम ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना
7. जालना - जलगांव 174 किमी औरंगाबाद महाराष्ट्र
8. बिक्रमशिला कटारेह 26.23 किमी भागलपुर बिहार

## आईएस का मोस्ट वांटेड आतंकी रिजवान गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेशल सेल ने आईएसआईएस ग्रुप के आतंकी को गिरफ्तार किया है। आतंकी की पहचान रिजवान के तौर पर हुई है। वह दिल्ली के दरियागंज का रहने वाला है। इस आतंकी पर जांच एजेंसी एनआईए ने 3 लाख रुपये के इनाम के साथ मोस्ट वांटेड भी घोषित किया था। गुरुवार रात 11 बजे आतंकी रिजवान को दिल्ली के बायोडायवर्सिटी पार्क के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके पास से हथियार और तीन कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर आगे की

शेष पेज 09 पर

इंडिया

# संवादहीनता से बढ़ता भ्रष्टाचार और असंतोष



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

**सो**शल मीडिया पर लाखों फ़ॉलोवर, लाखों के वेतनमान वाली पीआर टीम के तैयार किए नारे और हर वोट बैंक जाति या धर्म के सुख दुःख में फोटो खिंचवाने और उनके साथ खाना खाने की आधुनिक राजनीति में धीरे धीरे सभी रंग रहे हैं । इस आभासी होती राजनीति में असल जनता इन स्टार नेताओं से सचमुच मिलना चाहे तो यह संभव नहीं होता । बहुत से मुखिया,विधायक,संसद,मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक अपने समर्थकों और सलाहकारों के अलावा पीए या प्रेस सलाहकारों के सुरक्षा घेरे में ऐसे घिरे होते हैं कि आम आदमी या फरियादी का उन तक पहुंचना आसान नहीं होता जिससे संवादहीनता की स्थिति बनती है तो कभी दंगे फसाद होते हैं तो कभी नेता अच्छा काम करते हार जाते हैं तो कभी भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है तो कभी बांग्लादेश जैसी स्थिति होती है । यह बात सही है कि जनप्रतिनिधियों का हर एक आदमी से मिलना संभव नहीं होता जिस कारण विश्वसनीय लोगों की नियुक्ति की जाती है जो आम जनता की समस्याओं का समाधान करते हैं पर ये तंत्र बिचौलिए की भूमिका करने लगे तो भ्रष्टाचार की कलंक कथाएं लिखीं जाती हैं जिससे अनेक माननीय न सिर्फ सत्ताच्युत हुए बल्कि लंबे समय तक जेल में रहे । झारखंड के कई वरिष्ठ नेता बहुत अच्छा काम करते हुए भी अपनी सीट तक नहीं बचा पाए जबकि कुछ सर्वसुलभ नेता शायद ही कभी हारे निर्दलीय तक जीतने का रिकॉर्ड है । झारखंड में भ्रष्टाचार रोके नहीं रुक रहा क्योंकि प्रायः सभी सरकारी कार्यालयों में छोटे कर्मचारियों से लेकर बड़े साहबों मंत्रियों से मिलना या संवाद पहुंचाना आसान नहीं जब तक कोई बिचौलिया न हो । केंद्र सरकार के कार्यालयों और बैंकों तक में नियंत्री पदाधिकारी या शिकायत करने के चैनल का विवरण अनिवार्य रूप से दर्शाया जाता है जिससे बिचौलियों को सीधा प्रश्रय नहीं मिल पाता । अधिकांश केंद्र सरकार या अनुषंगी इकाइयों के कार्यालयों में सुरक्षा तंत्र अस्तित्व में होता है जो हर आनेजाने वाले का रिकॉर्ड रखता है जबकि राज्य सरकार में यह परंपरा ध्वस्त हो गई है या कर दी गई है । कोई रिश्वत मांगे तो एसीबी को शिकायत करने की जानकारी शायद ही किसी कार्यालय में है । सबसे बड़ी समस्या सरकारी कर्मचारियों को पहचानने की है जो नियमतः पहचान पत्र नहीं प्रदर्शित करते जिस कारण बिचौलियों की बन आती है । सरकारी कार्यालयों में यदि कोई अनावश्यक परेशान कर रहा हो या काम को लटका रहा हो तो शिकायत करने के लिए उसका नाम और पदनाम जानना जरुरी होता है । अपराध नियंत्रण, अग्निशमन,अस्पताल,बिजली की दुर्घटनायें रोकने के लिए अनेक हेल्पलाइन नंबर हैं जिनकी जानकारी आम आदमी को नहीं है या उनपर फ़ोन करने पर जवाब नहीं मिलता । 112 समेकित हेल्पलाइन नंबर की जानकारी अधिकांश लोगों को नहीं है ।भ्रष्ट सरकारी तंत्र योजनाओं का विवरण सार्वजनिक नहीं करता जिससे उसमें मनमानी होती है ।सेवा का अधिकार भी प्रभावी नहीं है ।झारखंड को आगे बढ़ाने के लिए पहचान पत्र को आवश्यक करने के साथ बिचौलियों पर रोक के लिए सभी कार्यालयों में आनेजाने वालों का रिकॉर्ड रक्षा जाना चाहिए जिससे भ्रष्टाचार पर बहुत हद तक रोक लग सकती है ।



मीडिया पर लाखों फ़ॉलोवर, लाखों के वेतनमान वाली पीआर टीम के तैयार किए नारे और हर वोट बैंक जाति या धर्म के सुख दुःख में फोटो खिंचवाने और उनके साथ खाना खाने की आधुनिक राजनीति में धीरे धीरे सभी रंग रहे हैं । इस आभासी होती राजनीति में असल जनता इन स्टार नेताओं से सचमुच मिलना चाहे तो यह संभव नहीं होता । बहुत से मुखिया,विधायक,संसद,मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक अपने समर्थकों और सलाहकारों के अलावा पीए या प्रेस सलाहकारों के सुरक्षा घेरे में ऐसे घिरे होते हैं कि आम आदमी या फरियादी का उन तक पहुंचना आसान नहीं होता जिससे संवादहीनता की स्थिति बनती है तो कभी दंगे फसाद होते हैं तो कभी नेता अच्छा काम करते हार जाते हैं तो कभी भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है तो कभी बांग्लादेश जैसी स्थिति होती है । यह बात सही है कि जनप्रतिनिधियों का हर एक आदमी से मिलना संभव नहीं होता जिस कारण विश्वसनीय लोगों की नियुक्ति की जाती है जो आम जनता की समस्याओं का समाधान करते हैं पर ये तंत्र बिचौलिए की भूमिका करने लगे तो भ्रष्टाचार की कलंक कथाएं लिखीं जाती हैं जिससे अनेक माननीय न सिर्फ सत्ताच्युत हुए बल्कि लंबे समय तक जेल में रहे । झारखंड के कई वरिष्ठ नेता बहुत अच्छा काम करते हुए भी अपनी सीट तक नहीं बचा पाए जबकि कुछ सर्वसुलभ नेता शायद ही कभी हारे निर्दलीय तक जीतने का रिकॉर्ड है । झारखंड में भ्रष्टाचार रोके नहीं रुक रहा क्योंकि प्रायः सभी सरकारी कार्यालयों में छोटे कर्मचारियों से लेकर बड़े साहबों मंत्रियों से मिलना या संवाद पहुंचाना आसान नहीं जब तक कोई बिचौलिया न हो । केंद्र सरकार के कार्यालयों और बैंकों तक में नियंत्री पदाधिकारी या शिकायत करने के चैनल का विवरण अनिवार्य रूप से दर्शाया जाता है जिससे बिचौलियों को सीधा प्रश्रय नहीं मिल पाता । अधिकांश केंद्र सरकार या अनुषंगी इकाइयों के कार्यालयों में सुरक्षा तंत्र अस्तित्व में होता है जो हर आनेजाने वाले का रिकॉर्ड रखता है जबकि राज्य सरकार में यह परंपरा ध्वस्त हो गई है या कर दी गई है । कोई रिश्वत मांगे तो एसीबी को शिकायत करने की जानकारी शायद ही किसी कार्यालय में है । सबसे बड़ी समस्या सरकारी कर्मचारियों को पहचानने की है जो नियमतः पहचान पत्र नहीं प्रदर्शित करते जिस कारण बिचौलियों की बन आती है । सरकारी कार्यालयों में यदि कोई अनावश्यक परेशान कर रहा हो या काम को लटका रहा हो तो शिकायत करने के लिए उसका नाम और पदनाम जानना जरुरी होता है । अपराध नियंत्रण, अग्निशमन,अस्पताल,बिजली की दुर्घटनायें रोकने के लिए अनेक हेल्पलाइन नंबर हैं जिनकी जानकारी आम आदमी को नहीं है या उनपर फ़ोन करने पर जवाब नहीं मिलता । 112 समेकित हेल्पलाइन नंबर की जानकारी अधिकांश लोगों को नहीं है ।भ्रष्ट सरकारी तंत्र योजनाओं का विवरण सार्वजनिक नहीं करता जिससे उसमें मनमानी होती है ।सेवा का अधिकार भी प्रभावी नहीं है ।झारखंड को आगे बढ़ाने के लिए पहचान पत्र को आवश्यक करने के साथ बिचौलियों पर रोक के लिए सभी कार्यालयों में आनेजाने वालों का रिकॉर्ड रखा जाना चाहिए जिससे भ्रष्टाचार पर बहुत हद तक रोक लग सकती है ।

जो नेता या जनप्रतिनिधि वीआइपी बनता हो या उसके सलाहकार उसे आम आदमी से संवाद ना करने देते हों या जनता की शिकायतों का रिकॉर्ड ना रखा जाता हो उनका बहिष्कार भी किया जाना चाहिए ।

# नक्सली जोनल कमांडर सीताराम रजवार गिरफ्तार



**झारखंड में 10 लाख व बिहार में घोषित था 3 लाख रुपये का इनाम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिहार-झारखंड में 51 नक्सल वारदातों में वांटेड रहे माओवादी सीताराम रजवार उर्फ रमन रजवार को झारखंड के पलामू जिले की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उस पर झारखंड सरकार ने 10 लाख और बिहार सरकार ने 3 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। 65 वर्षीय सीताराम रजवार पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में झपिया पहाड़ के पास अपने दस्ते के साथ रुका हुआ था और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था। पलामू की एसपी रिष्मा रमेशन ने शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की ओर से चलाए गए ऑपरेशन के दौरान सीताराम रजवार को पकड़ा गया। माओवादी संगठन में उसका ओहदा जोनल कमांडर का है। उसके साथ 15 लाख का इनामी नितेश यादव भी था, लेकिन पुलिस टीम को देखते ही वह अंधेरे का फायदा उठाकर अपने दस्ते के साथ भागने में सफल रहा। एसपी ने बताया कि सीताराम रजवार बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के सलैया गांव का रहने वाला है। वह बिहार और झारखंड दोनों राज्यों में बड़े नक्सली कांडों में शामिल रहा है। पलामू जिले में उसके खिलाफ 28 केस दर्ज हैं। जबकि, बिहार, औरंगाबाद और गया जिलों के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में उस पर 23 एफआईआर दर्ज हैं। वह 35-40 वर्षों से माओवादी दस्ते में शामिल था।

शेष पेज 09 पर

## बालू नहीं मिलने से भवन निर्माण कार्य पूरी तरह ठप

# सीमेंट 380 रुपये से घटकर 280 रुपये हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बालू नहीं मिलने और बाजार की मंदी के चलते लोहा बाजार में भारी गिरावट है। मकान बनाने में इस्तेमाल होनेवाला सरिया अपने सात वर्ष के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। इन दिनों फैक्ट्रियों में सरिया 49,000 रुपए प्रति टन और रिटेल में 53,000 रुपए प्रति टन बिक रहा है। लोहा कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में कीमतों में और गिरावट आ सकती है। इससे पहले जुलाई 2019 में सरिया 49 हजार रुपए प्रति टन के स्तर पर पहुंचा था। उसके बाद से लोहा बाजार में तेजी आने का क्रम शुरू हुआ था।

अगर महीने भर में ही देखा जाए तो सरिया की कीमतों में 6000 रुपए प्रति टन की गिरावट आ गई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 मार्च महीने में सरिया अपने सबसे उच्चतम शिखर पर पहुंच गया था और उस दौरान इसके दाम 80 हजार रुपए प्रति टन हो गए थे। सरिया निर्माताओं की मानें तो पिछले तीन साल से झारखंड में बालू घाटों की नीलामी नहीं होने से सरिया उद्योग बंदी के कगार पर पहुंच गया है। राज्य के स्टील उद्योगों की हालत काफी खराब हो गई है।



### सरिया भी लगातार हो रहा है सस्ता

सरिया के 100 से अधिक ब्रांड हैं, लेकिन झारखंड के बाजार में 70 से अधिक ब्रांड का सरिया बिकता है। इनमें टाटा, जिंदल, सेल, मोंगिया, सलूजा, कामधेनू, सिसकॉन, जिंदल स्टील, रूंगटा, कैप्टन, आरसीआर, एलीगेंट, मैथन, लाल स्टील, श्याम स्टील, एसआरएम, आरसीआर रूंगटा, सुपर शक्ति, इलैक्ट्रो स्टील जैसे प्रमुख ब्रांड हैं। सरिया के दाम गिरने के साथ सीमेंट भी 100 रुपए बोरा सस्ता हो गया है। सीमेंट की कीमतों में जबरदस्त कमी आई है। पिछले साल अगस्त माह में 380 रुपए बिकनेवाला सीमेंट 280 तक गिर गया है और बिकवाली एकदम नहीं है। सरिया विक्रेताओं का कहना है कि सरिया लगातार सस्ता हो रहा और आगे भी सस्ता होने की उम्मीद है। अभी 280 से 300 रुपए का रेट चल रहा है। अगर ईंट की बात की जाए, तो 8000 रुपए प्रति ट्रक ईंट अभी एक हजार के नीचे चल रहा है।

एक उद्योगपति ने बताया कि उनके यहां से पिछले 15 दिन से एक ट्रक भी सरिया नहीं निकला है, जबकि सामान्य दिनों में झारखंड में 75 से 80 हजार टन सरिया रोज बिकता था। हालत इतनी खराब हो गई है कि बिजली का बिल देना मुशकिल हो गया है। प्रत्येक उद्योग को 20 लाख से लेकर दो करोड़ तक का अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ रहा है, जबकि अभी बाजार पूरी तरह से सुस्त है। उद्योग चला पाना मुश्किल हो गया है। सरकार को चाहिए कि बालू घाटों की अविलंब निलामी करे, जिससे भवन निर्माण कार्य शुरू हो सकें। सरकार राहत दिलाएं,नहीं तो स्टील उद्योग बंद होने शुरू हो जाएंगे।

## छात्र कड़ी मेहनत कर जीवन में अनुशासन लाएं : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- इक्फाई विश्वविद्यालय में नए बैच के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। ओरिएंटेशन प्रोग्राम छात्रों को एक नए छात्र के रूप में विश्वविद्यालय में शामिल होने के साथ ही परिचित कराने की एक पहल है। ओरिएंटेशन की शुरूआत रजिस्ट्रार प्रो.डॉ. जेबी पटनायक के आध्यात्मिक और प्रेरक संबोधन से हुई। उन्होंने छात्रों को सही व्यवहार और मूल्यों के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलपति प्रो. डॉ. रमन कुमार झा ने अतिथियों, अभिभावकों, छात्रों का स्वागत किया और छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्रों को एक सफल इंसान बनने के लिए कड़ी मेहनत करने और जीवन में अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शास्त्र, तंत्र, शिक्षा और कला पर ध्यान केंद्रित किया एवं कहा कि शास्त्र या शास्त्र उपलब्ध है, तंत्र या कौशल सीखना पड़ता है, शिक्षा या शिक्षा देनी होती है जबकि कला या कला एक अंतर्निहित कौशल है जिसे पहचानना होता है। मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. एसपी सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए हरित प्रौद्योगिकी और सतत विकास के महत्व को समझाया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया और शिक्षा का अर्थ और महत्व को समझाया। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के मोहम्मद मासूम हैदर ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन सहयोगी परियोजनाओं के बारे में बताया, जिन्हें छात्र सिपेट के साथ कर सकते हैं। कार्यक्रम का समापन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ.एस चौधरी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को अपने सेमेस्टर को पूरे आत्मविश्वास के साथ शुरू करने में मदद करना था। ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पूरे आत्मविश्वास के साथ अपना सेमेस्टर शुरू करने में मदद करना था।

## मिथिला मंच का महारुद्राभिषेक कल

**रांची।** झारखंड मिथिला मंच द्वारा 11 अगस्त को अशोक नगर स्थित देवालय में महा रुद्राभिषेक कराया जाएगा। यह निर्णय मिथिला मंत्र के कार्यालय में हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। इस आशिक की जानकारी देते हुए मंच के मीडिया प्रभारी संजीत झा ने बताया कि रविवार के दिन सुबह 8 बजे से महा रुद्राभिषेक किया जाएगा इस बार रुद्राभिषेक में सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष और कुछ प्रशासनिक पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया गया है। झारखंड मिथिला मंच की ओर से रांची वीडियो को सब परिवार रुद्राभिषेक में आमंत्रित किया जा रहा है। महा रुद्राभिषेक परिवार राज्य और देश की सुख समृद्धि के लिए किया जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### श्री महावीर मंडल ने चंपत राय का किया स्वागत



**रांची।** श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के नवनिर्माण के लिए प्रस्तावित प्रतिकृति का अनावरण तथा भूमि पूजन कार्यक्रम में श्री महावीर मंडल, रांची एवं श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के पदाधिकारी तथा सदस्यगण भी शामिल हुए। इस अवसर पर श्री महावीर मंडल रांची की ओर से चंपत राय, महासचिव श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या का स्वागत राम अंगवस्त्र, शॉल एवं श्री चैती दुर्गा मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, उपाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, प्रकाश चन्द्र सिन्हा, रुपेश बर्मन, श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे, किशोर साहू, संजय सिंह लल्लू, राजीव रंजन मिश्रा,मुनचुन राय आदि शामिल थे।

### रिम्स के गर्ल्स हॉस्टल से बर्तनों की हुई चोरी

**रांची।** रिम्स प्रबंधन ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एक अगस्त को गर्ल्स हॉस्टल से बर्तनों की चोरी हो गई। बताया गया कि परिसर में कुछ अज्ञात लोगों ने एक अगस्त की रात में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर गर्ल्स हॉस्टल सात और आठ के परिसर में घुसे और बर्तन ले भागे। डीन (छात्र कल्याण) ने बरियातू थाने में केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

### सैनिक बाजार दुकानदार संघ के अध्यक्ष बने धर्मेंद्र तिवारी

**रांची।** सैनिक बाजार दुकानदार संघ के तत्वाधान में दुकानदारों की की बैठक सैनिक बाजार प्रांगण में हुई। इसमें सभी दुकानदारों ने धर्मेंद्र तिवारी को सैनिक बाजार दुकानदार संघ का अध्यक्ष चुना। दूसरी ओर दिनेश ठक्कर को महामंत्री, भागवत प्रसाद को मंत्री और रिजवान उल हक (बाबू भाई ) को कोषाध्यक्ष चुना गया। 11 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन भी किया गया जिसमें कुछ महत्वपूर्ण नाम संजय सिंह, विमलेश सिंह, शकील भाई, गुड्डू जी, जमाल भाई, श्रीमती सोनी मेहता, खोखन दादा, रुपेश अग्रवाल आदि। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि मार्केट हमारा है। इसे स्वच्छ बनाने में और ग्राहकों से अच्छा व्यवहार और ग्राहकों के सुविधा का ध्यान रखें। दूसरी ओर 30 साल के लीज पर दुकानदारों को दुकान आवंटित किया गया था। 30 वर्ष पूरे हो गए पर अभी तक एग्रीमेंट रिनीवाल नहीं किया गया । केवल 800% भाड़ा बढ़ा दिया गया जो न्याय उचित नहीं है। हम सभी दुकानदार इसका विरोध करेंगे।

### नक्सल अभियान में सशस्त्र बलों की उपयोगिता की समीक्षा

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को आईजी अभियान ने विभिन्न जिलों में जैप, आईआरबी, एसआईआरबी की प्रतिनियुक्ति कंपनी व सैट बलों की उपयोगिता की समीक्षा की। बैठक में आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने राज्य के सभी जिलों में प्रतिनियुक्ति इन बलों की नक्सल अभियान में उपयोगिता, कानून व्यवस्था की ड्यूटी में भागीदारी की कंपनी वार समीक्षा की। बैठक में आईजी बोकारो माइकल राज एस, डीआईजी बोकारो सुरेंद्र झा, पलामू डीआईजी वाई एस रमेश, कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चोथे के अलावे जैप बटालियनों के कमांडेंट उपस्थित थे।

### बीएड-एमएड प्राध्यापक संघ ने सेवा शर्त नियमावली बनाकर नियमितीकरण की मांग की

**रांची।** झारखंड के सरकारी विश्वविद्यालय और अंगीभूत कॉलेजों में सत्र 2005-2006 से संचालित बीएड-एमएड कोर्स में कार्यरत प्राध्यापकों की शुक्रवार को ऑनलाइन बैठक संघ के संरक्षक डॉ तनवीर युनुस और अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमें सेवा शर्त नियमावली बनाकर अंगीभूत कॉलेजों में संचालित बीएड कोर्स और सरकारी विश्वविद्यालय में संचालित एमएड कोर्स में कार्यरत प्राध्यापकों के नियमितीकरण की मांग की गई। इसके लिए व्यापक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। डॉ तनवीर यूनुस ने कहा कि 19 वर्ष पूरे होने के बावजूद सरकार बीएड और एमएड कोर्स के शिक्षकों को सिर्फ आश्वासन ही दे रही है। डॉ मनोज कुमार ने कहा कि जनवरी में हाईकोर्ट ने झारखंड के सभी संविदा पर कार्यरत लोगों के स्थायीकरण और नियमितीकरण के संदर्भ में निर्देश दिया था।

### महिला समिति का सावन मेला आज से

**रांची।** बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति का दो दिवसीय सावन मेला शनिवार से कृष्णा नगर कॉलोनी के गुरु नानक भवन सभागार में शुरू हो रहा है। महिला समिति के अध्यक्ष रवि नागपाल ने बताया कि सावन मेले की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है और स्टॉल भी सजा दिए गए हैं। शनिवार को 12:00 बजे उद्घाटन के बाद सावन मेला आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। महिला समिति की सचिव मनीषा मिड्ढा ने बताया की मेला 12:00 से लेकर शाम 7:00 तक हम लोगों के लिए खुला रहेगा मेले में घर की जरूरत का हर सामान उपलब्ध होगा इसके लिए 36 से स्टार लगाए जा रहे हैं जिसमें कपड़े से लेकर श्रृंगार सामग्री और घरेलू उपयोग में आने वाले सामान उपलब्ध होंगे। मेले में आने वाले ग्राहकों को लकी कूपन दिए जाएंगे जिसका 12 अगस्त को शाम 7:00 बजे होगा और विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। मेला स्थल पर सावन थीम पर सेल्फी जोन भी बनाया गया है।

### सेंट्रल यूनिवर्सिटी में बांग्लादेश संकट पर व्याख्यान का आयोजन

**रांची।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग ने बांग्लादेश संकट पर भारत के नीतिगत विकल्प विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। प्रोफेसर देवाशिष नंदी, प्रोफेसर काजी नजरुल इसलाम यूनिवर्सिटी, कोलकाता, पश्चिम बंगाल ने उक्त व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. बिभूति भूषण बिस्वास, सहायक प्रोफेसर, अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग, ने प्रोफेसर देवाषिस नंदीका स्वागत किया और विषय पेश किया। डॉ. आलोक कुमार गुप्ता, डीन, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज ने अपने स्वागत भाषण में बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए एक संक्षिप्त विवरण दिया। प्रो.देवाशिष नंदी ने अपने व्याख्यान के प्रारंभ में बताया कि प्रधानमंत्री नेहरु से लेकर प्रधानमंत्री मोदी तक के कार्यकाल में बंगलादेश के प्रति हमारी नीतियों में बहुत परिवर्तन नहीं आया है।

### सावन माह की पुत्रदा एकादशी 16 को

**रांची।** हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष में एक-एक एकादशी पड़ती है। पंचांग के अनुसार सावन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को पुत्रदा एकादशी कहा जाता है।इस एकादशी को पवित्रोपना एकादशी या पवित्र एकादशी के नाम से भी जानते हैं। इस दिन श्री हरि विष्णु की विधिवत पूजा करने और व्रत रखने से हर दुख-दर्द दूर हो जाता है और भगवान शिव का आशीर्वाद भी मिलता है। इस बार दो दिन एकादशी पड़ रही है। ऐसे में असमंजस की स्थिति बनी है कि आखिर किस दिन पुत्रदा एकादशी व्रत रखें। बासुकीनाथ मंदिर के पुजारी हेमकांत गिरी कहते हैं कि दृक पंचांग के अनुसार एकादशी 16 अगस्त को पड़ रही है। नवविवाहित दंपत्ति संतान सुख की प्राप्ति के लिए पुत्रदा एकादशी का व्रत रखते हैं। मान्यता है कि इस व्रत से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैंऔर जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। एकादशी तिथि का आरंभ 15 अगस्त को सुबह 10.26 बजे होगा और 16 अगस्त को सुबह 9.39 बजे समापन होगा।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा सदैव ही आमजनों को स्वास्थ के प्रति जागरूक करने का तथा स्वास्थ संबंधी सेवा देने का प्रयास करता रहा है। शुक्रवार को राणी सती मन्दिर लेन स्थित श्री राणी सती विद्यालय में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे नेत्र विशेषज्ञ डॉ. हेमलता भारती एवं उनकी टीम (सिनर्जी ग्लोबल हॉस्पिटल एवं लाइफ केयर हॉस्पिटल) उपस्थित थी। शिविर मे 400 से अधिक बच्चों का नेत्र जांच एवं 40 शिक्षकों का नेत्र जांच, रक्तचाप एवं मधुमेह जांच निःशुल्क किया गया।




इस शिविर के संयोजक मंच के स्वास्थ प्रभारी युवा अखिल टिकमानी एवं युवा राहुल मित्तल थे।

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से रांची शाखा के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव सोनित अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष अमित चौधरी, पूर्व अध्यक्ष मनीष लोधा, दीपक गोयेनका, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल के साथ अमित जांगिड़, यश सुरेखा, विशाल महल्का, मनीष बगाडिया, संजय बगाडिया एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## एआई दुनिया पर राज कर सकता है : डॉ केके सेनापति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एमईएसआरए के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग ने ओडीआईए भाषा में एआई और इसके आयाम पर 3 दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम उड़िया भाषा के माध्यम से मशीन लर्निंग की आधुनिक तकनीकों के बारे में संकाय सदस्यों, पीएचडी विद्वानों और विभिन्न स्ट्रीम के शोध छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए एआईसीटीई-वाणी भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है। यह सेमिनार एआई और उसके अनुप्रयोग के विभिन्न आयामों पर दिया गया है। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ केके सेनापति ने बताया कि, एआई दुनिया पर राज कर सकता है लेकिन मानव का प्रतिस्थापन नहीं कर सकता। इस सेमिनार का उद्घाटन पूर्व. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के प्रोफेसर (डॉ.) रत्न के घोष, बीआईटी, एमईएसआरए के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) की उपस्थिति में सुप्रतिम बिस्वास. झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 61 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया और सेमिनार में भाग लिया और अध्यक्ष के साथ बातचीत की। आशा है कि यह कार्यशाला एआई और इसके आयाम पर कुछ प्रकाश डालेगी और मेंटर्स को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखेगी, जो बाद में इन कौशलों को अपनी मातृभाषा के साथ अपने क्षेत्रों में साझा करेंगे।

## नशा पर नियंत्रण से अपराध दर में आ सकती है कमी : अतुल गेरा

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन में आदिवासी दिवस के अवसर पर छात्रों के लिए नशा उन्मूलन पर जागरुकता शिविर का आयोजन 9 अगस्त को किया। लाइफ सेवर्स के अतुल गेरा, डीएलएसए के राजेश सिन्हा और एनसीबी के मनोहर मंजुल ने नशे के दुरुपयोग और दुष्प्रभावों पर एक सत्र का संचालन किया। इस अवसर पर अतुल गेरा ने बताया कि कि कैसे साधारण खांसी की सिरप नशे के लिए उपयोग किया जाता है। झारखंड ना केवल नशीली दवाओं का उपभोग करता है, बल्कि भारी कार्रवाई के बावजूद इनका उत्पादन भी करता है।

## चैंबर ने बिजली टैरिफ की बढ़ोतरी पर पुनर्विचार का आग्रह किया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली टैरिफ में की गई बढोत्तरी और लोड आधारित फिक्स्ड चार्ज में वृद्धि के प्रस्ताव पर चैंबर ने नाराजगी जताई है। चैंबर ने इसे अव्यवहारिक बताया है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा है कि आयोग ने फरवरी 2024 में ही वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बिजली टैरिफ की घोषणा की थी, जो एक मार्च 2024 से प्रभावी है। अब पुनः वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए टैरिफ में बढ़ोत्तरी के निर्णय से व्यापार व उद्योग जगत के अलावा आमजन चिंतित हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बिजली टैरिफ में बढ़ोत्तरी अनुचित है तथा इससे राज्यवासी प्रभावित होंगे। झारखंड राज्य नियामक आयोग के चेयरमेन और उर्जा सचिव को पत्राचार करते हुए कहा गया कि यह वास्तविकता है कि प्रत्येक वर्ष बिजली टैरिफ में बढ़ोत्तरी के बावजूद जेबीवीएनएल द्वारा उपभोक्ताओं को क्वालिटी और निर्बाध विद्युत आपूर्ति नहीं की जाती है। राज्य के सभी जिलों में पावरकट का वर्षों पुराना सिलसिला अभी भी जारी है। क्यों नहीं, बिजली टैरिफ में वृद्धि की भांति जेबीवीएनएल द्वारा क्वालिटी बिजली मुहैया कराने का प्रयास किया जाता है ? यह आग्रह किया गया कि जब तक जेबीवीएनएल अपने उपभोक्ताओं को क्वालिटी एवं क्वांटिटी बिजली आपूर्ति करने में सक्षम नहीं होता, तब तक इस टैरिफ वृद्धि के प्रस्ताव को शिथिल रखा जाए।

## डिफॉल्टर पार्टी को माल नहीं बेचने का निर्णय लिया गया

**रांची।** श्रद्धानंद पथ दुकानदार समिति की बैठक आर्य समाज मंदिर सभागार में प्रवीण लोहिया की अध्यक्षता में हुई। इसमें बकायादार व्यापारियों की सूची पर चर्चा हुई। डिफॉल्टर पार्टी को माल नहीं बेचने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि समिति द्वारा अपसी विवादों का निपटारा किया जा रहा है। इसमें सफलता मिल रही है। इससे भययुक्त व्यापार का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। समिति ने रात्रि सुरक्षा बढ़ाए जाने के लिए सुभाष चौक से महावीर चौक तक नाईट गार्ड गश्ती कराने का निर्णय लिया।बैठक में प्रवीण लोहिया, रवि शर्मा, अमित किशोर, मनीष कुमार, आशीष राजगढ़िया, प्रदीप कुमार, पंकज कुमार, जमील अहमद, महेश चौधरी, चंदन कुमार मित्रा, प्रियांशु कुमार, अजय कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, अशोक अग्रवाल, अभिषेक कुमार भी मौजूद थे।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय में नेचुरोपैथी पर कार्यशाला शुरू

# योग और नेचुरोपैथी भारतीय संस्कृति की धरोहर : प्रो विजय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में योगिक साइंस एवं नेचुरोपैथी विभाग द्वारा दो दिवसीय नेचुरोपैथी कार्यशाला की शुरूआत शुक्रवार से हुई। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, संकायाध्यक्ष प्रो डॉ नीलिमा पाठक, सह संकायाअध्यक्ष डॉ राधा माधव झा, कार्यक्रम समन्वयक आशुतोष द्विवेदी, प्रधानाचार्य, डॉ. सुभानी बाड़ा की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. विजय कुमार सिंह ने योग एवं नेचुरोपैथी को भारतीय संस्कृति का धरोहर बताया। उन्होंने इन दोनों का हमारे जीवन में उपस्थिति को ईश्वरीय वरदान कहा।



डीन डॉ नीलिमा पाठक ने नेचुरोपैथी के महत्व को बताते हुए कहा कि यह हमारी आधुनिक चिकित्सा पद्धति है एवं यह स्व से स्वयं की चिकित्सा करती है। यदि आपका शरीर स्वस्थ है तो धर्म के सभी साधन और जीवन में आप स्वयं सफल होते चले जाएंगे। कार्यक्रम में विभिन्न पैक और शिरोधारा आदि में लोगों को सहयोग करने के लिए अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, पंकज केसरी, अंजना कुमारी सिंह, गीता दास, रूपा कुमारी, संतोष कुमार, शिव कुमार, अभिजीत कुमार एवं अन्यान्य ने सहयोग किया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के शिक्षकों के अलावा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने नेचुरोपैथी चिकित्सा पद्धति का लाभ उठाया। इस अवसर पर फेस पैक, आंखों की मिट्टी पट्टी, शिरोधारा, कटी बस्ती और जानू बस्ती का लाभ दिया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना मौर्य और धन्यवाद आशुतोष त्रिवेदी जी ने किया। कार्यशाला के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बिजय कुमार दलान, डॉ प्रदीप वर्मा और डीजी प्रो गोपाल पाठक ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सीसीएल में वेटब्रिज जागरूकता सप्ताह व व्यापक निरीक्षण अभियान का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया के मार्गदर्शन में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सतर्कता विभाग ने सभी कमांड क्षेत्रों में वेटब्रिज जागरूकता सप्ताह नामक एक व्यापक निरीक्षण अभियान शुरू किया।

8 अगस्त से 14 अगस्त, 2024 तक चलने वाली इस पहल का उद्देश्य सड़क के तौल पुलों के उचित संचालन और रखरखाव के बारे में अधिकारियों, कर्मचारियों और हितधारकों को जागरूक करना है। पूरे सप्ताह के दौरान, परिचालन मानकों और रखरखाव प्रोटोकॉल के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सीसीएल के कमांड क्षेत्रों में 171 तौल पुलों का निरीक्षण किया जाएगा।

जागरूकता अभियान में तौल पुलों के संचालन और रखरखाव के सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा, जिसका उद्देश्य निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के लिए अपनाई जाने वाली प्रथाओं के बारे में ज्ञान पैदा करना है।

गौरतलब है कि कोयला कंपनियों में वे ब्रिज एक महत्वपूर्ण उपकरण है जिसका उपयोग कोयला ले जाने वाले लोडेड और खाली वाहनों के वजन को मापने के लिए किया जाता है। यह प्रणाली परिवहन किए गए कोयले का सटीक माप सुनिश्चित करने में मदद करती है और परिवहन नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सकता है और इन्वेंट्री को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सकता है।




वे ब्रिज कोयला कंपनियों की परिचालन दक्षता के लिए अभिन्न अंग हैं, यह सुनिश्चित करता हैं कि सभी कोयला का लेनदेन सही तरीके से दर्ज की जाएं और गलत माप के कारण संभावित वित्तीय नुकसान को रोका जाएँ।

इस तरह सीसीएल न केवल देश की ऊर्जा जरूरतों को सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि कोयले के उचित संचालन, परिचालन मानक और रखरखाव प्रोटोकॉल के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए सतत विकास को बढ़ावा दे रहा हैं।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस 14 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश के विभाजन का दर्द सबसे ज्यादा पंजाबियों ने झेला है। इसलिए पंजाबियों की शीर्ष संस्था राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ ने प्रत्येक वर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का निर्णय लिया है. यहजानकारी देते हुए महासंघ, झारखंड के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण चावला ने बताया कि पंजाबी इस दर्द को पीढ़ियों तक नहीं भूला सकते हैं. क्योंकि विभाजन की नफरत और हिंसा के कारण लाखों परिवारों को विस्थापित होना पड़ा. हजारों बहनों,भाइयों,बच्चों सहित बुजुर्गों को अपनी जान गंवानी पड़ी. विभाजन की इस अविस्मरणीय विभीषिका की वजह से पंजाबी अपने ही देश में शरणार्थी बनकर सिर पर छत और दो वक्त की रोजी-रोटी के लिए यहां-वहां भटकते



रहे. पर कठिन मेहनत, ईमानदारी, व्यवहार कुशलता से पूरी दुनिया में नौकरी, उद्योग-व्यापार और सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं.

पंजाबी परिवारजनों के कठिनतम संघर्ष और बलिदान की याद में 14 अगस्त को बलिदान दिवस के रुप में मनाया जायेगा. महासंघ के अध्यक्ष नरेश सेठ ने देश भर के तमाम पंजाबी संस्थाओं से शांतिपूर्वक यह दिन मनाते हुए शाम को सात बजे एक मोमबत्ती/दिया जलाकर आदरांजलि देने की अपील की है।

# जे नाची से बाची पुरानी बात अब जे हूल करी से बाची : आशा लकड़ा

*विश्व आदिवासी दिवस पर रांची नगर निगम की पूर्व महापौर व अनुसूचित जनजातीय आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने खुल कर अपनी बातें रखीं। 'राष्ट्रीय नवीन मेल' संवाददाता रजनीश ने उनसे झारखंड में आदिवासियों की दशा और दिशा पर कई सवाल पूछे। इन सवालों का आशा लकड़ा ने बेबाकी से जवाब दिया।*



**प्रश्न : झारखंड बने 24 साल हो गए, आज आप झारखंड को कहां देखते है?**

**आशा लकड़ा :** झारखंड अलग होने के बाद आदिवासी समाज का जैसा विकास होना चाहिए था, आज भी नहीं हुआ। उनकी विकास की गति थम गई है। चाहे पीएम आवास योजना हो, शौचालय हो, ऐसी कई तरह की योजनाएं हैं, जो 2021-22 के बाद पूरे झारखंड में गायब हो गया है। लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है। केवल राशन ही घर-घर तक अभी पहुंच रहा है। कल्याण विभाग के छात्रावास के सभी छात्रावास आज कमियों से जूझ रहे हैं। छात्रावास में एक बेड में दो-दो छात्राएं सो रही हैं। अनुसूचित जनजातीय आयोग के सदस्य बनने के बाद मैंने झारखंड के सभी जिलों का भ्रमण किया। सारे जिले समस्याओं से जूझ रहे हैं। प्राथमिक शिक्षा और जनजातीय क्षेत्रीय भाषा में शिक्षकों की भारी कमी है। शिक्षकों की बहाली नहीं हो रही है तो आप कैसे बच्चों को प्राइमरी एजुकेशन में जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा पढ़ाएंगे? बच्चे अलग भाषा के शिक्षक दूसरी भाषा के ऐसे में कम्यूनिकेशन कैसे होगा?

हम जिस सिद्दो-कान्हू, चंद-भैरव और फूलो-झानो की बात करते हैं। ये लोग जहां अपनी प्राणों की आहुति दी है वह है भोगनाडीह। भोगनाडीह में 30 गांव हैं जिसमें से 20 आदिवासी जनजातीय गांव हैं। आज वहां पर जाकर देखिए की स्थिति क्या है केवल बड़ी-बड़ी बातें बोलने से नहीं होगा धरातल पर काम तभी दिखेगा जब धरातल पर काम होगा।

**प्रश्न : उच्च शिक्षा में जनजातीय भाषा की क्या स्थिति है?**

**आशा लकड़ा :** नीचे से लेकर ऊपर तक एजुकेशन का हाल बुरा है। जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा की शिक्षकों की कमी है। आज कई सारे काम हैं जो पूरी तरह से रुके हुए हैं। आज आप देखिए ना आदिवासी लोग कहां बड़े बिजनेसमैन हैं। आदिवासी लोग कहां स्टार्ट अप कर रहे हैं। उन्हें सरकार की ओर से लाभ जो मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है। वह कई सारी चीजों से वंचित हैं। आज मानकी मुंडा पड़ा राजा मांझी ऐसी कई सारे चीजें हैं जो सिमट कर रहे गए हैं उन्हें कोई लाभ नहीं मिल रहा है।

**प्रश्नः आदिवासियों की परंपरा से जुड़ी जमीन आज सुरक्षित है क्या?**

**आशा लकड़ा :** राज्य भर में सीएनटी एसपीटी एक्ट है। उनकी जमीन अखड़ा गोचर मसना को बचाने के लिए। आज आप देखिए उनकी भूमि ही नहीं बच रही है, मसना में सड़क बना दी जा रही है। आदिवासी सभ्यता संस्कृति से जुड़े हुए जितनी जमीन के टुकड़े हैं, उनमें थाना बना दिया जा रहा है, रोड बना दिया जा रहा है। मतलब किसी भी तरह से उसे कब्जा किया जा रहा। आज आदिवासी की मासना, हडगड़ी गोचर ही नहीं बचेगा तो उनकी सभ्यता संस्कृति को हम आगे कैसे बढ़ाएंगे।

**प्रश्न : बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले पर आप क्या कहेंगी?**

**आशा लकड़ा :** इसे एक शब्द में कहेंगे कि डेमोग्राफी चेंज हो रही है। संथाल परगना में जाएं तो देखेंगे कि किस प्रकार से पूरी तरह से वहां डेमोग्राफी चेंज हो रही है। साहिबगंज, पाकुड़ में आदिवासी लड़कियों से बांग्लादेशी घुसपैठी शादी कर रहे हैं। उनकी जमीन को हथिया रहे हैं। वह जनप्रतिनिधि भी बना रहे हैं। यह एक चिंता का विषय है। रांची के मांडर, लोहरदगा, गुमला में किस प्रकार से डेमोग्राफी चेंज हो रही है। बांग्लादेशी घुसपैठिए आ रहे हैं और आदिवासी बेटियों से शादी कर रहे हैं। झारखंड के बेटी,रोटी और माटी खतरे में है।

ऐसी ही शुरूआत बंगाल में हुआ था। आज आधा बंगाल खत्म हो चुका है। इन सब को बचाने के लिए फिर से उलगुलान करना होगा। हुल करना होगा तब जाकर के आदिवासी सभ्यता संस्कृति बचेगी। एक कहावत है कि जे नाची से बाची, लेकिन अब जे हुल करी से बांची।

## एक नजर

**शेखर कुशवाहा समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट आज**

**रांची।** रांची जमीन घोटाले में चेशायर होम रोड की 4.83 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़े में शेखर कुशवाहा समेत अन्य आरोपियों पर ईडी शनिवार को पीएमएलए कोर्ट में चार्जशीट दायर करेगी। जमीन कारोबारी शेखर के साथ चेशायर होम रोड स्थित जमीन की डील में प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह समेत अन्य लोग शामिल थे। जांच के क्रम में कोलकाता से फर्जी कागजात बनाकर जमीन हड़पने के मामले में शेखर कुशवाहा ने कई अन्य लोगों के नाम भी बताए थे, जो जमीन की डील से जुड़े हैं। ईडी जमीन घोटाले में तकरीबन आधा दर्जन लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर करेगी। ईडी के पास रांची जमीन घोटाले में गिरफ्तार शेखर कुशवाहा, प्रिय रंजन सहाय, विपिन सिंह, अफसर खान, सद्दाम हुसैन समेत अन्य आरोपियों की संपत्ति व उनके निवेश की जानकारी भी है।

**चेक बाउंस मामले में दुर्गा डेवलपर्स के निदेशक पति-पत्नी के साथ दो बेटों को सजा**

**रांची।** चेक बाउंस से जुड़े 13 साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर रहा रियल एस्टेट कारोबारी मेसर्स दुर्गा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दुर्गा झा, उनके पति अनिल कुमार झा, दो बेटों निलोय कुमार झा एवं सुनील कुमार झा को न्यायिक दंडाधिकारी अमित गुप्ता की अदालत ने दोषी करार कर एक साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने चारों सजायाफ्ता निदेशकों को संयुक्त रूप से एक करोड़ 70 लाख 52 हजार रुपए की मुआवजा राशि का भुगतान एक महीने के अंदर करने का निर्देश दिया है। चारों अभियुक्त कडरू डायवर्सन रोड स्थित शिवम प्लाजा निवासी हैं। इनलोगों के खिलाफ 85.26 लाख रुपए के चेक बाउंस के आरोप में 28 जनवरी 2011 को कोर्ट केस (शिकायतवाद संख्या 170/2011)दर्ज किया गया था।

# मुख्यमंत्री राज्य में पेसा कानून जल्द लागू कराएं : राज्यपाल





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि आदिवासी समुदाय की संस्कृति पर हम सभी को गर्व होना चाहिए और उसे संरक्षित रखने का संकल्प लेना चाहिए। जनजातीय समुदाय के पारंपरिक शासन व्यवस्था को झारखंड में लागू किया जाना आवश्यक है। देश में झारखंड एक मात्र ऐसा राज्य है, जहां अनुसूचित क्षेत्रों तक पंचायत विस्तार (पेसा) कानून लागू नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पेसा कानून को जल्द लागू कराने का आग्रह किया। राज्यपाल शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस पर राजधानी रांची के बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में आयोजित महोत्सव में बोल रहे थे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा केवल झारखंड के ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने अपने अल्पायु में ही इतिहास रच दिया और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

### आदिवासी समुदाय का रहा है गौरवशाली इतिहास

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड की धरती वीरों की भूमि रही है। यहां की माटी में जन्मे बीर बुधु भगत, सिद्धो-कान्हु, चांद-भैरव, फूलो-झानो और जतरा उरांव जैसे महान सपूतों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। हमारे जनजातीय समुदाय का इतिहास गौरवशाली रहा है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका अद्वितीय रही है। जनजातियों द्वारा संरक्षित कला, संस्कृति, लोक साहित्य और रीति-रिवाज न केवल हमारे देश, बल्कि विश्वभर में ख्यातिप्राप्त हैं। उनका पर्यावरणीय ज्ञान और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का दृष्टिकोण हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

### झारखंड में रहती हैं 32 जनजातियां

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड की सवा तीन करोड़ से अधिक की जनसंख्या में करीब 27 फीसदी आदिवासी समुदाय हैं। 32 अनुसूचित जनजातियां यहां रहती हैं। यह समाज हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं, जिन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान और संस्कृति के माध्यम से हमारे देश की विविधता को और भी समृद्ध किया है। आज भी हमारे आदिवासी समुदाय को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर हमें और अधिक काम करने की आवश्यकता है।

### उच्च शिक्षा हासिल कर बनें प्रेरणास्रोत

राज्यपाल ने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि हमारे आदिवासी समुदाय के कई लोगों ने विषम परिस्थितियों में भी शिक्षा ग्रहण की है। हमारे देश की राष्ट्रपति और झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने भी विषम परिस्थितियों में उच्च शिक्षा प्राप्त की और वे अपने गांव की पहली महिला बनीं जिन्होंने कॉलेज में प्रवेश लिया। वे सभी के लिए प्रेरणा हैं। आज हमारे पास पहले से बेहतर शिक्षा का माहौल है। इसलिए अधिक से अधिक लोग उच्च शिक्षा प्राप्त करें और समाज में अपने कार्यों से प्रेरणास्रोत बनकर उभरें।

## टूरिज्म के स्टॉल पर पूरे झारखंड का हो रहा है दर्शन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा स्मृति पार्क में झारखंड आदिवासी महोत्सव 2024 में एक स्टॉल झारखंड टूरिज्म का लगा था इस स्टॉल में झारखंड टूरिज्म के हर चीज को बहुत ही अच्छे तरीके से दर्शाया जा रहा था वही स्लॉट में बीआर डिवाइस के जरीए 3डी वीडियों दिखाया जा रहा था। वीडियों देखने से एसा लग रहा था कि जैसे उसी स्थान पर खड़े है। खूद को उसी स्थान पर अपने आप को पा रहे थें। स्टॉल में कार्यरत अशोक कुमार ने बताया कि झारखंड टूरिज्म पर लगभग 60 वीडियो बनाए गए हैं। इस वीडियो में यह दिखाया जाता है कि आप जिस स्थान पर जाना चाहते हैं। वह स्थान कैसा है। यह पहले से पता हो जाएगा। झारखंड पर्यटन और टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए ऐसा किया जा है। सभी वीडियो के जरिए लोगों को बताया जा रहा है कि कैसे आप कहीं घूमने जा रहे हैं तो क्या-क्या देखेंगे और आपके वहां क्या कुछ मिलने वाला है।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से वंचित होंगी लाखों महिलाएं : लंबोदर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ .लंबोदर महतो ने कहा कि राशन कार्ड तथा उसमें नाम नहीं होने से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने से लाखों महिला वंचित हो जाएगी। उन्होंने कहा वर्ष 2016 से लेकर अब तक लाखों महिलाओं ने राशन कार्ड (लाल, हरा, पीला) के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है, मगर अब तक उनके आवेदन लंबित हैं। यह आवेदन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी व राज्य स्तर पर लंबित है। उन्होंने कहा कि बोकारो जिले में करीब एक लाख राशन कार्ड का आवेदन लंबित है। राज्य के अन्य जिलों की भी यही स्थिति है। राज्य सरकार को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करना चाहिए। ऐसा होने पर ही लाखों महिला योजना का लाभ ले सकेंगी। उन्होंने कहा कि इस योजना में राशन कार्ड में नाम होना अनिवार्य शर्त है। इस कारण अब तक लाखों महिला इस योजना से वंचित हो जाएगी और जो सरकार का उद्देश्य है वह पूरा नहीं हो पाएगा। इसको देखते हुए लंबित आवेदनों की तुरंत स्वीकृति हो ताकि योजना के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर महिलाएं भी आवेदन जमा कर सके। इस योजना का लाभ 21 से 49 वर्ष की महिलाओं को प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर हमने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है। उनसे इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड के आवेदन लंबित होने की वजह से लोगों का आयुष्मान कार्ड भी नहीं बन पा रहा है।



*गोमिया विधायक ने सीएम का विभिन्न स्तरों पर लंबित राशन कार्ड के लाखों आवेदनों पर कराया ध्यान आकृष्ट*

# राष्ट्रीयता के भाव का जागरण है हर घर तिरंगा कार्यक्रम : गुरु प्रकाश

- *तीन प्रकार के होंगे कार्यक्रम*
- *हजारों युवा होंगे शामिल*
- *नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित चौथा कार्यक्रम*




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह कार्यक्रम अब हर भारत वासी का कार्यक्रम बन चुका है। यह राष्ट्रीय भाव को जागृत करने का कार्यक्रम है। उक्त बातें भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के क्षेत्रीय प्रभारी डॉ गुरु प्रकाश पासवान ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहीं।

उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तीन प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसके लिए प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक की टोली का गठन किया गया है। प्रदेश टीम के संयोजक प्रदेश महामंत्री तथा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा है जबकि विनय जायसवाल, शशांक राज, रघुराज पांडे, बबन गुप्ता और लक्ष्मी कुमारी को सह संयोजक बनाया गया है।

डॉ पासवान ने कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि युवा मोर्चा के नेतृत्व में 11,12 और 13 अगस्त को विधानसभा स्तर पर तिरंगा यात्रा आयोजित की जायेगी, जिसमें हजारों युवा तिरंगा ध्वज के साथ शामिल होंगे। आजादी की वर्षगांठ के अवसर पर पार्टी कार्यकताओं की ओर से राज्य भर में स्थित युद्ध स्मारक एवम शहीदों की प्रतिमाओं की सफाई करते हुए प्रतिमाओं पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की जायेगी।यह कार्यक्रम 12, 13 और 14 अगस्त को आयोजित होगा। श्री पासवान ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा। देश की वर्तमान पीढ़ी को जानना यह आवश्यक है कि भारत के विभाजन के कारण कैसे 20 लाख लोगों की हत्याएं हुई और 2करोड़ से ज्यादा लोगों को अपना घर बार छोड़कर रिफ्यूजी बनने को विवश होना पड़ा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित चौथा कार्यक्रम है जिसमें भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव तथा घर-घर तक हर घर तिरंगा लगाने को प्रेरित करेंगे। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, अविनेश कुमार सिंह, बबन गुप्ता और विनय जायसवाल भी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण व स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दो दिवसीय झारखंड राज्य स्तरीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि खेल निदेशक झारखंड प्रशासनिक सेवा के संदीप कुमार, विशिष्ट अतिथि झारखंड के आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, संयुक्त निदेशक, साझा के राज किशोर खाखा, विभागीय खेल उपनिदेशक मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन किया। इस अवसर पर संदीप कुमार जिला खेल पदाधिकारी, पश्चिमी सिंहभूम रूपा रानी तिर्की, जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा उपवन बाड़ा, जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ मारकस हेमरोम, जिला खेल पदाधिकारी धनबाद उमेश लोहरा एवं जिला खेल पदाधिकारी, रांची के शिवेंद्र कुमार को प्रतीक चिह्न एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गुलेल, पारम्परिक तीरंदाजी, सिखौर, गेड़ी दौड़, फुटबॉल, हॉकी की प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता को सफल संचालन में विभागीय प्रशिक्षक भरत कुमार शाह, गोपाल तिर्की, सुनील महली, अनमोल टोप्पो,काली चरण महतो, अंगद हंसराज,राजू साहू, हरीश कुमार, प्रेम पूर्ति, अख्तर हुसैन, बलराम,मोहन कुमार,जोलेन केरकेट्टा, संदीप उरांव, रेमंड मिंज, सुदीप कुजूर एवं कई गणमान्य प्रशिक्षक ने अहम भूमिका निभाई।

## न्यूज बॉक्स




*झारखंडी भाषा में लिखी गई पुस्तकों का लोकार्पण करते अतिथिगण।*



*आदिवासी संस्कृति और पहचान को समेटे 32 जनजातियों ने निकाली 'रीझ-रंग शोभा यात्रा'*



*झारखंड आदिवासी महोत्सव में विशिष्ट अतिथि गुरूजी का स्वागत पारंपरिक रीति रिवाज लोटा पानी से किया।*



*लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन।*

### प्रदर्शनी में लगे ट्राइबल स्टॉल



**रांची।** झारखंड आदिवासी महोत्सव का भव्य आगाज हो चुका है। बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान में लगे प्रदर्शनी हॉल में अलग-अलग राज्यों से विभिन्न प्रकार के ट्राइबल स्टॉल लगाए गए हैं। इन्ही स्टॉलों में एक स्टॉल 'चाला अखरा' जो लोगों को काफी आकर्षित कर रहा है। इस स्टॉल में संथाल ट्राइब का वाद्ययंत्र बानाम मुख्य आकर्षण का केंद्र है। इसके अलावा इस स्टॉल में मंदार और नगाड़ा भी उपलब्ध है।

### दिव्यांग बच्चों ने दी प्रस्तुति



**रांची।** झारखंड आदिवासी महोत्सव 2024 में रांची के परिवर्तन संस्था के दिव्यांग बच्चों द्वारा ट्राईबल कल्चर इन फ्रेगमैन स्टाइलिश इन परिधान दर्शन की प्रस्तुति की गई। प्रस्तुति के माध्यम से दिव्यांग बच्चे समकालीन फैशन के साथ पारंपरिक आदिवासी सौंदर्यशास्त्र के सहज एकीकरण को उजागर करते हुए विविध प्रकार के शरीर, क्षमताओं और पृष्ठभूमि की सुंदरता को प्रदर्शित किया है।

### विश्व आदिवासी दिवस पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दी शुभकामनाएं



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विश्व आदिवासी दिवस पर अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति के उपासक और संस्कृति के संरक्षक हैं। आदिवासी समाज जो सदियों से अपनी अनूठी जीवन शैली, अपनी संस्कृति परंपराओं और ज्ञान के साथ मानव को समृद्ध करते आए हैं। संघर्ष, शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है। आदिवासियों का आदर्श पूर्ण जीवन निःस्वार्थ भाव से प्राकृतिक और मानव समाज के लिए किया गया। उनका कार्य हम सब के लिए अनुकरणीय है। भगवान राम के काल की बात हो या भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम। हर कदम पर आदिवासी समाज ने त्याग, संघर्ष, वीरता और बलिदान की अद्भुत मिसाल पेश किया है। आपकी जीवनशैली अनुकरणीय है। विश्व आदिवासी दिवस पर आप सबको ढेर सारी शुभकामनाएँ।

### भू-माफिया कमलेश सिंह से ईडी की पूछताछ 13 तक रहेगी जारी



**रांची।** रांची जमीन घोटाले में जेल में बंद भू-माफिया कमलेश कुमार सिंह उर्फ कमलेश शर्मा से ईडी की पूछताछ आगे जारी रहेगी। ईडी ने शुक्रवार को 5 दिनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद आरोपी कमलेश सिंह को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया। साथ ही चार और दिन की ईडी रिमांड का आवेदन दिया गया। सुनवाई पश्चात कोर्ट ने और चार दिन पूछताछ जारी रखने की अनुमति प्रदान की। ईडी अब तक 10 दिनों तक पूछताछ कर चुकी है। ईडी की ओर से कहा गया कि बहुत बड़ा घोटाला, फजीवाड़ा है। इससे जुड़े कई लोगों को पूछताछ के लिए समन जारी किया गया है। उन सभी से पूछताछ की जानी है। यह पूछताछ कमलेश के सामने ही की जाएगी। उसको देखते हुए रिमांड अवधि बढ़ाई जाए। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद 13 अगस्त को अदालत में पेश किया जाएगा। ईडी ने कमलेश को 31 जुलाई को जेल से अपने साथ ले गई है। पूछताछ की अवधि पूरी होने के बाद 9 जुलाई को कमलेश को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा। ईडी ने 26 जुलाई को उसे पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किया था।

### मुकदमा का मुंहतोड जवाब दूंगा : सरयू



**रांची।** सूचना मिली है कि सिंगापुर की मैनहर्ट कंपनी ने मेरे खिलाफ 100 करोड़ के मानहानि का दावा करते हुए रांची सिविल कोर्ट में केस दर्ज कराया है। मैं इस मुकदमा का मुंहतोड जवाब दूंगा। कंपनी ने मुझे एक मौका दिया है कि झारखंड में राज्यहित और जनहित के विरूद्ध काम करने वालों के चेहरे से नकाब हटा सकूं। अयोग्य रहने के बावजूद मैनहर्ट का चयन रांची शहर का सिवरेज- ड्रेनेज निर्माण का परामर्शी तत्कालीन नगर विकास मंत्री ने 2005-06 में किया। इसका पूरा विवरण मेरी पुस्तक लम्हों की खता में मौजूद है।

### टाउन हॉल रामगढ़ में विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन

# 13 लोगों को व्यक्तिगत एवं 6 समुदायों को सामुदायिक वन पट्टे प्रदान किए गये

**नवीन मेल संवाददाता**




समारोह के दौरान उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन आदिवासी समूह के लोगों के लिए खास दिन है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि विश्व के सभी आदिवासी एक हैं, इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से हम आदिवासी संस्कृति, रहन-सहन, जीवन शैली, जीवन पद्धति और प्रकृति से जुड़ते है।

**रामगढ़।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को छत्तरमाण्डू स्थित टाउन हॉल भवन में जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार सहित अन्य अतिथियों को पौधा व अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। जिसके उपरांत उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर विधिवत रूप से समारोह का शुभारंभ किया गया।

जिला स्तरीय विश्व आदिवासी समारोह के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी के पूर्वज किसी न किसी समय में आदिवासी समूह का हिस्सा रहे हैं। मौके पर उपायुक्त ने झारखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे आदिवासी समूह एवं उनके गौरवशाली इतिहास एवं परंपराओं के प्रति सभी को जानकारी देते हुए आदिवासी समाज के प्रकृति के प्रति लगाव पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया। समारोह के दौरान उपायुक्त ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों के प्रति जानकारी देने के क्रम में वर्तमान में आदिवासी समूह के लोगों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी वहीं उन्होंने आदिवासी समूह के हकों की रक्षा के उद्देश्य से लागू विभिन्न कानूनों, नियमों, एफआरए, वन अधिकार पट्टा आदि की जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा आदिवासी समूह के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है । लेकिन प्रत्येक योग्य व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे इसमें हम सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। मौके पर उपायुक्त ने जागरूकता के अभाव पर विशेष प्रकाश डालते हुए उपस्थित आदिवासी समूह के सभी लोगों एवं जिले के अन्य क्षेत्रों में रह रहे लोगों से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लाभुक तक सरकार की योजना का लाभ पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे सभी आदिवासी भाई बहन को जागरूक करने की आवश्यकता है।



## विश्व आदिवासी दिवस समारोह का एसपी ने किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला में विश्व आदिवासी दिवस समारोह काफी धूमधाम से मनाया गया। सरकारी एवं गैर सरकारी स्तर से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जिला में धूम रही. जिला टाउन हॉल में विश्व आदिवासी दिवस समारोह के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. जिसका उद्घाटन एससी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने किया. एसपी अजय कुमार ने समुदाय के लोगों से शिक्षा के महत्व को समझने और आदिवासी महापुरुषों से प्रेरणा लेने की अपील की. साथ ही समाज के जो बच्चे प्रतिभावान हैं, उनकी प्रतिभा को बढ़ाने में हर प्रकार का सहयोग देने की बात कही है. कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने जल, जंगल, जमीन की सुरक्षा, आदिवासियों के उत्थान और आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार सहित विभिन्न बिंदुओं पर अपने विचार रखें. साथ ही आदिवासी समाज से मंचासीन अतिथियों ने शिक्षा की ओर उन्मुख होने के लिए प्रेरित किया. साथ ही जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प लिया।

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह का कटकमसांडी दौरा

## ग्रामीणों से की बात, लिया विभिन्न पंचायतों का जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उत्तरी पेलावल, कंचनपुर, लुपुंग, डांड, बरगड्डा और कंडसार पंचायतों में स्थानीय समस्याओं पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की। दौरे में उनके साथ कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष नागरसिंह प्रजापति, लुपुंग पंचायत के मुखिया दिलीप पासवान, संजय सिंह, सुजीत सिंह, दिनेश यादव, सुरेन्द्र यादव, महेश प्रसाद, अनिल कुमार, बसंत पांडे, और बरगड्डा पंचायत अध्यक्ष मनोज माली भी उपस्थित रहे। मुन्ना सिंह ने पंचायतों में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से आमजन के हितों की लड़ाई लड़ती आई है और इस दौर में भी हम किसी भी अन्याय के खिलाफ खड़े रहेंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और कई समस्याओं का त्वरित समाधान करने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने मुन्ना सिंह के सामने ग्रामीणों की समस्याएं रखीं, जिनमें सड़क, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी प्रमुख थीं। मुन्ना सिंह ने इन मुद्दों को सरकार के समक्ष जोरदार तरीके से उठाने और इनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता जताई। कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह के इस दौरे को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा। उन्होंने मुन्ना सिंह के प्रयासों की सराहना की और उन्हें हर संभव समर्थन देने का वादा किया।

## गैड़ा-तुर्कबाद की सड़क जर्जर, धान रोपाई कर लोगों ने जताया विरोध

**बरकट्ठा।** गैड़ा-तुर्कबाद की पीडब्ल्यूडी सड़क इन दिनो अति जर्जर हो गई है। सड़क जर्जर होने के कारण लोगो को पैदल भी चलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क को बीते दस वर्ष पूर्व बनाया गया था। जिसके बाद सड़क की मरम्मती नहीं हो पाई है। इससे सड़क में बड़े बड़े गढ्ढे बन गए हैं। गढ्ढों के कारण सड़क में अधिक जल जमाव हो जाता है। साथ ही राहगीरों व विद्यार्थियों को कीचड़ से गुजरना पड़ता हैं।

## प्रवासी मजदूर की मुंबई में रेल हादसे में हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



▸ किशोरी राणा के प्रयास से लाया गया शव

**हजारीबाग।** गढ़वा जिला के ग्राम चिरका निवासी अजय नारायण सिंह(42) का मुंबई के कल्याण मे रेल हादसे मे मृत्यु हो गईं, इससे ग्राम चिरका मे शोक कि लहर है। पूरा परिवार का रो रो कर बुरा हाल है परिवार के अकेला सदस्य थे जो अपने बृद्ध मां, पत्नी तथा दो छोटे बच्चों तथा का पालन पोषण कर रहे थे । हादसे के तुरंत बाद मौके पर नव झारखण्ड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा अपने ऊर्जावान साथी खेमलाल महतो आदि के सदस्यों के साथ उनके शव को एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट से उनके निवास स्थान भेजा गया। श्री राणा ने झारखण्ड श्रम एव नियोजन मंत्रालय मे बात कर उचित मुआवजा कि मांग कि।

# न्यूज बॉक्स

### जेवर उड़ाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**कोडरमा।** जिले के सतगावां में जालसाजी कर जेवर उड़ाने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजा गया। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मरचोई निवासी पंकज सिंह ने तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध सतगावां थाना में जेवर एवं पैसा की ठगी करने वाले आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। मामले को लेकर 24 घंटे के अंदर प्राथमिक अभियुक्त मोहम्मद शमशाद (31) व मोहम्मद चुन्नू आलम (44) दोनों साकिन तकियापर थाना बुंदेलखंड नवादा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक रौशन कुमार पासवान, आरक्षी अशोक कुमार, आरक्षी पवन कुमार, चालक मोहम्मद शहवाज के अलावा अन्य लोग शामिल थे। ठग आरोपी तांत्रिक के वेश में फाइलेरिया बीमारी ठीक करने का झांसा देकर ज्वेलरी की ठगी करने वाले चोर मामा-भांजे को सतगावां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। स्वर्ण व्यवसायी विक्की कुमार पर ठगी के करीब 15 लाख रुपये के सोने के जेवरात खरीदने का आरोप है। ठग नवादा शहर के आजाद नगर तकिया पर मोहल्ले में एक किराए के मकान में रह कर तांत्रिक का रूप धारण कर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहा था।

### समाज सेवा और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए युवा कांग्रेस है समर्पित : मनोहर



**बरही।** स्थापना दिवस के अवसर पर बरही विस यूथ कांग्रेस ने शपथ ग्रहण सह वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अगुवाई बरही विस युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मनोहर यादव ने किया। श्री यादव ने बताया कि बीते दिन संपन्न हुए बैठक में यूथ कांग्रेस ने नए सदस्यो को बनाने और कार्यसमिति को मजबूत करने का निर्णय लिया गया था। इसी योजना के तहत यूथ कांग्रेस के स्थापना दिवस पर कई नए सदस्यों और पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। साथ हीं संगठन के अनुशासन और उद्देश्यों से भी अवगत कराया गया। बताया गया कि यूथ कांग्रेस समाज सेवा और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के उद्देश्य से गठित किया गया है। जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का एक विंग है। समाज में पहले भ्रष्टाचार और बुराइयों को हटाने का प्रयास करना यूथ कांग्रेसियों का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। शपथ कार्यक्रम के बाद सभी यूथ कांग्रेसियों ने विधानसभा अध्यक्ष की अगुवाई में अनुमंडलीय कार्यालय के समीप वृक्षारोपण कर स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूथ कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मंजीत यादव ने किया। मौके पर विधानसभा सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर आकाश भारती, विधानसभा महासचिव फिरदोष खान, रसोईया धमना पंचायत अध्यक्ष सरफराज अहमद, पवन कुमार, प्रभु कुमार आदि मौजूद थे।

### जिप सदस्या कुमकुम को मिली भाजपा ओबीसी मोर्चा में प्रदेश मंत्री की जवाबदेही



**बरकट्ठा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निदेर्शानुसार ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव द्वारा प्रदेश के पदाधिकारी की सूची जारी की गई है।इस निमित अपनी मेहनत व लगन के बदौलत जिप सदस्या कुमकुम देवी निरंतर भाजपा में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाने में कामयाब हो रहीं है। उन्होंने दस बर्ष के कार्यकाल में भाजपा के विभिन्न पदों पर अपनी जबाबदेही कुशलतापूर्वक निभाने का प्रयास किया है।भाजपा संगठन ने कुमकुम की क्षमता और कार्य करने की शैली को देखकर पुनः भाजपा ओबीसी मोर्चा में प्रदेश मंत्री झारखंड का पद दिया है। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में कुमकुम ने बताया कि चुनावी माहौल में प्रदेश संगठन द्वारा मंत्री का पद मिलने से मैं दुगुने उत्साह से काम करुंगी। कहा कि भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढाओ और नारी सशक्तिकरण के लिए कृतसंकल्प है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पार्टी मुझे विधानसभा चुनाव में टिकट जरुर देगी। मैं विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग चुकी हूँ। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी तथा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव का आभार प्रकट किया।

### श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में चलाया गया मलेरिया और फाइलेरिया बीमारी पर जागरूकता अभियान



**बरही ।** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में मलेरिया निरीक्षक मोहम्मद इरशाद आलम ने बच्चों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचने के उपाय बताए। विशेष रूप से उन्होंने इस वर्षा ऋतु में मच्छरों से बचाव के महत्व पर जोर दिया। इरशाद आलम ने बच्चों से मच्छरों के पनपने के कारणों और उनसे बचाव के उपायों पर चर्चा की। इसके साथ ही मलेरिया और फाइलेरिया जैसी बीमारियों के लक्षणों के बारे में भी जानकारी दी। फाइलेरिया पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि यह बीमारी संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होती है, जो गंदे और स्थिर पानी में पनपते हैं। आलम ने बताया कि ऐसे मच्छरों की संख्या लगभग 80 प्रतिशत होती है, जिसका मतलब है कि अधिकांश मच्छरों के काटने से आप बीमार पड़ सकते हैं। यह भी बताया गया कि ये मच्छर शाम के समय अधिक सक्रिय होते हैं। उन्होंने यह भी चेताया कि फाइलेरिया के शुरुआती लक्षण प्रकट नहीं होते, जिससे यह भ्रम हो सकता है कि व्यक्ति इस बीमारी से संक्रमित नहीं है। फाइलेरिया कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है, जैसे हाथी पाँव (पाँव का फूलना), हाइड्रोसील में सूजन, और हाथ या छाती का फूलना। आलम ने बच्चों से अपील की कि वे इन बीमारियों से संबंधित दवाओं का सेवन जरूर करें।

# शैलेश बने मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल बनीं सृष्टि

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के स्नातक विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में बीएससी एग्रीकल्चर के 2020-2024 बैच के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कृषि विभाग की तारीफ करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र के क्रांतिकारी बदलाव में यहां के विद्यार्थियों का भी महत्वपूर्ण योगदान हो, ऐसी अपेक्षा रखता हूं। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि यह भावुक क्षण है लेकिन इस बात की खुशी है कि हमारे ये होनहार विद्यार्थी अपने सफल मार्ग की ओर बढ़ते हुए सफलता की मंजिल हासिल कर विश्वविद्यालय ही नहीं बल्कि अपने क्षेत्र, राज्य और देश का भी नाम भी रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और उन्नत तकनीक के कृषि कार्य आत्मनिर्भरता के साथ साथ आर्थिक मजबूती के लिए अहम साबित होगा। डीन एडमिन डॉ एसआर रथ और डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा ने भी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर उंचा मुकाम हासिल करने की सलाह विद्यार्थियों को दी। वहीं कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि इन चार वर्षों के दरम्यान विद्यार्थियों ने जो सीखा है, उसे अमल में लाकर सफल जीवन का आधार बनाए, यही उम्मीद करूंगा। मौके पर कृषि विभाग के अलग-अलग सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसे मौजूद लोगों ने काफी सराहा। बेहतर प्रदर्शन की बुनियाद पर शैलेश कुमार शर्मा को मिस्टर फेयरवेल और सृष्टि संजुला को मिस फेयरवेल चुन गया। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। बैलुन प्रतियोगिता के लिए अंशु पाण्डेय, कप प्रतियोगिता में कशिश कुमारी और कुर्सी डांस प्रतियोगिता में मनोज कुमार ने बाजी मारी। कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एसपी विश्वकर्मा, प्रभात किरण व फरहीन सिद्दीकी ने भी विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

### फुटबॉल टूर्नामेंट का कटकमसांडी प्रखंड में हुआ समापन, सदर प्रखंड में हुई शुरुआत

# कटकमसांडी प्रखंड के फाइनल मुकाबले में खुटरा की टीम ने लहराया जीत का परचम

- भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया मुकाबले का शुभारंभ
- युवाओं के उत्थान में मेरा प्रयास जारी है, भविष्य में भी जारी रहेगा : शेफाली गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखण्ड स्थित कटकमसांडी स्टेडियम में 'खेलो विधानसभा हजारीबाग' फुटबॉल टुर्नामेंट का समापन गुरूवार को हुआ। साथ ही कर्जन ग्राउंड हजारीबाग स्टेडियम में सदर प्रखण्ड का आयोजन 'खेलो विधानसभा हजारीबाग' फुटबॉल टुर्नामेंट का शुरूआत हुई। जिसमें बतौर मुख्य रूप से भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त मुकाबला का शुभारंभ किया। कटकमसांडी प्रखण्ड का पहला सेमिफाइनल मुकाबला आराभुषाई बनाम खुटरा के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें खुटरा की टीम विजयी हुई। दुसरा सेमिफाइनल मुकाबला कटकमसांडी बनाम शाहपुर के बीच खेला गया। जिसमें कटकमसांडी की टीम विजयी हुई। इसके बाद फाइनल मुकाबला खुटरा की टीम बनाम कटकमसांडी की टीम के बीच मुकाबला खेला गया। दोनों टीम के बीच काफी संघर्षपूर्ण रहा। फाइनल मुकाबला में खुटरा की टीम जीतकर विजय का परचम लहराया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि युवाओं के उत्थान में मेरी प्रयास जारी है, भविष्य में भी जारी रहेगी। साथ ही खिलाडियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। खिलाडियों को हरसंभव सहयोग करने के भरोसा दिया। कर्जन ग्राउंड में सदर प्रखण्ड का पहला दिन का पहला मुकाबला ओरिया एफसी बनाम एसए एकेडमी कोर्रा के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें ओरिया एफसी की टीम विजयी हुई। दुसरा मुकाबला लीटिल स्टार कोर्रा बनाम एचएससी हुरहुरू के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें एचएससी हुरहुरू की टीम विजयी हुई। मौके पर विशेष रूप से भाजपा अनुसुचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, कौलेश्वर गोप, पवन गुप्ता, विकाश किंदो, रानी शुक्ला, मनीष कुमार, गुड्डु कुमार एवं आशीष कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

# आजसू जिला कार्यालय में पुण्यतिथि पर याद किए गए रिझुनाथ चौधरी

- पूर्व प्रमुख स्व रिझुनाथ चौधरी ने झारखंड अलग राज्य आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई थी : मनोज
- स्व रिझुनाथ चौधरी का मानना था कि समाज के सभी लोग शिक्षित हों तभी वे अपने अधिकार को समझ सकते हैं : मनोज



**नवीन मेल संवाददाता**

रामगढ़। आजसू पार्टी जिला कार्यालय में 9 अगस्त को अलग झारखंड राज्य आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले जुझारू नेता सह रामगढ़ प्रखंड के पूर्व प्रमुख स्व रिझूनाथ चौधरी की 10 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए.मुख्य अतिथि श्री महतो ने स्व रिझूनाथ चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. इसके उपरांत उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्व रिझूनाथ चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. मौके पर मनोज कुमार महतो ने कहा की पूर्व प्रमुख स्व रिझूनाथ चौधरी अलग झारखंड राज्य के बहुत बड़े समर्थक थे. यही कारण है की झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उन्होंने बढ़ चढ़कर भाग लिया था. कहा की पूर्व प्रमुख स्व रिझूनाथ चौधरी रामगढ़ जिला को शिक्षा के हब के रूप में देखना चाहते थे. साथ ही वे चाहते थे के समाज में सभी लोग शिक्षित हों. उनका मानना था की एक शिक्षित व्यक्ति ही अपने अधिकारों को समझ सकता है इसलिए सभी का शिक्षित होना जरूरी है. उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा के लिए 1995 ई में रजरप्पा प्रोजेक्ट में बालिका उच्च विद्यालय की शुरुवात की. साथ की सांडी स्थित राजबल्लभ उच्च विद्यालय की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया. श्री महतो ने कहा की पूर्व प्रमुख स्व रिझूनाथ चौधरी युवा अवस्था से ही आम लोगों के हक और अधिकार के लिए कार्य किया. कहा की जब सीसीएल रजरप्पा में मशीन से कोयला लोड किया जाने लगा तो मजदूरों के हित को ध्यान में रखकर उन्होंने इसका विरोध किया. जिसके बाद मजदूरों द्वारा कोयला लोड किया जाने लगा. कहा की स्व रिझूनाथ चौधरी राज्य की महान विभूति थे. जिन्हें हम सभी नमन करते हैं।

## बीजेपी के महामंत्री बनने पर विजय को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला द्वारा घोषित टीम में विजय जायसवाल को महामंत्री मनोनीत किया गया । जिससे कार्यकर्ताओं में बहुत ही खुशी और उल्लास का माहौल है। 9 अगस्त को विजय जायसवाल का सम्मान लक्ष्मीनारायण मार्केट में डॉ संजय सिंह ,दिनेश पाठक , वसुध तिवारी,रोबिन गुप्ता एवं ब्रजेश पाठक द्वारा अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ देकर किया गया ।कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया के विभिन्न मध्यम और फोन द्वारा विजय जायसवाल को बधाई दी और खुशी जाहिर किया । कार्यकर्ताओं ने कहा की उनके नेतृत्व में संगठन को और गति मिलेगी पार्टी की नीतियों को घर घर पहुंचने के लिए कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे और सभी का मान सम्मान का खयाल रखेंगे।

मौके पर विजय जयसवाल ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर , जिला के प्रभारी शशि भूषण भगत तथा जिला के सम्मानित जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल को धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व मिला है इस दायित्व को पूरी निष्ठा और समर्पण से निर्वहन करुंगा मैं पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। साथ ही पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता का पूरा मान सम्मान का ख्याल रखूंगा मैं दायित्व निर्माण के लिए 24 गुणा 7 उपलब्ध रहूंगा।

रामगढ़ जिला में पडने वाले सभी 13 मंडलों के अध्यक्ष को बधाई दी और सभी अध्यक्ष को आश्वास्त कियाऔर कहा हमसे जो भी पार्टी हित में आप लोगों को जरूरत पड़ेगी मैं हर पल आपके लिए खड़ा रहूंगा आपके सुख-दुख का साथी बनूंगा।

# इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ ने गायन प्रतियोगिता का किया आयोजन

- बच्चों ने प्रदर्शन से मोहा सब का मन
- जूनियर और सीनियर दोनो ग्रुप में डीएवी स्कूल बरकाकाना बना विजेता



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** स्वंतत्रता दिवस के उपलक्ष्य में इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा इंटर स्कूल पेट्रोटिक (देशभक्ति ) गायन प्रतियोगता का आयोजन रामगढ़ जिमखाला क्लब में किया गया। प्रतियोगिता को दो भागों जूनियर ग्रुप और सीनियर ग्रुप में आयोजित किया गया। देशभक्ति गायन प्रतियोगता मे आर्मी पब्लिक स्कूल,श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल, डीएवी स्कूल बरकाकाना, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,स्कॉलर हाइ विद्यालय ,विंसेंट पब्लिक स्कूल,राधा गोविंद पब्लिक स्कूल, श्री कृष्ण विद्या मंदिर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता का मंच संचालन प्रियंका जैन एवं निधि चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। स्वागत भाषण जसमीत सोनी ने दिया। पीडीसी शर्मिष्ठा दत्ता ने प्रतियोगता पर प्रकाश और नियम की जानकारी दी। प्रतियोगिता के जज भारत घोष एवं अभय पॉल थे। प्रतियोगिता के जज का पुष्प गुच्छ और मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता के जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान डीएवी स्कूल बरकाकाना, द्वितीय श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, तृतीय आर्मी पब्लिक स्कूल को प्राप्त हुआ। वहीं, सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान डीएवी स्कूल बरकाकाना, द्वितीय श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, तृतीय आर्मी पब्लिक स्कूल को प्राप्त हुआ। कंसोलेशन प्राइज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर को भी प्राप्त हुआ। कॉन्सुलेट प्राइस स्कॉलर हाइस विद्यालय को मिला। प्रतियोगिता में शामिल बच्चों के लिए जलपान की व्यवस्था क्लब की ओर से की गई। धन्यवाद ज्ञापन सचिव श्वेता जैन ने दिया। मौके पर पिंकी पोद्दार,नवालजीत कौर,प्रियंका जैन, शर्मिष्ठा दत्ता,मेघा बगडिया, नमिता श्रॉफ, नीरू साहनी, अनुराधा श्रॉफ,नम्रता जैन,मनबीर सोनी,स्वीटी सोनी, श्वेता जैन, जसमीत कौर,विनीता अग्रवाल,राजेंद्र कौर,निधि चौधरी,राजेंद्र कौर, उर्मिला बगडिया, जेनेशा वडेरा,जसविंदर होडरा, नीति अरोड़ा आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### तिसरी के केंवटाटांड से बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**तिसरी।** तिसरी के अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद ने तिसरी - गांवा मुख्य मार्ग स्थित केंवटाटांड से गुरुवार की देर शाम अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। उक्त ट्रैक्टर गांवा से तिसरी की ओर आ रहा था। इसी बीच अंचलाधिकारी ने केंवटाटांड में ट्रैक्टर रुकवाया हालांकि चालक मौके से फरार हो गया। जिसके बाद सीओ ने तिसरी पुलिस को बुलाकर ट्रैक्टर को सुपुर्द कर दिया। पुलिस बालू लदे ट्रैक्टर को तिसरी थाना ले आई।

### आदिवासी समाज कल्याण समिति ने सिदो-कान्हो की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**तिसरी।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज कल्याण समिति द्वारा तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित सिदो -कान्हो प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान भारी संख्या में आदिवासी समाज के लोग जुटे और आदिवासी समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष सोनू हेंब्रम और सचिव अनासियस हेंब्रम की उपस्थिति में नारा लगाते हुए सिदो कान्हो मोड़ के पास पहुंचे। जहाँ उन्होंने पहले प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उसके बाद आदिवासी समाज के कल्याण व उत्थान के लिए चचाएं की।

### गिरिडीह में दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो मोबाइल फोन व चार सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपितों में नवडीहा ओपी क्षेत्र के बेहराडीह निवासी दीपक कुमार मंडल व उमेश कुमार मंडल शामिल हैं। पुलिस ने उन्हें शुक्रवार को जेल भेज दिया। पुलिस को यह कामयाबली प्रतिबिंब एप के माध्यम से मिली। एसपी दीपक कुमार शर्मा को जानकारी मिली थी कि दो युवक साइबर ठगी का काम कर रहे हैं। इसके बाद साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर बताए गए स्थान पर छापेमारी कर दोनों को दबोच लिया गया।

### भाजपा नेत्री गीता मुर्मू ने ग्राम प्रधान को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

**चाडिंल।** धालभूमगढ़ प्रखंड के चुकरीपाड़ा पंचायत के बहेडा गांव में पूर्व ग्राम प्रधान बाघराई किस्कू काफी दिनों से बीमार चल रहे हैं. भाजपा नेत्री गीता मुर्मू ने सूचना मिलते ही उनके घर में मिलकर उनका हाल-चाल जाना एवं विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बाघराई किस्कू एवं उनकी पत्नी एवं वर्तमान ग्राम प्रधान मंगल किस्कू को अंगवस्त्र व अन्य उपयोगी सामग्री देकर सम्मानित किया।

# हमारे पूर्वजों ने ही जंगल, नदियों और पहाड़ों को बचाया, हम स्वाभिमानी और मेहनती लोग : भूषण

## नगर भवन में धूमधाम से मना विश्व आदिवासी दिवस







**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
नगर भवन में शुक्रवार को जिला प्रशासन के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस पर जनजातीय विकास परिचर्चा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी, डीसी अजय कुमार सिंह, एसपी सौरभ कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति नाच प्रतियोगिता भी हुई। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आदिवासी संस्कृति महान है। इसे आदर की दृष्टि से देखने की जरूरत है। हमारे आदिवासी समाज के पूर्वजों ने ही जंगल बचाया, नदियां बचाई, पहाड़ बचाया है। उन्होंने कहा हम आदिवासियों को सिर्फ जंगल में रहने वाले गरीब के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। जंगल एवं मानव विकास की पूरी कहानी हमारे पूर्वजों के पास है। आज जरूरत है कि एक आम देशवासी के अंदर आदिवासी समाज के प्रति संवेदना जगाई जाय। विधायक ने कहा कि हम आदिवासियों के लिए उनकी जमीन, संस्कृति, भाषा बहुत महत्वपूर्ण है। आदिवासी समुदाय एक स्वाभिमानी समुदाय है, मेहनत करके खाने वाली समुदाय है।

## आदिवासियों के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही हैं अनगिनत योजनाएं: डीसी

डीसी अजय कुमार सिंह ने कहा आदिवासी समाज के विकास के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। लेकिन जागरूकता के आभाव में आदिवासी समाज के लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन आदिवासी समुदाय के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि जिले के 398 गांव में सरकार की कल्याणकारी योजना एवं आदिवासी वन पट्टा के तहत जो भी प्रावधान होंगे उन्हें देने का कार्य जिला प्रशासन कर रही है।

### एकजुट रहें आदिवासी समाज : एसपी

एसपी सौरभ कुमार ने कहा कि आज आदिवासी समाज बिखरा हुआ है। समाज के लोगों को एकजुट रहने की जरूरत है। एसपी ने कहा कि आदिवासी समाज के लोग अपनी भाषा संस्कृति को बचाने के लिए आगे बढ़ें। क्योंकि आदिवासी समाज की भाषा संस्कृति ही आदिवासियों की पहचान है। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक सरोजनी तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा,जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, सीईओ मो इम्तियाज अहमद, एलआरडीसी, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, सोनल लकड़ा, बन्नू, संदीप तिग्गा, सुमित एक्का आदि उपस्थित थे।

### मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मना विश्व आदिवासी दिवस



**सिमडेगा।** जिले के प्रतिष्ठित मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बानो में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बानो आरसी चर्च के फादर विजय विशिष्ट अतिथि डॉ सीमा टोप्पो को प्राचार्या जीएनएम एरेन बेक तथा प्राचार्या एएनएम प्रभा सुरीन द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया । वहीं छात्राओं ने स्वागत गान गाकर, मंगलाचरण के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर मुख्य अतिथि फादर विजय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी आदिवासी संगठित होकर हर क्षेत्र में आगे बढ़े, अपने भाषा, संस्कृति का संरक्षण करते हुए गर्व महसूस करें। वहीं उन्होंने कहा कि मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग से आदिवासी बच्चियां नर्सिंग प्रशिक्षण कर रोजगार प्राप्त कर रही है, जो जिला के गौरव के रूप में अपना पहचान बना रहा है। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ सीमा टोप्पो ने आदिवासी जीवन दर्शन से जीवन वृत्त में उतारने की बात कही।

### आदिवासी का खून हूं, समाज में एकता चाहती हूं प्यार और समर्पण है हमारी धरोहर: आईरीन




**सिमडेगा।** मैं ना आदिवासियों के बीच लड़ाई देखना चाहती हूं, ना आदिवासियों में जुदाई देखना चाहती हूं। आदिवासी का खून हूं , आदिवासी समाज में एकता देखना चाहती हूं। सर्व आदिवासी समाज के द्वारा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में विश्व आदिवासी दिवस के मौके आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झापा नेत्री आईरीन एक्का ने आदिवासी समाज के गौरवशाली संस्कृति, सभ्यता विरासत को नमन करते हुए सभी आदिवासियों से एकजुट होने की अपील की। आईरीन एक्का ने अपने संबोधन में कहा कि जल, जंगल, जमीन आदिवासियों की धरोहर है और इसे बचाए रखना हम सबों की जिम्मेवारी है। उन्होंने युवा वर्ग से आदिवासी समाज की संस्कृति, सभ्यता, रुचपाच आदि को संरक्षित करने के लिए जागरुक होने की बात कही। कार्यक्रम को फा फेडरिक कुजर, फा एडमोन बाड़ा, अनूप लकड़ा, पतरस एक्का, विशाल तिर्की आदि ने भी संबोधि किया। सभी मंडलियों को आयोजन समिति ने सम्मानित किया। मौके पर जिप सदस्य शांतिबाला केरकेटटा, डेविड तिर्की, संदेश एक्का, अजीत नवरंगी, दिलीप तिर्की, फुलजेंसिया बिलूंग, नीरज बड़ाईक आदि सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रदीप टोप्पो, प्रताप बाड़ा, ओलिवर लकड़ा, शिशिर मिंज, हरिशचंद्र भगत, शीला देवी, लिबनुस टेटे, सुशील लकड़ा आदि का योगदान रहा।

### जंगल से जुड़ा है आदिवासियों का जीवन : अजय एक्का

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के कुसुमबेड़ा में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर वन महोत्सव मनाया गया। जिसमें विभिन्न वक्ताओं द्वारा वन और पार्यवरण के संबंध में वक्तव्य देते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। वहीं ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों का जीवन जंगल से जुड़ी हुई है।आदिवासी ही जंगल के असली रक्षक हैं, हमारे पुर्वजों ने सदियों काल से जंगलों के संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन करते आए हुए हैं इसका प्रमाण के रुप में काई अवशेष आज भी मौजूद हैं। इस अवसर पर जिप सदस्य ने वृक्षारोपण कर पार्यवरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### आदिवासी समाज अपनी भाषा और संस्कृति के लिए जाने जाते हैं : विधायक



**सिमडेगा।** टूटिकेल में मुंडा सभा रांची के द्वारा प्रायोजित और आदिवासी संघटनों द्वारा खरवागढ़ा में कार्यक्रम विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया।मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। सर्वप्रथम उनका स्वागत ढोल नगाड़ो की थाप पर आदिवासी नृत्य संगीत के साथ किया गया।टूटिकेल में विभिन्न प्रकार के आदिवासी संस्कृति का प्रदर्शन वहां के प्रतिभागी टीमों के द्वारा किया गया।टूटिकेल में नाच गान प्रतियोगिता के साथ खेल कूद का आयोजन भी किया गया।जहां विधायक कोनगाड़ी के द्वारा टोपी, जर्सी सेट एवम अन्य सांत्वना पुरस्कार दिया गया।वहीं जलडेगा प्रखंड के खरवागढ़ा में आदिवासी संघटनों के द्वारा प्रायोजित आदिवासी दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। लोग भारी बारिश में भी नाच गान कर खुशियां मनाते रहें। खरवागढ़ा में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के द्वारा आदिवासी भाषा, संस्कृति, परंपरा के संरक्षण हेतु नाच गान कर रहे प्रतिभागियों की सभी टीमों को साड़ी दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### क्लस्टर स्तरीय एथलेटिक्स टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**ठेठईटांगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा की एथलेटिक्स टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद शुक्रवार को डीएवी लातेहार से आपस सिमडेगा लौटी । एथलेटिक्स टीम के द्वारा अंडर 14 लड़कियों के दल में 400 मीटर रेस में काजल कुमारी प्रथम रही, 800 मीटर रेस में उसने फिर से द्वितीय स्थान प्राप्त किया।वहीं तनु श्री प्रधान लॉन्ग जंप में प्रथम, आकांक्षा कुल्लू 100 मीटर रेस में द्वितीय, मानसी टेटे 4X100 रिले रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।वहीं लड़कों के अंडर 14 में अयान नौशाद 100 मीटर रेस में तृतीय, निरंजन सिंह लॉन्ग जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 लड़कों के वर्ग में सुफियान खान ने शर्टपुट में तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अंडर-19 लड़कों के वर्ग में सिद्धार्थ केसरी ने 100 मीटर रेस में प्रथम, सन्नी आलोकित लकड़ा ने डिसकस थ्रो में और 200 मीटर रेस में ऋषि केसरी ने प्रथम स्थान, 400 मीटर रेस में आकाश टेटे ने द्वितीय, लॉन्ग जंप में अर्पित लकड़ा ने द्वितीय, शर्ट पुट में अनमोल कुमार ने द्वितीय, 1500 मीटर रिले रेस में तृतीय तथा 400X100 एवं 400X400 रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किए।

### आदिवासी दिवस के मौके पर आजसू पार्टी ने साड़ी वितरण किया



**सिमडेगा।** विश्व आदिवासी दिवस पर पूरे झारखंड में आजसू पार्टी द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया, इसी को लेकर सिमडेगा आजसू जिला कमेटी के द्वारा कोनमेंजरा पंचायत के कुड़पानी गांव में अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष नारायण बड़ाइक के नेतृत्व में एवं सिमडेगा जिला अध्यक्ष धूपेन्द्र पांडे की उपस्थिति में आदिवासी समुदाय के बीच में छाता, साड़ी,बंडी, गमछा और फल का वितरण दर्जनों लोगों के बीच में किया गया एवं विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाए दी गई। इस मौके पर उपस्थित केंद्रीय सदस्य अनिल मेहर, जिला सचिव सह कोलेबिरा विधानसभा प्रभारी विकास बड़ाइक, प्रखंड सचिव देवेंद्र साहू एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सिमडेगा प्रिंस चौक में फिटनेस स्टूडियो नामक नए जिम का उद्घाटन

**सिमडेगा।** प्रिंस चौक सिमडेगा में शुक्रवार को फिटनेस स्टूडियो नाम से जिम का उद्घाटन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार एवं विशिष्ट अतिथि प्रेम कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने जिम की तारीफ की उन्होंने कहा इस तरह के जिम खुलने से युवाओं में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।उन्होंने कहा कि जिम से शारीरिक एवं मानसिक क्षमता बढ़ती है।मौके पर जिम संचालक सह प्रशिक्षक प्रभाकर कुमार साहू ने कहा कि हमारे यहां न्यूनतम दर पर शहर वासियों के लिए सेवा दी जाएगी इच्छुक शहर वासी प्रतिष्ठान में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## जिला नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच संपन्न

■ **विजेता बनी टीम राज्य स्तर पर आयोजित नेहरू प्रतियोगिता में लेगी भाग**

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में झारखंड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के द्वारा आयोजित सिमडेगा जिला स्तरीय जवाहर लाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता 2024,बालिका अंडर 17 और बालक अंडर 17 एवं अंडर 15 का शुक्रवार को तीनों वर्गो का फाइनल मैच एवं तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेले गए। प्रतियोगिता में बालक अंडर-15 वर्ग के फाइनल मैच में संत मेटीज उच्च विद्यालय सामटोली ने आर.सी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करगागुड़ी को 7-1 से पराजित कर विजेता बना। बालिका अंडर-17 वर्ग के फाइनल मैच में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स सिमडेगा ने धनुर्जय सिंह देव उच्च विद्यालय लंबोई को 6-0से पराजित कर विजेता बनी। वहीं बालक अंडर-17 वर्ग में निर्मला उच्च विद्यालय खालीजोर की टीम ने संत मैरिज उच्च विद्यालय सिमडेगा को पेनाल्टी शूटआउट के सडन डेथ में पराजित कर विजेता बनी।इससे पूर्व तीसरे और चौथे स्थान के लिए अंडर-15 बालक वर्ग के मैच में राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय सिमडेगा ने संत फ्रांसिस उच्च विद्यालय भुकुमुंडा को 2-0 से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया,अंडर-17 बालक वर्ग में राजकीय +2 उच्च विद्यालय पाकरटांड़ ने एस एस+2 उच्च विद्यालय बांसजोर को पेनाल्टी शूटआउट में 5-4 से पराजित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा बालिका वर्ग अंडर-15 वर्ग में आर.सी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करंगागुड़ी ने उर्सलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय रेंगरिह को 1-0 से पराजित कर तीसरा स्थान हासिल की।प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में अंडर-17 की उम्र सीमा में कुल 17 स्कूल की टीम ,अंडर-17 बालक वर्ग में 11 स्कूल की टीम और अंडर-15 बालक वर्ग में कुल 10 स्कूल की टीमों ने भाग लिया।

## आदिवासियों को अपने हक अधिकार के लिए जागरूक होना होगा: अनुराग





**नवीन मेल संवाददाता। बांसजोर**
प्रखंड के कोम्बाकेरा पंचायत अंतर्गत बोंगेरा हाई स्कूल मैदान में शहीद विलियम लुगुन युवा मोर्चा जलडेगा पहानटोली द्वारा विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद बांधा खेत फिल्म के अभिनेता अनुराग लुगुन के नेतृत्व में पहानटोली की टीमों द्वारा मदार्नी झुमर प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते कोम्बाकेरा पंचायत के मुखिया प्रसन्न लुगुन ने आदिवासी समाज को हक अधिकार के लिए एकजुट होने की बात कही। वहीं युवा मोर्चा के अध्यक्ष अनुराग लुगुन ने अपने संबोधन में विश्व आदिवासी दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि झारखंड में आदिवासियों को जागरूक होने का समय आ गया है। यदि आज हम अपने अधिकारों को नहीं पहचानेंगे तो हमारा अस्तित्व मिट जाएगा । उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज सदियों से जल जंगल और जमीन की रक्षा के लिए बलिदान देते आया है उन पुरखों की बलिदान को आज याद करने की जरूरत है। कार्यक्रम को मसकल्याण समद, आनंद सिंह, इरेनियुस लुगुन, फिलमोन लुगुन, जयमिला लुगुन, जोनसन सुरीन, नुवास किंडो ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विलियम तोपनो रेयाड़न लुगुन, बुधराम बड़ाइक, प्रभात लुगुन, किरण लूगुन, अमुस लुगुन, मोयलेन लुगुन, पुनीत लुगुन, जेक्सन टेटे ने मुख्य भूमिका निभाई।

## तिसरी के एक और प्रवासी मजदूर की तबियत बिगड़ने से हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड के एक और प्रवासी मजदूर की मौत हो गई है। मृत मजदूर तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गम्हारियाटांड निवासी किशुन तुरी का 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार था. तबियत बिगड़ने के कारण उसकी मौत होने की बात बताई जा रही है.उसका शव घर पहुंचते ही उसके माता पिता और भाई दहाड़े मारकर रोने लगे। बताया जाता है कि राहुल कुमार एक माह पहले ही रोजगार की तलाश में गुजरात के सूरत गया था. जहाँ वह अपने भाई छोटू कुमार के साथ एक केमिकल फैक्ट्री में काम करने लगा. हालांकि उसका भाई उसी कम्पनी के दूसरे ब्रांच में काम करता था. उसकी तबियत अचानक बिगड़ने लगी. उसके पेट में दर्द होने लगा। परिजन बताते हैं कि कंपनी के मैनेजर द्वारा राहुल को पेट दर्द की दवाईयां दी गई थी लेकिन उसकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ लिहाजा उसने अपने भाई को यह बात बताई और घर जाने की इच्छा जताई. जिसके बाद उसका भाई उसके पास पहुंचा और दोनों भाई अपने घर के लिए सूरत से निकल पड़े।
ट्रैन से उतरने के बाद दोनों ने घर आने के लिए बस पकड़ी और औरंगाबाद में बस में ही राहुल ने दम तोड़ दिया।




## वन विभाग ने कई छोटे-बड़े सुरंगों को किया जमींदोज



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गावां वन प्रक्षेत्र अंतर्गत असुरहड्डी के जंगलों में संचालित अवैध छोटे बड़े बैरल खदान के सुरंगों को वन विभाग की टीम द्वारा लोकाय थाना की पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी मशीन द्वारा जमींदोज किया गया।
इस संबंध में जानकारी देते हुए गावां वनप्रक्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त जंगल में अवैध बैरल पत्थर का उत्खनन किया जा रहा है। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए उक्त छोटे बड़े सुरंगों को जेसीबी मशीन के माध्यम से ध्वस्त किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि वन भूमि पर किसी प्रकार का भी अवैध उत्खनन होने नहीं दिया जाएगा। वहीं वन अपराधियों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सिमडेगा जेल में एटीएस की टीम ने चलाया छापेमारी अभियान

### मोबाइल बरामद,जेल सुरक्षा पर सवाल

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा जेल में एटीएस एवं सिमडेगा पुलिस की टीम के द्वारा देर रात छापेमारी अभियान चलाया गया ।इस दौरान छापेमारी के क्रम में जेल के अंदर एंड्राइड मोबाइल बरामद हुआ। जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि एटीएस की टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि सिमडेगा जेल से संदिग्ध गतिविधि हो रही है। जिसके आधार पर एटीएस की टीम सिमडेगा पुलिस के साथ विशेष टीम का गठन करते हुए आवश्यक छापेमारी अभियान चलाया और जेल के सभी बैरक एवं सभी जगह पर बारीकी से छापेमारी अभियान चलाया लेकिन किसी प्रकार से कोई भी वस्तु बरामद नहीं हुई। लेकिन एटीएस की टीम को जिस प्रकार सूचना था इसके आधार पर पूरे जेल के सभी हिस्सों को छापेमारी की गई जिसके बाद जेल के पीछे वाले हिस्से में पुराने भवन के पास मिट्टी में दबा हुआ एंड्राइड मोबाइल फोन छुपाया गया बरामद किया गया । इसके अलावा सिम अलग से पुलिस ने बरामद किया। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार गैंगस्टर अमन साहू गिरोह का सक्रिय सदस्य आकाश राय सिमडेगा जेल में बंद है और उसी का यह मोबाइल बरामद किया गया है इधर एटीएस की टीम सभी बिंदुओं पर बारीकी से छानबीन कर रही है।

### 5 घंटे तक चली रेड

जेल के अंदर से अपराध का मामला सामने आने के बाद एटीएस की 15 सदस्यीय टीम और सिमडेगा पुलिस की 20 सदस्यीय टीम के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी डीसीएलआर द्वारा सिमडेगा जेल में रेड मारी। करीब 05 घंटे की सघन रेड के बाद मेटल डिटेक्टर की सहायता से एटीएस ने जेल के अंदर से मोबाइल खोज कर निकाली। जिसे आकाश ने छापामारी की सूचना पर जेल परिसर में पीछे की तरफ अर्धनिर्मित कमरों में कार्बन और अखबार पैक कर जमीन के भीतर छिपा दिया था। बता दें कि अमन साहू गिरोह का गुर्गा आकाश राय पिछले एक साल से सिमडेगा जेल में बंद है। इसे रांची होटवार से सिमडेगा जेल भेजा गया था।

### जेल प्रशासन की मिलीभगत

एटीएस की टीम के छापेमारी में एंड्रॉयड मोबाइल बरामद होने के बाद सिमडेगा जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है की जेल में इस प्रकार से एंड्रॉयड मोबाइल फोन का बरामद होना कहीं ना कहीं सुरक्षा में भारी चूक है या फिर जेल प्रबंधन के कोई ना कोई कमी अंदर वाले कैदियों से मिली भगत करते हुए इस प्रकार की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इधर पुलिस एवं एटीएस पूरी छानबीन कर रही है।

## आदिवासी क्लब सिमडेगा की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
आदिवासी क्लब सिमडेगा द्वारा सिमडेगा स्थित अखाड़ा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन किया गया।मौके पर आदिवासी समुदाय की अनमोल सांस्कृतिक धरोहर और उनके अधिकारों के प्रति सम्मान और प्रतिबद्धता को प्रकट किया गया। इस अवसर पर झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा की आदिवासी समाज ने हमारे देश की सांस्कृतिक विविधता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी पारम्परिक ज्ञान, कला और जीवन शैली हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य पूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उनका अनुभव और संस्कार हमें सिखातें हैं कि कैसे हम अपने पर्यावरण और संसाधनों का सम्मान करें और उनका संरक्षण करें। आदिवासी समुदाय को आज भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उनकी संस्कृति, भूमि और अधिकारों का अक्सर उल्लंधन होता रहा है। इस दिन पर हम सबका कर्त्तव्य है कि हम उनकी समस्याओं को समझे और उनके अधिकारों की रक्षा करें। उन्हें विकास के समान अवसर प्रदान करें। आज हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि हम आदिवासी समुदाय की भलाई के लिए काम करेंगे, उनकी संस्कृति का सम्मान करेंगे और उनके समस्त विकास के लिए प्रयास करेंगे। अपने सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करेंगे।

संपादकीय

## पर्यावरण के बजाय एआई को प्राथमिकता

तेज गति की दौड़ में मनुष्य के मस्तिष्क के बाद कंप्यूटर के बाद का संस्करण है कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जो हमारी तेजी से हमारे जीवन का अंग बन रहा है। गति उचित है परिणाम अधिक सटीक आएं तो और भी अच्छा पर एआई ही बता रहा है कि हमारे जीवन के लिए आवश्यक पर्यावरण के साथ अनुचित समझौता हो रहा है। वर्चुअल असिस्टेंट से लेकर स्मार्ट होम तक हर जगह एआई है। चाहे चैट-जीपीटी जैसे एआई जनित प्लेटफॉर्म पर जटिल प्रश्नों के हल जानना हो या गूगल व एलेक्सा जैसे वर्चुअल असिस्टेंट्स पर अपनी आवाज से कोई काम कराना हो। क्या? अचंभित करने वाली तकनीक के कुछ और पहलू हो सकते हैं? जो पर्यावरण व मानव सभ्यता के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं? गूगल की वार्षिक पर्यावरण रिपोर्ट में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। वर्ष 2022 के मुकाबले 2023 में गूगल के डाटा केंद्रों पर कार्बन उत्सर्जन फुटप्रिंट में तेरह प्रतिशत की वृद्धि हुईहै। यह वृद्धि उसके डाटा केंद्रों और आपूर्ति श्रृंखलाओं में बिजली की खपत बढ़ने से हुई। वर्ष 2023 में उसके डाटा केंद्रों ने पहले की तुलना में 17 फीसदी अधिक बिजली का उपयोग किया। एआई टूल्स के इस्तेमाल से यह वृद्धि और बढ़ेगी। एआई का उपयोग कई क्षेत्रों में परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए किया जा रहा है, जिनमें जलवायु परिवर्तन से जुड़े समाधान भी शामिल हैं। लेकिन बढ़ती एआई तकनीक ने एक भारी कार्बन उत्सर्जन फुटप्रिंट जैसी समस्या उत्पन्न कर दी है। अध्ययनों से पता चलता है कि एआई चैटबॉट चैट-जीपीटी पर पूछी गई एक साधारण जानकारी, गूगल खोज की तुलना में 10 से 33 गुना अधिक ऊर्जा का उपयोग करती है। वहीं, इमेज आधारित प्लेटफॉर्म पर इससे कहीं अधिक ऊर्जा खर्च होती है। दरअसल, एआई मॉडल सामान्य गूगल खोज की तुलना में अधिक डाटा को प्रोसेस और फिल्टर करते हैं। अधिक काम का मतलब है कि कंप्यूटर को डाटा प्रोसेसिंग, स्टोरिंग और रिट्रीविंग के समय अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होगी। अधिक काम करने से उत्पन्न गर्मी को कम करने के लिए डाटा केंद्रों पर अधिक शक्तिशाली एयर कंडीशनिंग और अन्य ठंडे उपाय किए जाते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया रिवरसाइड के एक अध्ययन के मुताबिक साल 2022 में, गूगल ने अपने डाटा केंद्रों को ठंडा रखने के लिए लगभग 20 अरब लीटर ताजे पानी का उपयोग किया। बीते साल माइक्रोसॉफ्ट की जल खपत में पिछले वर्ष की तुलना में 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्तमान में डाटा केंद्रों की खपत वैश्विक बिजली की खपत का 1 से 1.3 प्रतिशत है, मगर जैसे-जैसे एआई टूल्स का उपयोग बढ़ेगा, यह खपत भी बढ़ती जाएगी। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के अनुसार, यह आंकड़ा तीन प्रतिशत तक जा सकता है। कई देशों में डाटा केंद्रों की ऊर्जा खपत उनकी राष्ट्रीय मांग की दहाई हिस्सेदारी तक पहुंच गई है। भारत में भी एआई और डाटा केंद्रों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। झारखंड में यह समस्या अभी शुरू होने में देर है पर इसके पहले इसके विकल्पों पर विचार आवश्यक है।

> एआई टूल्स के इस्तेमाल से यह और बढ़ेगी। एआई का उपयोग कई क्षेत्रों में परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए किया जा रहा है, जिनमें जलवायु परिवर्तन से जुड़े समाधान भी शामिल हैं।

# युवा क्रांति के साथ शांति के नए छंद रचें



युवा क्रांति का प्रतीक है, ऊर्जा का स्रोत है, इस क्रांति एवं ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक एवं सृजनात्मक हो, इसी ध्येय से सारी दुनिया प्रतिवर्ष 12 अगस्त को अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाती है। सन् 2000 में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन आरम्भ किया गया था। यह दिवस मनाने का मतलब है कि युवाशक्ति का उपयोग विध्वंस में न होकर निर्माण में हो। युवा, शांति और सुरक्षा पर सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव 2250 (9 दिसंबर 2015) शांति को बढ़ावा देने और उग्रवाद का मुकाबला करने में युवा शांति निमार्ताओं को शामिल करने की तत्काल आवश्यकता की अभूतपूर्व स्वीकृति का प्रतिनिधित्व करता है, और स्पष्ट रूप से युवाओं को वैश्विक प्रयासों में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थान देता है। पूरी दुनिया की सरकारें युवा के मुद्दों और उनकी बातों पर ध्यान आकर्षित करे। न केवल सरकारें बल्कि आम-जनजीवन में भी युवकों की स्थिति, उनके सपने, उनका जीवन लक्ष्य आदि पर चचाएं हो। युवाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इन्हीं मूलभूत बातों को लेकर यह दिवस मनाया जाता है।

स्वामी विवेकानन्द ने भारत के नवनिर्माण के लिये मात्र सौ युवकों की अपेक्षा की थी। क्योंकि वे जानते थे कि युवा 'विजनरी' होते हैं और उनका विजन दूरगामी एवं बुनियादी होता है। उनमें नव निर्माण करने की क्षमता होती है। नया भारत निर्मित करते हुए नरेन्द्र मोदी को भी युवाशक्ति को आगे लाना होगा। युवा किसी भी देश का वर्तमान और भविष्य हैं। वो देश की नींव हैं, जिस पर देश की प्रगति और विकास निर्भर करता है। लेकिन आज भी बहुत से ऐसे विकसित और विकासशील राष्ट्र हैं, जहाँ नौजवान ऊर्जा व्यर्थ हो रही है। कई देशों में शिक्षा के लिए जरूरी आधारभूत संरचना की कमी है तो कहीं प्रछन्न बेरोजगारी जैसे हालात हैं। युवा अनेक विसंगतियों एवं बुराइयों से घिरे हैं। विशेषतः युवा अपनी वृद्ध पीढ़ी की उपेक्षा के कारण भी निशाने पर है। विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन की निरंतर हो रही वृद्धि। युवापीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा युवक किसी न किसी नशे का आदी हो चुका है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ युवा नहीं मिलेंगे। एक नशेड़ी पीढ़ी का देश कैसे अपना पूर्व गौरव प्राप्त कर सकेगा? इन स्थितियों के बावजूद युवाओं को एक उन्नत एवं आदर्श जीवन की ओर अग्रसर करना वर्तमान की सबसे बड़ी जरूरत है। युवा सपनों को आकार देने का अर्थ है सम्पूर्ण मानव जाति के उन्नत भविष्य का निर्माण। यह सच है कि हर दिन के साथ जीवन का एक नया लिफाफा खुलता है, नए अस्तित्व के साथ, नए अर्थ की शुरूआत के साथ, नयी जीवन दिशाओं के साथ। हर नई आंख देखती है इस संसार को अपनी ताजगी भरी नजरों से। इनमें जो सपने उगते हैं इन्हीं में नये समाज की, नयी आदमी की नींव रखी जाती है। यौवन को प्राप्त करना जीवन का सौभाग्य है। जीने की तीन अवस्थाएं बचपन, यौवन एवं बुढ़ापा हैं, सभी युवावस्था के दौर से गुजरते हैं, लेकिन जिनमें युवकत्व नहीं होता, उनका यौवन व्यर्थ है। उनके निस्तेज चेहरे, चेतना-शून्य उच्छ्वास एवं निराश सोच मात्र ही उस यौवन की साक्षी बनते हैं, जिसके कारण न तो वे अपने लिये कुछ कर पाते हैं और न समाज एवं राष्ट्र को ही कुछ दे पाते हैं। वे इतना सतही जीवन जीते हैं कि व्यक्तिगत स्पद्धाओं एवं महत्वाकांक्षाओं में उलझकर अपने ध्येय को विस्मृत कर देते हैं। उनका यौवन कार्यकारी तो होता ही नहीं, खतरनाक प्रमाणित हो जाता है। युवाशक्ति जितनी विराट् और उपयोगी है, उतनी ही खतरनाक भी है। इस परिप्रेक्ष्य में युवाशक्ति का रचनात्मक एवं सृजनात्मक उपयोग करने की जरूरत है। गांधीजी से एक बार पूछा गया कि उनके मन की आश्वस्ति और निराशा का आधार क्या है? गांधीजी बोले- इस देश की मिट्टी में अध्यात्म के कण हैं, यह मेरे लिये सबसे बड़ा आश्वासन है। पर इस देश की युवापीढ़ी के मन में करुणा का स्रोत सूख रहा है, यह सबसे बड़ी चिन्ता का विषय है। गांधीजी की यह चिन्ता सार्थक थी। मूल प्रश्न है कि क्या हमारे आज के नौजवान भारत को एक सक्षम देश बनाने का स्वप्न देखते हैं? या कि हमारी वर्तमान युवा पीढ़ी केवल उपभोक्तावादी संस्कृति से जन्मी आत्मकेन्द्रित पीढ़ी है? दोनों में से सच क्या है? दरअसल हमारी युवा पीढ़ी महज स्वप्नजीवी पीढ़ी नहीं है, वह रोज यथार्थ से जूझती है, उसके सामने भ्रष्टाचार, आरक्षण का बिगड़ता स्वरूप, महंगी होती जाती शिक्षा, कैरियर की चुनौती और उनकी नैसर्गिक प्रतिभा को कुचलने की राजनीति विसंगतियां जैसी तमाम विषमताओं और अवरोधों की ढेरों समस्याएं भी हैं। उनके पास कोरे स्वप्न ही नहीं, बल्कि आंखों में किरकिराता सच भी है। इन जटिल स्थितियों से लौहा लेने की ताकत युवक में ही हैं। क्योंकि युवक शब्द क्रांति का प्रतीक है। विचारों के नभ पर कल्पना के इन्द्रधनुष टांगने मात्र से कुछ होने वाला नहीं है, बेहतर जिंदगी जीने के लिए मनुष्य को संघर्ष आमंत्रित करना होगा। वह संघर्ष होगा विश्व के सार्वभौम मूल्यों और मानदंडों को बदलने के लिए। सत्ता, संपदा, धर्म और जाति के आधार पर मनुष्य का जो मूल्यांकन हो रहा है मानव जाति के हित में नहीं है। दूसरा भी तो कोई पैमाना होगा, मनुष्य के अंकन का, पर उसे काम में नहीं लिया जा रहा है। क्योंकि उसमें अहं को पोषण देने की सुविधा नहीं है। क्योंकि वह रास्ता जोखिम भरा है। क्योंकि उस रास्तें में व्यक्तिगत स्वार्थ और व्यामोह की सुरक्षा नहीं है। युवापीढ़ी पर यह दायित्व है कि संघर्ष को आमंत्रित करे, मूल्यांकन का पैमाना बदले, अहं को तोड़े, जोखिम का स्वागत करे, स्वार्थ और व्यामोह से ऊपर उठे। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आज की बात



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

आपकी बात

## जमीन कब्जाने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी



संजय सक्सेना

वक्फ और वक्फ की संपत्तियों को लेकर हिंदुस्तान में अक्सर सही-गलत चर्चा होती रहती है। हममें से अधिकांश लोगों ने वक्फ का नाम तो सुना है, लेकिन वह इसके बारे में बहुत कुछ जानते नहीं हैं। वक्फ होता क्या है। किसी मस्जिद या दूसरे धर्मस्थल के वक्फ होने का मतलब क्या है? और क्या मोदी सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड के संविधान में तब्दीली की कोशिशों का असर मुस्लिम धर्मस्थलों के स्टेटस पर पड़ सकता है? चूंकि भारत में रेलवे और रक्षा मंत्रालय के बाद सबसे बड़ा भूस्वामी वक्फ बोर्ड ही है। इसलिए हम इन सारे सवालों का जवाब जानने की कोशिश करेंगे। सबसे पहले यह जान लेना जरूरी है कि भारत में इस्लाम की आमद के साथ वक्फ के उदाहरण मिलने लगे थे। दिल्ली सल्तनत के वक्त से वक्फ संपत्तियों का लिखित जिक्र मिलने लगता है। मुगल शासन काल में क्योंकि ज्यादातर संपत्ति राजा महाराजाओं के पास ही होती थी, इसीलिए प्रायः वही वाकिफ होते, और वक्फ कायम करते जाते। जैसे कई बादशाहों ने मस्जिदें बनवाईं, वो सारी वक्फ हुईं और उनके प्रबंधन के लिए स्थानीय स्तर पर ही इंतजामिया कमेटियां बनती रहीं। इसके पश्चात 1947 में आजादी के बाद पूरे देश में पसरी वक्फ संपत्तियों के लिए एक स्ट्रक्चर बनाने की बात उठने लगी। इस तरह 1954 में संसद ने वक्फ एक्ट 1954 पास किया। इसी के नतीजे में वक्फ बोर्ड बना। ये एक ट्रस्ट था, जिसके तहत सारी वक्फ संपत्तियां आ गईं। 1955 में यानी कानून लागू होने के एक साल बाद, इस कानून में संशोधन कर राज्यों के लेवल पर वक्फ बोर्ड बनाने का प्रावधान किया गया। इसके बाद साल 1995 में नया वक्फ बोर्ड एक्ट आया। 2013 में मनमोहन सरकार के समय इसमें कई संशोधन करके इसे पूरी तरह से तानाशाही रूप दे दिया गया। फिलहाल जो व्यवस्था है, वो इन्हीं कानूनों और संशोधनों के तहत चल रही है,इसमें सबसे खतरनाक संशोधन यह था कि वक्फ बोर्ड जिस किसी सम्पति को अपना बता दे तो फिर वह उसकी बिना किसी जांच पड़ताल के हो जाती है और जिसकी सम्पति छीनी जाती है,वह कोर्ट या पुलिस के पास भी अपनी फरियाद लेकर नहीं जा सकता है। प्रायः मुस्लिम धर्मस्थल वक्फ बोर्ड एक्ट के तहत ही आते हैं। लेकिन इसके अपवाद भी हैं। जैसे ये कानून अजमेर शरीफ दरगाह पर लागू नहीं होता। इस दरगाह के प्रबंधन के लिए दरगाह ख्वाजा साहिब एक्ट 1955 बना हुआ है। वक्फ बोर्ड को मिली असीमित शक्तियों पर अंकुश लगाने और बेहतर प्रबंधन व पारदर्शिता के लिए मोदी सरकार ने आठ अगस्त 2024 को लोकसभा में दो विधेयक पेश किये। पहले विधेयक के जरिये सरकार मुसलमान वक्फ अधिनियम 1923 को समाप्त करने को कटिबद्ध लगती है, जबकि दूसरे से मुसलमान वक्फ अधिनियम 1995 में 44 संशोधन किए जाएंगे। सरकार इस विधेयक में बोहरा-आगाखानी के लिए अलग वक्फ बोर्ड का प्रावधान करेगी और किसी की संपत्ति को वक्फ की संपत्ति घोषित करने के अधिकार से संबंधित धारा 40 को समाप्त कर देगी। **(ये इनके निजी विचार हैं)**


देश की बात

## भय और आतंक के साये में बांग्लादेश के हिंदू



मनोज कुमार अग्रवाल

शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश में उपद्रवी हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहे हैं। देश में 1 करोड़ 31 लाख के करीब हिंदू हैं, उनके घरों और दुकानों को आग के हवाले किया जा रहा है। अराजक तत्व हिंदू मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। हालात इतने खराब हो गए हैं कि वहां रहने वाले करीब 7 प्रतिशत हिंदू इन दिनों भय और आतंक के साये में जी रहे हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले कोई नई बात नहीं है,पहले भी हिंदुओं को यहां निशाना बनाया जाता रहा है लेकिन इस बार हालात और भी अलग हैं। शेख हसीना सत्ता छोड़ चुकी हैं, ऐसे में भारतीय नागरिकों का क्या होगा, यही चिंता सताने लगी है। बांग्लादेश में जारी अनिश्चितता और अराजकता के माहौल के बीच वहां हिंदुओं और अल्पसंख्यकों को टारगेट किया जा रहा है। हिन्दुओं के मंदिर, घर और दुकानें प्रदर्शनकारी कुछ भी नहीं छोड़ रहे हैं। आततायी कट्टरपंथी भीड़ ने यहां पर 64 जिलों में 44 हिन्दू मंदिरों समेत अनेक हिंदुओं के घरों के साथ ही उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है। इतना ही नहीं अराजक तत्व उनका कीमती सामान भी लूट ले गए। वहां पर मंदिरों और गुरुद्वारों में तोड़फोड़ की जा रही है। शेख हसीना के सत्ता और देश छोड़ने के बाद से वहां हालात बदतर हो गए हैं। इतना ही नहीं हिन्दू परिवारों की महिलाओं और लड़कियों के साथ भी बेहद घिनौना दुर्व्यवहार किया जा रहा है। बांग्लादेश के पंचगढ़, दिनाजपुर, बोगुरा, रंगपुर, शेरपुर किशोरगंज, सिराजगंज, मुगरा, नरैल, पश्चिम जशोर, पटुआखली, दक्षिण-पश्चिम खुलना, मध्य नरसिंगड़ी, सतखीरा, तंगैल,फेनी चटगांव, उत्तर-पश्चिम लक्खीपुर और हबीगंज जैसी जगहों पर कट्टरपंथियों का आतंक जारी है। वह यहां रहने वाले हिंदुओं पर न सिर्फ हमले कर रहे हैं बल्कि उनकी संपत्तियों को भी लूट कर ले जा रहे। बांग्लादेश के कट्टरपंथी हिंदुओं की संपत्तियों को चुन-चुन कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। मंदिर हो या गुरुद्वारा किसी को भी बख्शा नहीं जा रहा है। शहरों में हिंदू नेताओं पर हमले किए जा रहे हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर कई हिंदू परिवारों के वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें उन पर किए जा रहे अत्याचार का अंदाजा लगाया जा सकता है। सैकड़ों हिन्दू परिवार घर-बार छोड़कर भारतीय सीमा की ओर निकल पड़े हैं, लेकिन सीमा सील होने के कारण वह सीमा पार नहीं कर पा रहे। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

जीवन की भ्रान्तियों में से एक है असहाय होकर जीते रहना। जब आप कहते हैं, इसका कोई लाभ नहीं, तब वैसा ही हो जाता है। यह सोचना कि आप अपनी इच्छानुसार बदल नहीं सकते, एक भ्रम है।


## हमारी अनंत क्षमताएं



श्री श्री परमहंस योगानंद

इस संसार में कुछ ही लोग शरीर, मन एवं आत्मा की क्षमताओं को सचेतन रूप से विकसित करने का प्रयास करते हैं। शेष लोग अतीत की परिस्थितियों के शिकार होते हैं। वे पिछली बुरी आदतों द्वारा बाध्य होकर चलते जाते हैं, उनके प्रभाव में वे असहाय रूप से, केवल यह स्मरण रखते हुए नीचे गिरते रहते हैं कि मैं अधीर व्यक्ति हूँ, या मैं कमजोर हूँ, या मैं पापी हूँ, इत्यादि। यह हममें से प्रत्येक पर निर्भर है कि हम अपने बन्धनों को ज्ञान की तलवार से काट फेंकें या इनसे बँधे रहें। जीवन की भ्रान्तियों में से एक है असहाय होकर जीते रहना। जब आप कहते हैं, इसका कोई लाभ नहीं, तब वैसा ही हो जाता है। यह सोचना कि आप अपनी इच्छानुसार बदल नहीं सकते, एक भ्रम है। हमारे छोटे-से मन ईश्वर के सर्वशक्तिमान मन के अंश हैं। हमारी चेतना की लहर के नीचे उनकी चेतना का अनन्त सागर है। क्योंकि लहर यह भूल जाती है कि वह सागर का अंश है इसलिए वह सागर की शक्ति से अलग पड़ जाती है। परिणामस्वरूप, हमारे 8 मन परीक्षणों तथा भौतिक सीमाओं द्वारा दुर्बल हो गए हैं। मन ने अपना कार्य करना बन्द कर दिया है। यदि आप इस पर थोपी गयी सीमाएँ हटा दें तो आप यह देखकर आश्चर्यचकित हो जाएँगे कि यह कितना कुछ कर सकता है। अपनी क्षमताओं को इस कहावत के अनुसार सीमित क्यों करते हो, अपनी सामर्थ्य से अधिक करने का प्रयास न करो? मेरा मत है कि आपको अपनी क्षमता से अधिक का दायित्व लेना चाहिए, और फिर उसे पूरा भी करना चाहिए! **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




धर्म-अध्यात्म

## चिता पर बना है रामेश्वरी श्यामा माई मंदिर



बिहार के दरभंगा में चिता पर बना है मां काली का धाम श्यामा काली मंदिर कुछ मामलों में यह मंदिर सबसे अलग है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं और सभी मांगलिक कार्य भी किए जाते हैं। इस मंदिर को श्यामा माई के मंदिर के नाम से जाना जाता है। श्यामा माई का मंदिर श्मशान घाट में महाराजा रामेश्वर सिंह की चिता पर बनाया गया है और यह अपने आप में असामान्य घटना है। महाराजा रामेश्वर सिंह दरभंगा राज परिवार के साधक राजाओं में थे। राजा के नाम के कारण ही इस मंदिर को रामेश्वरी श्यामा माई के नाम से जाना जाता है। मंदिर की स्थापाना 1933 में दरभंगा के महाराज कामेश्वर सिंह ने की थी। गर्भगृह में मां काली की विशाल प्रतिमा के दाहिनी ओर महाकाल और बाईं ओर गणपति एवं बटुकभैरव देव की प्रतिमा स्थापित है। मां के गले में जो मुंड माला है उसमें हिंदी वर्णमाला के अक्षरों के बराबर मुंड हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि हिंदी वर्णमाला सृष्टि की प्रतीक हैं। मंदिर में होनेवाली आरती का विशेष महत्व है। यहां आए भक्तजन मंदिर आरती में शामिल होने के लिए घंटों इंतजार करते हैं। नवरात्र के दिनों में यहां श्रद्धालुओं की संख्या बढ जाती है और मेला लगता है। इस मंदिर में मां काली की पूजा वैदिक और तांत्रिक दोनों विधियों से की जाती है। आमतौर पर हिंदू धर्म में शादी के एक साल बाद तक जोड़ा श्मशान भूमि में नहीं जाता है लेकिन श्मशान भूमि में बने इस मंदिर में न केवल नवविवाहित आशीर्वाद लेने आते बल्कि इस मंदिर में शादियां भी सम्पन्न कराई जाती हैं। जानकारों का कहना है कि श्यामा माई माता सीता का रूप हैं। इस बात की व्याख्या राजा रामेश्वर सिंह के सेवक रहे लालदास ने रामेश्वर चरित मिथिला रामायण में की है। यह वाल्मिकी द्वारा रचित रामायण से ली गई है।

चिंतन-मनन

## सिस्टम को सोचने की जरूरत है



प्रियंका सौरभ
लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

पेरिस ओलिंपिक-2024 में सभी देशों को टक्कर देता इकलौता विश्वविजेता देश जापान आज हम सभी के लिए ज्योतिपुंज है। 14 साल का जापानी किशोर गोल्ड मेडल ला रहा है और हम 140 करोड़ का देश एक मेडल पर राजनीति श्रेय लेने की होड़ में वाहवाही कर रहे हैं। हर खिलाड़ी की व्यक्तिगत जीत देश के लिए न्यौछावर है लेकिन हम कहां हैं ये जानना जरूरी है मेडल लिस्ट में। जहां कॉलेज और स्कूल स्टूडेंट्स ओलंपिक मेडल ले आते हैं उनको बचपन से फोकस, जिम्मेवारी और निपुणता कैसे लानी है सिखाया जाता है। आज तक के हर ओलंपिक की यह तस्वीर आप खुद देखिए अब आगे क्या कहूं? एक-एक मेडल के लिए तरसते इस देश में जब हमारे स्टार खिलाड़ी सब कुछ मिलने के बाद राजनीति का स्वाद भी लेना चाहते हैं तो मन खट्टा हो ही जाता है। देश की हालात देखिए ओलंपिक में मेडल के लिए तरसते हैं और कोई एक मेडल जीत जाए तो राजनीतिक लाभ लेने के लिए पैसों की बारिश कर देते हैं लेकिन जो खिलाड़ी अभ्यास कर रहे होते हैं उनके लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराते। भारत जैसा देश शायद ही कोई दूसरा होगा। ऐसे ही कारणों से आज सफल लोग देश छोड़ रहे हैं। अपने देश मे योग्यता तो जन्म के साथ जाति विशेष में पैदा होने से ही आ जाती है, 9वीं फेल भी जाति आधार पर योग्यता के सर्टिफिकेट बांटते मिल जाएंगे लेकिन 140 करोड़ से ज्यादा जनसंख्या वाला देश 1947 में देश की आजादी के बाद भी ओलंपिक जैसे विश्वस्तरीय खेलों मे एक एक गोल्ड मेडल के लिए तरस रहा है। हे, महानुभावो, जातियों में महानता खोजना योग्य नहीं अयोग्य लोगो की पहचान है। ये जो ग्रेट जाति बनने की बीमारी लोगों मे लगी है, ये कोढ़ से भी ज्यादा घातक है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# एससी-एसटी समुदाय के सांसद क्रीमी लेयर को ले पीएम से मिले

## एससी-एसटी आरक्षण को ले भाजपा के 100 सांसदों ने प्रधानमंत्री मोदी को सौंपा ज्ञापन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) से संबंधित लगभग 100 सांसदों ने शुक्रवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस बैठक का उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी/एसटी कोटे के भीतर क्रीमी लेयर लागू करने के संबंध में दिए गए फैसले पर चर्चा करना था। सांसदों ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि यह फैसला लागू नहीं किया जाना चाहिए। सांसदों ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध उपवर्गीकरण के खिलाफ नहीं है, बल्कि एससी/एसटी समुदाय के लिए क्रीमी लेयर के प्रावधान के खिलाफ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट शेयर कर इस मुलाकात की जानकारी दी और आश्वासन दिया कि एससी/एसटी समुदाय के लिए क्रीमी लेयर का प्रावधान लागू नहीं किया जाएगा। ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट ने बीते हफ्ते एससी/एसटी वर्ग के कोटे में उपवर्गीकरण को मंजूरी दी थी। कोर्ट ने कहा था कि एससी/एसटी कैटेगरी के भीतर नई उपश्रेणियां बनाई जा सकती हैं और इसके तहत अत्यंत पिछड़े तबके को अलग से आरक्षण दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि राज्य सरकारें कोटे के भीतर कोटे की अनुमति दे सकती हैं, लेकिन उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह निर्णय राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के आधार पर न लिया जाए। यदि ऐसा होता है, तो निर्णय की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर कोई राज्य सरकार किसी जाति को कोटे के अंदर कोटा देती है, तो उस राज्य सरकार को यह साबित करना होगा कि यह पिछड़ेपन के आधार पर ही किया गया है। यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एससी/एसटी के कुल आरक्षण का 100 प्रतिशत हिस्सा किसी एक वर्ग को न दिया जाए। प्रधानमंत्री के साथ बैठक में शामिल सांसदों ने जोर देकर कहा कि एससी/एसटी समुदाय के लिए आरक्षण का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करना है। यदि क्रीमी लेयर का प्रावधान लागू किया जाता है, तो यह उन लोगों के लिए नुकसानदायक होगा, जो अभी भी समाज के हाशिए पर हैं। सांसदों ने इस बात पर भी जोर दिया कि एससी/एसटी समुदाय के लिए आरक्षण का उपयोग उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए किया जाना चाहिए, न कि उन्हें और विभाजित करने के लिए।इस मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एससी/एसटी समुदाय के हितों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और आश्वासन दिया कि उनकी सरकार इस मुद्दे पर ध्यान देगी। उन्होंने कहा कि सरकार एससी/एसटी समुदाय के साथ खड़ी है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी।

## बांग्लादेशी नागरिक को बीएसएफ ने हिरासत में लिया


**दक्षिण दिनाजपुर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बांग्लादेश में सामान उतारकर हिली सीमा के रास्ते देश में लौटे लॉरी में छिपे एक बांग्लादेशी नागरिक को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक का नाम बबलू शेख (30) है। वह गाईबांधा जिले के गोबिंदगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। घटना गुरुवार की बताई जा रही है। दरअसल, भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार बुधवार से फिर से शुरू हो गया है। इस दिन भारतीय लॉरी सामान लादकर पड़ोसी देश गयी थी। उस देश से खाली लॉरियां भारत लौटने लगी हैं। ऐसी ही एक लॉरी बांग्लादेश में सामान उतारकर हिली सीमा के रास्ते इस देश में लौट रही थी।

## नागपंचमी पर अयोध्या में रजत हिंडोले में विराजे रामलला

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में शुक्रवार को नागपंचमी के अवसर पर रामलला सरकार को अनुजों सहित रजत हिंडोले में विराजमान किया गया। शुक्रवार से मंदिर में झूलनोत्सव का आनंद छलकने लगा है। 21 किलो के रजत हिंडोले में रामलला विराजमान होकर 20 फीट की दूरी से भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। इस झूले का निर्माण 2021 में कराया गया था। गर्भगृह के सामने झूले पर भगवान की उत्सव मूर्ति लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्नऔर हनुमान जी की मूर्ति को भी हिंडोले में विराजित किया गया है। इससे पहले रामलला लकड़ी के झूले पर झूला झूलते थे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की व्यवस्था के अनुसार पंचमी से श्रावण पूर्णिमा तक प्रतिदिन मंदिर में शाम 6 से 7 बजे तक सांस्कृतिक संध्या भी सजेगी और भगवान को विशेष भोग अर्पित किया जाएगा।

# बिहार में 850 करोड़ का 'कैलीफोर्नियम' जब्त

**एजेंसी। गोपालगंज**



जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बल्थरी चेकपोस्ट पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी करते हुए 50 ग्राम बहुमूल्य रेडियोएक्टिव पदार्थ कैलीफोर्नियम जब्त किया है। जब्त किए गए पदार्थ के साथ तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसमें एक तस्कर और दो लाइन शामिल हैं। गोपालगंज से 850 करोड़ का कैलीफोर्नियम बरामदः इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बहुमूल्य पदार्थ की तस्करी की जा रही है। प्राप्त सूचना के आधार पर कुचायकोट थाना द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तत्काल छापेमारी करते हुए 50 ग्राम रेडियोएक्टिव पदार्थ कैलीफोर्नियम को जब्त किया। साथ ही तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

तीन तस्करों से पूछताछ जारीः फिलहाल इसकी जांच के लिए डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी से संपर्क साधा जा रहा है। एफएसएल की विशेष टीम पदार्थ की जांच करेगी। तस्करी, हैंडलिंग और बैकवर्ड फॉरवर्ड लिंकेज को भी खंगाला जा रहा है। वहीं गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में एक तस्कर यूपी के कुशीनगर के रहने वाला है। वहीं दो अभियुक्त लाइनर की भूमिका में हैं, जो गोपालगंज के रहने वाले बताए जाते हैं। तस्कर और लाइनर की हुई पहचानः तीनों की पहचान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के तमकुही राज थाना क्षेत्र के परसौनी बुजुर्ग गांव निवासी स्वर्गीय चंद्रदेव प्रसाद के 40 वर्षीय बेटा छोटे लाल प्रसाद, नगर थाना क्षेत्र के कौशल्या चौक वार्ड नंबर 22 निवासी योगेंद्र साह के 40 वर्षीय बेटा चंदन गुप्ता और महमदपुर थाना क्षेत्र के कुशहर मठिया निवासी हरेंद्र राम के 28 वर्षीय बेटा चंदन राम के रूप में की गई है। 'महीनों से बेचने की हो रही थी कोशिश'-एसपीः एसपी ने बताया कि कई महीनों से तस्कर इस पदार्थ को बेचने की कोशिश में था। रेडियोएक्टिव पदार्थ की हैंडलिंग और अग्रतर जांच के लिए एफएसएल की विशेष टीम को बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त पदार्थ का टेस्ट लैब रिपोर्ट है। आईआईटी मद्रास में टेस्ट हुआ है, पांडिचेरी के न्यूक्लियर पावर कंपनी है। 'बरामद सर्टिफिकेट फेक'-आईआईटी मद्रास के प्रोफेसरः पुलिस ने पांडिचेरी पुलिस से भी सम्पर्क साधा है।

## जया ने सभापति की टोन पर जताया ऐतराज, तो धनखड़ हुए नाराज

**एजेंसी। नई दिल्ली**



▸ राज्यसभा की एक वरिष्ठ सदस्य होने के नाते क्या आपके पास चेयर का निरादर करने का लाइसेंस है : सभापति

राज्यसभा में शुक्रवार को जया बच्चन और सभापति जगदीप धनखड़ के बीच तीखा संवाद हुआ। धनखड़ ने जया बच्चन के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि राज्यसभा की एक वरिष्ठ सदस्य होने के नाते क्या आपके पास चेयर का निरादर करने का लाइसेंस है। इससे पहले जया बच्चन ने सभापति जगदीप धनखड़ की टोन (बोलने के तरीके) पर अपना विरोध जताया था। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभापति ने कहा कि मेरी टोन, मेरी भाषा, मेरे टेंपर पर बात की जा रही है। पर मैं किसी और की स्क्रिप्ट के आधार पर नहीं चलता, मेरे पास अपनी खुद की स्क्रिप्ट है। जया बच्चन ने सभापति से कहा, सर मैं जया अमिताभ बच्चन यह बोलना चाहती हूं कि मैं कलाकार हूं, बॉडी लैंग्वेज समझती हूं, एक्सप्रेशन समझती हूं, सर मुझे माफ करिएगा लेकिन आपका टोन जो है... उन्होंने कहा कि हम सभी सहकर्मी हैं, आप आसन पर आसीन हो सकते हैं। जया बच्चन की इस बात से नाराज सभापति ने कहा कि जया जी आपने बहुत प्रतिष्ठा अर्जित की है, आप जानती हैं कि एक अभिनेता निर्देशक के अधीन होता है, मैंने यहां जो देखा वह आपने नहीं देखा। आप कोई भी हो सकती हैं, आप कोई सेलिब्रिटी हो सकती हैं, लेकिन आपको डेकोरम समझना होगा।

## मालदा में 45 लाख रुपये की ब्राउन शुगर जब्त, चार गिरफ्तार

**कोलकाता ।** मालदा जिला पुलिस ने 45 लाख रुपये के ब्राउन शुगर के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिले के एसपी प्रदीप यादव ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कलियाचक पुलिस स्टेशन को मिले इनपुट के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया और उनके पास से 451 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है। जब्त की गई ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत लगभग 45 लाख रुपये है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान नसीमुल शेख (23), सैमिउल शेख (40), सामौन शेख (38) और सज्जान शेख के रूप में हुई है। ये सभी हरूचक, थाना-कलियाचक, जिला-मालदा के निवासी हैं।

पुलिस ने आरोपितों के पास से दो मोटरसाइकिलें भी जब्त कीं, जिन्हें कथित तौर पर ब्राउन शुगर की तस्करी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। यह कार्रवाई चटरा गांव के अलिपुर-2 ग्राम पंचायत के अंतर्गत की गई है।

## तालियों के बीच वायनाड से विदा हुए भारतीय सेना के जवान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

▸ सेना का ऑपरेशन खत्म होने के बाद भूस्खलन प्रभावित नागरिकों ने कृतज्ञता जताई
▸ डॉग यूनिट के लैब्राडोर जाकी, डिक्सी और सारा को भी लोगों ने जाते वक्त दुलराया

केरल के वायनाड के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में 10 दिनों तक खोज और बचाव अभियान चलाने के बाद भारतीय सेना के जवानों की वापसी हो चुकी है। सेना की टुकड़ी को अपार कृतज्ञता के साथ विदाई दी गई। वायनाड से बाहर निकलते समय कुत्तों और डॉग हैंडलर सहित बचाव दल को स्थानीय लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच विदा किया। कन्नूर और त्रिवेंद्रम सैन्य अस्पतालों की सशस्त्र सेना चिकित्सा टीमें वायनाड के चूरलमाला और मुंदक्कई क्षेत्रों में प्रभावित ग्रामीणों और बचावकर्मियों को महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता प्रदान की। वायनाड के चूरलमाला और मुंडक्कई गांव में 30 जुलाई की देर रात लगातार तीन बार भूस्खलन होने से सैकड़ों लोग मलबे में दब गए थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भूस्खलन के मद्देनजर तत्काल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से बात की। इसके बाद भारतीय सेना की टुकड़ियों के साथ भारतीय वायुसेना के ध्रुव हेलीकॉप्टर को वायनाड में बचाव अभियान चलाने के लिए भेजा गया। सर्च ऑपरेशन चलाने के लिए जमीन पर सेना के 1300 से अधिक जवानों को तैनात किया गया। बचाव और राहत प्रयासों में सहायता के लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टरों से सेना और नौसेना की अतिरिक्त टुकड़ियां जुटाई गईं। भारी इंजीनियरिंग उपकरण, बचाव कुत्तों की टीमें और अन्य आवश्यक राहत सामग्री को त्रिवेंद्रम, बेंगलुरु और दिल्ली से वायनाड पहुंचाया गया। सेना ने लगभग 1000 लोगों को बचाकर उन्हें चिकित्सा सहायता दी और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। सेना ने रातों-रात 100 फीट लंबा पुल बनाकर जनता के लिए खोल दिया।

# लोकसभा अध्यक्ष के साथ बैठक में पीएम मोदी और विपक्षी नेता हुए शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



संसद के बजट सत्र के समापन के बाद शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने टी पार्टी का आयोजन किया। इस बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस बैठक में सरकार और विपक्ष के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा हुई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी नेताओं का आभार व्यक्त किया और संसद के कामकाज में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस अवसर पर सभी नेताओं के साथ बातचीत की और संसदीय कार्यों में सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। इस बैठक में विभिन्न दलों के नेताओं के बीच आपसी संवाद और सौहार्द का माहौल देखा गया, जो संसदीय लोकतंत्र के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

## नीतीश ने ग्राउंड जीरो पर जाकर लिया जायजा

**एजेंसी। पटना**

बिहार की प्रमुख नदी गंगा में पिछले कई दिनों से उफान है। पटना पर भी खतरा उत्पन्न होता दिखाई पड़ रहा है। पटना के गांधी घाट पर गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गंगा घाटों का जायजा लिया है। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने पटना के डीएम और जल संसाधन विभाग को अलर्ट रहने के लिए कहा है। वहीं जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सोन नदी में जल स्त्राव अधिक होने के कारण गंगा का जलस्तर बढ़ा है। गंगा में जलस्तर बढ़ने से सरकार में हड़कम्प : पटना के गंगा घाट पर जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर जाने के बाद सरकार में हड़कंप मचा हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जायजा लेने के बाद जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सोन नदी में मध्य प्रदेश, झारखंड और उत्तर प्रदेश से अधिक पानी छोड़े जाने के कारण ही गंगा का जलस्तर बढ़ा है। स्थिति अभी पूरी तरह से नियंत्रण में : हालांकि जल संसाधन मंत्री ने कहा कि स्थिति अभी पूरी तरह से नियंत्रण में है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें।

**वृष :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा।

**मिथुन :** पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा।

**कर्क :** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**सिंह :** निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**कन्या :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**तुला :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृश्चिक :** विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**धनु :** अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे।

**मकर :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है।

**कुंभ :** हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**मीन :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# मानकीकरण के लिए मानक ब्यूरो ने आयुष क्षेत्र में विभाग का किया गठन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने आयुष क्षेत्र में मानकीकरण के लिए विभागों का गठन किया है। ये नया विभाग आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा प्रणालियों को शामिल करते हुए आयुष उत्पादों और कार्य प्रणालियों की सुरक्षा, प्रभावकारिता और गुणवत्ता को प्रोत्साहन देने पर केंदित है। केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि बीआईएस ने आयुष क्षेत्र में मानकीकरण के लिए विभागों का गठन किया है। बीआईएस के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने कहा कि प्रसिद्ध विशेषज्ञों के नेतृत्व में आयुष विभाग ने सात अनुभागीय समितियों का गठन किया है, जिनमें से प्रत्येक एक विशिष्ट आयुष प्रणाली की देख-रेख करती है। ये समितियां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दिशा-निदेशों के अनुरूप व्यापक, साक्ष्य-आधारित मानकों को सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञों, वैज्ञानिक और तकनीकी संस्थानों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं नियामक निकायों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर कार्य करती हैं। दरअसल बीआईएस ने एकल जड़ी-बूटियों, आयुर्वेद और योग शब्दावली, पंचकर्म उपकरणों, योग सहायक उपकरणों और जड़ी-बूटियों में कीटनाशक अवशेषों के परीक्षण विधियों जैसे विविध विषयों को शामिल करते हुए 91 मानक प्रकाशित किए हैं। उल्लेखनीय है कि पारंपरिक चिकित्सा में उपयोग की जाने वाली आषधियों के लिए 80 स्वदेशी भारतीय मानकों का प्रकाशन उनके सुरक्षित और प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देता है। इससे उपभोक्ताओं और उद्योग दोनों को लाभ होता है। इसके अलावा पंचकर्म उपकरणों के लिए पहले राष्ट्रीय मानक रोगनिरोधी और चिकित्सीय प्रक्रियाओं में एकरुपता सुनिश्चित करते हैं, जिससे आयुष स्वास्थ्य सेवा प्रथाओं की गुणवत्ता में वृद्धि होती है।

## भारत में घरेलू हवाई यात्री ट्रैफिक जुलाई में 8.6 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत में हवाई यात्रियों की संख्या में जुलाई में इजाफा देखने को मिला है। बीते महीने कुल 1.31 करोड़ यात्रियों ने घरेलू उड़ान भरी। सालाना आधार पर इसमें 8.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, पिछले वर्ष समान अवधि में यह संख्या 1.21 करोड़ थी। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की रिपोर्ट में बताया गया कि घरेलू एयर ट्रैफिक प्री-कोविड स्तर से 10 प्रतिशत अधिक हो गया है। जुलाई 2019 में 1.19 करोड़ यात्रियों ने विमान से सफर किया था। देशभर में अप्रैल से जुलाई के बीच 5.33 करोड़ लोगों ने घरेलू उड़ान भरी है। पिछले साल यह संख्या 5.06 करोड़ थी। यह संख्या प्री-कोविड से 13.2 प्रतिशत ज्यादा है। वित्त वर्ष 20 के पहले चार महीनों में 4.71 करोड़ यात्रियों ने विमान से उड़ान भरी थी।

## गरीब इलाकों में पैदा हुए बच्चों में अटेंशन डेफिसिट का खतरा अधिक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एक शोध में यह बात सामने आई है कि ऑटिस्टिक बच्चे जो गरीब या वंचित इलाकों में पैदा होते हैं, उनमें संपन्न क्षेत्रों में पैदा हुए बच्चों की तुलना में अटेंशन डेफिसिट हाइपर डिसऑर्डर (एडीएचडी) के लक्षण अधिक दिखाई देते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया डेविस के माइंड इंस्टीट्यूट के शोधकतार्ओं द्वारा किया गया यह अध्ययन इस बात का खुलासा करता है कि नेबरहुड फैक्टर के कारक ऑटिस्टिक और गैर-ऑटिस्टिक बच्चे दोनों में अटेंशन डेफिसिट हाइपर डिसऑर्डर लक्षणों को कैसे प्रभावित करते हैं। ये निष्कर्ष स्वास्थ्य समानता में सुधार के उद्देश्य से सार्वजनिक नीति परिवर्तनों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। अध्ययन की प्रथम लेखिका और यूसी डेविस माइंड इंस्टीट्यूट में पोस्टडॉक्टरल शोधकर्ता कैटरीना कैलब ने कहा कि हमने पाया कि कुछ खास नेबरहुड फैक्टर ऑटिस्टिक बच्चों में एडीएचडी लक्षणों के साथ दृढ़ता से सहसंबंध होते हैं। इसमें दिलचस्प बात यह है कि यह प्रभाव सामान्य रूप से विकसित होने वाले बच्चों या अन्य विकासात्मक विकलांगताओं वाले बच्चों में नहीं देखा गया। जो यह बताता है कि संसाधन विहीन नेबरहुड में रहने वाले ऑटिस्टिक बच्चों में अटेंशन डेफिसिट हाइपर डिसऑर्डर के लक्षण अधिक गंभीर होते हैं। अटेंशन डेफिसिट हाइपर डिसऑर्डर के लक्षणों में असावधानी, अति सक्रियता और आवेगपूर्ण व्यवहार शामिल हैं, जो स्कूल, सामाजिक संबंधों और भावनात्मक कल्याण में महत्वपूर्ण चुनौतियों का कारण बन सकते हैं।

## लोकसभा में बैंकिंग कानून में संशोधन से जुड़ा विधेयक पेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में बैंकिंग नियमों में बदलाव से जुड़ा बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया। विधेयक का उद्देश्य भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, बैंकिंग विनियमन अधिनियम और भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम में संशोधन करना है। वित्त मंत्री के पेश इस बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 में प्रति बैंक खाते में नामांकित व्यक्तियों के विकल्प को मौजूदा एक से बढ़ाकर चार करने का प्रावधान है। इस विधयेक में पत्नी/पति या माता-पिता के अलावा भाई-बहन को भी नॉमिनी बनाने का विकल्प मिलेगा। बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को पिछले हफ्ते केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान दी थी। इसके तहत भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955, बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम 1970 और बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 में संशोधन करने का प्रस्ताव है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट भाषण में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 की घोषणा की थी।

## फोनपे ने प्री-अप्रूव्ड टर्म लाइफ इंश्योरेंस किया लांच

**नई दिल्ली।** फोनपे ने शुक्रवार को अपने प्लेटफॉर्म पर प्री-अप्रूव्ड टर्म लाइफ इंश्योरेंस फीचर शुरू करने की घोषणा की। इस फीचर का उद्देश्य पॉलिसी खरीदते समय आय के प्रमाण की आवश्यकता को समाप्त कर लाखों भारतीयों के लिए बीमा कवरेज को अधिक सुलभ और किफायती बनाना है। इस लांच के साथ फोनपे भारत में वित्तीय समावेशन के एक नए युग की शुरुआत कर रहा है, जिसमें बीमा उत्पादों को समावेशी बनाया गया है, साथ ही व्यापक आय सत्यापन की आवश्यकता के बिना जीवन बीमा कवरेज तक त्वरित और सुविधाजनक पहुंच का अतिरिक्त लाभ भी दिया गया है। फोनपे इंश्योरेंस ब्रोकिंग सर्विसेज के सीईओ विशाल गुप्ता ने कहा, हम अपने प्लेटफॉर्म पर प्री-अप्रूव्ड सम एश्योर्ड सुविधा के लॉन्च की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं।

## वैश्विक सपोर्ट से बुलंदी पर शेयर बाजार

# सेंसेक्स 819.69 अंक की बढ़त के साथ बंद

**एजेंसी नई दिल्ली**



पॉजिटिव ग्लोबल संकेतों के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में भी निवेशकों का जोश बुलंदी पर रहा। आज के कारोबार की शुरुआत जोरदार मजबूती के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में मुनाफा वसूली शुरू होने के कारण बाजार में मामूली गिरावट भी आई। इसके बावजूद पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 1.04 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। पूरे दिन की खरीद-बिक्री के बाद सेंसेक्स 819.69 अंक की बढ़त के साथ 79,705.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 250.50 में अंक की तेजी के साथ 24,367.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद आज बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। कैपिटल गुड्स, रियल्टी, आईटी, ऑटोमोबाइल, पावर, पीएसयू बैंक और मीडिया इंडेक्स में आज एक से दो प्रतिशत तक की मजबूती दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

# अरशद नदीम 92.97 मीटर का गोल्डन थ्रो

# 89.45 मीटर के साथ **नीरज** को मिला रजत पदक

## प्रयास...

**नीरज**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| - | 89.45 | - | - | - | - |

**अरशद नदीम**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| - | 92.97 | 88.72 | 79.5 | 84.87 | 91.79 |

एजेंसी

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में जैवलिन थ्रो का फाइनल बेहद रोमांचक रहा। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि सीजन के अपने बेस्ट थ्रो के साथ नीरज चोपड़ा को गुरुवार रात रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। नीरज चोपड़ा जो क्वालीफाइंग में 89.34 मीटर के शानदार प्रयास के साथ फाइनल में स्वर्ण के प्रबल दावेदार थे, लेकिन उन्हें भाग्य का साथ नहीं मिला। पदक मुकाबले में नीरज ने 89.45 मीटर जैवलिन फेंका, लेकिन यह मौजूदा विश्व चैंपियन और डायमंड लीग फाइनल विजेता के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुआ क्योंकि पाकिस्तान के अरशद नदीम ने नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीतकर उन्हें पछाड़ दिया। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर के थ्रो के साथ नया ओलंपिक रिकॉर्ड स्थापित किया। 92.97 मीटर के विशाल थ्रो ने नदीम को शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया और वह 88.72, 79.50 मीटर और 84.87 मीटर के थ्रो के साथ उस स्थान पर बने रहे और फिर 91.79 मीटर के थ्रो के साथ प्रतियोगिता समाप्त की। यह दूसरी बार था जब किसी ने ओलंपिक में दो बार 90 मीटर का आंकड़ा पार किया। वह ओलंपिक में व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में पाकिस्तान के पहले स्वर्ण पदक विजेता बन गए हैं। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 88.54 मीटर दूर जैवलिन फेंक कर कांस्य पदक जीता।

चोपड़ा ने फाइनल की शुरूआत अपने पहले प्रयास में फाउल से की, नदीम ने भी अपना पहला थ्रो फाउल किया, जबकि त्रिनिदाद के केशोर्न वाल्कोट ने 86.16 मीटर के थ्रो के साथ बढ़त बनाई। एंडरसन पीटर्स 84.70 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। पदक के सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे नीरज का पहला प्रयास असफल रहा। ऐसे में दबाव में नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में 89.45 मीटर जैवलिन (सीजन बेस्ट) फेंका। इसके बाद भारतीय एथलीट के अगले 4 प्रयास भी फाउल रहे। पेरिस ओलंपिक में जैवलिन थ्रो इवेंट इतनी चुनौतीपूर्ण थी कि टोक्यो में रजत पदक जीतने वाले जर्मनी के जूलियन वेबर को छठे स्थान से संतोष करना पड़ा। नीरज से उम्मीदें इतनी ज्यादा थीं कि रजत पदक जीतना निराशाजनक रहा, लेकिन गुरुवार को नीरज कुछ नहीं कर सके क्योंकि नदीम ने सभी को मात दे दी। रजत पदक जीतने के साथ नीरज चोपड़ा ने भारत के लिए इतिहास रच दिया, वे ओलंपिक में लगातार दो पदक जीतने वाले दूसरे पुरुष भारतीय और कुल मिलाकर तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले पहलवान सुशील कुमार ने 2008 और 2012 के खेलों में कांस्य और रजत पदक जीता था। पीवी सिंधु लगातार दो पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय हैं। वहीं नीरज की मां ने नदीम की जीत पर कहा वह भी अपना ही बेटा है।




किसी ओलंपिक में **छह प्रयास** में दो बार 90 मीटर से ज्यादा दूर भाला फेंकने का भी बना रिकॉर्ड

> नीरज की मां ने कहा नदीम भी **बेटा** ही है

### जैवलिन में 90.57 मीटर का था ओलंपिक रिकॉर्ड

जेवललिन थ्रो में ओलंपिक रिकॉर्ड की बात की जाए तो अब तक ये रिकॉर्ड जर्मनी के एंड्रियास थोरकिल्डसेन के नाम था। एंड्रियास ने ये रिकॉर्ड 23 अगस्त 2008 को बीजिंग ओलंपपिक में 90.57 मीटर दूर भाला फेंककर भाला बनाया था।

### जैवलिन में 98.48 का है वर्ल्ड रिकॉर्ड

जेवलिन थ्रो का वर्ल्ड रिकॉर्ड चेक गणराज्य के खिलाड़ी के नाम दर्ज है। तीन बार के वर्ल्ड और ओलंपिक चैम्पियन चैम्पियन दिग्गज एथलीट जान चेक गणराज्य के जेलेजनी ने जर्मनी में एक एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दौरान साल 1996 में 98.48 मीटर का थ्रो करके पुरुषों के भाला फेंक का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया था, जो आज तक कायम है।

## बांग्लादेश के खिलाफ हो सकती है शमी की वापसी



**नई दिल्ली।** वनडे विश्व कप के बाद चोटिल होने के कारण टीम इंडिया से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भारतीय टीम में जल्द वापसी की उम्मीद की जा रही है। शमी बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू हो रही दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम में वापसी कर सकते हैं। मोहम्मद शमी वनडे विश्व कप 2023 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्होंने सिर्फ सात मैचों में 24 विकेट चटकाए थे। इसमें मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में (7-57) शानदार गेंदबाजी भी शामिल है। वनडे विश्व कप के बाद मोहम्मद शमी को दाहिनी एड़ी में चोट के कारण क्रिकेट से दूर रहना पड़ा था। इसके चलते उनको इस साल 2024 में सर्जरी भी करवानी पड़ी थी। वह क्रिकेट से कई महीनों से दूर रहे हैं। शमी अपनी चोट से काफी अच्छी तरह से रिकवर कर रहे हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, शमी फिलहाल एनसीए में अपने रिहैब के अंतिम चरण में हैं और पिछले महीने उन्होंने गेंदबाजी शुरू की थी।

## श्रीलंका को इंग्लिश टेस्ट सीरीज पर सुरक्षा चिंता




एजेंसी

**नई दिल्ली।** श्रीलंका ने ब्रिटेन में चल रहे अप्रवासी विरोधी दंगों के बीच इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के समक्ष सुरक्षा संबंधी चिंता जताई है तथा खिलाड़ियों ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला से पहले सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध किया है। तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले ट्रेनिंग के लिए इंग्लैंड में मौजूद श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट बोर्ड से बेहतर व्यवस्था करने के लिए कहा है, क्योंकि रविवार को पूरी टेस्ट टीम के लंदन पहुंचने से पहले उनके पास सुरक्षा योजना नहीं है। इंग्लैंड में मौजूद एक श्रीलंकाई खिलाड़ी ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, "ज्यादातर मुद्दे हमारी मौजूदा स्थिति से अलग हैं, लेकिन फिर भी सभी थोड़े चिंतित हैं। हम डिनर के लिए बाहर नहीं जा सकते या ऐसा कुछ नहीं कर सकते। ज्यादातर हम होटल में ही रहते हैं।

## पीएम, राजनाथ ने दी नीरज चोपड़ा को बधाई, खिलाड़ी के घर पर जश्न

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पोस्ट में पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में नीरज चोपड़ा को रजत पदक जीतने पर बधाई दी। नीरज की इस सफलता पर उनके घर पर जश्न मनाया जा रहा है। घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा है, "नीरज चोपड़ा उत्कृष्टता के साक्षात उदाहरण हैं। उन्होंने बार-बार अपनी प्रतिभा दिखाई है। भारत को खुशी है कि वह एक बार फिर ओलंपिक में सफल रहे हैं। रजत पदक जीतने पर उन्हें बधाई। वह आने वाले अनगिनत एथलीटों को अपने सपनों को पूरा करने और हमारे देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।" रक्षामंत्री सिंह ने लिखा है, "असाधारण एथलीट नीरज चोपड़ा को पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में उनकी अद्भुत उपलब्धि और रजत पदक जीतने के लिए बहुत-बहुत बधाई। वह कड़ी मेहनत, समर्पण और निरंतरता के प्रतीक हैं। उनकी सफलता से पूरा देश प्रसन्न है।" शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा है, "प्रतियोगिता शानदार थी। हर खिलाड़ी का अपना दिन होता है, आज अरशद का दिन था।

## राज्य स्तरीय ग्रामीण व जनजातीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** पर्यटन ,कला-संस्कृति,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस पर दो दिवसीय झारखंड राज्य स्तरीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का का आज बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उदघाटन किया गया। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि खेल निदेशक झारखंड प्रशासनिक सेवा के संदीप कुमार , विशिष्ट अतिथि झारखंड के आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा , संयुक्त निदेशक, साझा के राज किशोर खाखा, विभागीय खेल उपनिदेशक मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया। स्वागत भाषण संयुक्त निदेशक, साझा राज किशोर खाखा ने किया। जबकि पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन विभाग के वरिष्ठ खो-खो प्रशिक्षक अजय झा ने किया। स्वागत गान पश्चिमी सिंहभूम के सतीश शमद एण्ड खिलाड़ी ग्रुप ने दर्शकों को आनंदित किया। स्वागत नृत्य सुजाता तिर्की एण्ड ग्रुप ने "कर्म कर्म बच की आयो" गान पर उपस्थित सभी दर्शकों को झूमने के लिए विवश कर दिया।

योग प्रदर्शन संत कबीर सेवा धाम आश्रम ठाकुरगांव , रांची के अनाथालय के बच्चों के द्वारा कैप्टन संतोषी साहू के निर्देशन में किया। इस अवसर पर निदेशक महोदय द्वारा जिला खेल पदाधिकारी, पश्चिमी सिंहभूम श्रीमती रूपा रानी तिर्की, जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा उपवन बाड़ा, जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ मारकस हेमरोम , जिला खेल पदाधिकारी धनबाद उमेश लोहरा एवं जिला खेल पदाधिकारी, रांची के शिवेंद्र कुमार को प्रतीक चिह्न एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खेल निदेशक संदीप कुमार एवं विशिष्ट अतिथि आदिवासी कल्याण आयुक्त झारखंड के अजय नाथ झा ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित किया। इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गुलेल, पारम्परिक तीरंदाजी,सिखौर, गेड़ी दौड़, फुटबॉल, हॉकी की प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता को सफल संचालन में विभागीय प्रशिक्षक भरत कुमार शाह, गोपाल तिर्की, सुनील महली, अनमोल टोप्पो,काली चरण महतो, अंगद हंसराज,राजू साहू, हरीश कुमार, प्रेम पूर्ति, अख्तर हुसैन, बलराम,मोहन कुमार,जोलेन केरकेट्टा, संदीप उरांव, रेमंड मिंज, सुदीप कुजूर एवं कई गणमान्य प्रशिक्षक ने अहम भूमिका निभाई। आगंतुकों का स्वागत जिला खेल समन्वयक रांची आशीष कुमार बनर्जी, मुकेश कुमार, बिरसी मुंडू ने संयुक्त रूप से किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला खेल पदाधिकारी, रांची सह इस प्रतियोगिता के नोडल पदाधिकारी शिवेन्द्र कुमार ने किया।



### पूरी प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार है

**पारम्परिक तीरंदाजी अंडर -19 बालक वर्ग:-** **1.** शिवा हंसदा-धनबाद **2.** योगेंद्र हेस्सा-पश्चिम सिंहभूम 3. विमल सोरेन-धनबाद

**अंडर -19 बालिका वर्ग:-** **1.**सुबिता सोरेन -पूर्वी सिंहभूम **2.** अप्रैल पूर्ति -पश्चिम सिंहभूम **3.** सुनिन टूटी -सरायकेला खरसावां

**पुरुष वर्ग:- 1.**सुनीराम हेंब्रम-दुमका **2.**रोहित सरदार-सरायकेला खरसावां **3.**सुनील हेस्सा-पश्चिमी सिंहभूम

**महिला वर्ग:-** 1.प्रियंका कुमारी हांसदा-धनबाद **2.**चांद मुनि कुंकल -पश्चिम सिंहभूम **3.**प्रियंका कुमारी-धनबाद

**सेकोर खेल बालक एवं बालिका वर्ग:- 1.**सरायकेला-खरसांवा **2.** पश्चिम सिंहभूम

**हॉकी बालिका वर्ग:-1.**विजेता- आवासीय क्रीड़ा केंद्र बरियातू, रांची **2.**उपविजेता-डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र हूलूंडू ,रांची

**गुलेल अंडर-19 बालक वर्ग : 1.**रमेश उरांव - लातेहार **2.**राम मुण्डू - खूंटी **3.** हर्ष रिमिल केरकेट्टा - सिमडेगा

**अंडर बालिका वर्ग:- 1.**जानो बांडरा -पश्चिम सिंहभूम **2.**निमा एक्का -सिमडेगा **3.** प्रियंका डांग - सिमडेगा

**पुरुष वर्ग:- 1.** विनय टुडू - दुमका **2.** खिलेश्वर कालो - सिमडेगा **3.** संजय पूर्ति -पश्चिम सिंहभूम

**महिला वर्ग:- 1.** गांगी बारला -सिमडेगा **2.** शीतल जारिका -पश्चिमी सिंहभूम

**गेड़ी दौड़ अंडर-19 बालक वर्ग:- 1.** राकेश सोरेन- दुमक **2.** संजय मुर्मू - दुमका **3.** राम मुंडू - खूंटी

**अंडर -19 बालिका वर्ग:- 1.** आरती कुमारी - गुमला

**अंडर-19 पुरुष वर्ग :- 1.** विनोद सोरेन - दुमका **2.**देवी शोल - दुमका

**अंडर-19 महिला वर्ग:- 1.** गुरुमणि टूटी - खूंटी **2.**अनीता होरो - गुमला


*पुरस्कार वितरण साझा के संयुक्त निदेशक राज किशोर खाखा,साई, सैग प्रभारी सह अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक एवं विनोद कुमार सिंह ने सभी खेलों के विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया ।*

## भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर, अशोक दीवान जिन्होंने एक हार के बाद कर लिया था अपनी जान देने का फैसला

एजेंसी

**अशोक दीवान बर्थडे**

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर अशोक दीवान 70 साल के हो गए हैं। अशोक दीवान ने भारत को 1975 में विश्व कप जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा, वह 1976 में मॉन्ट्रियल ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा भी रहे थे। अशोक दीवान को ध्यान चंद पुरस्कार के पहले वर्ष में ही, यानि 2002 में इस सम्मान से नवाजा गया था। यह पुरस्कार खेल में आजीवन योगदान के लिए केंद्र सरकार द्वारा दिए जाता है। 1975 का विश्व कप जीतना और फाइनल में पाकिस्तान को शानदार तरीके से हराना अशोक दीवान के खेल जीवन का सबसे यादगार पल था। तब पाकिस्तान एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी था। वह मॉन्ट्रियल ओलंपिक के लिए गई भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा थे। तब भारत विश्व चैंपियन टीम थी और गोल्ड के लिए सबकी पसंदीदा थी। लेकिन उस ओलंपिक में हॉकी के मैच कृत्रिम मैदान पर कराने का फैसला किया गया, जो भारतीय हॉकी के लिए एक बड़ा झटका साबित हुआ था। अशोक दीवान ने एक इंटरव्यू में बताया था कि ऐसे मैदान पर खेलने के आदी होने के लिए उनको व उनकी टीम को बहुत मशक्कत करनी पड़ी। यहां तक कि प्रैक्टिस के दौरान दीवान के दो दांत भी टूट गए थे। इसके बावजूद भारत उस ओलंपिक का गोल्ड नहीं जीत पाया था। दीवान ने उस इंटरव्यू में खुलासा किया था कि इस ओलंपिक में भारत को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार मिली, तब वह अपने प्रदर्शन से बेहद निराश थे। इस निराशा में उन्होंने अपना जीवन समाप्त करने का फैसला कर लिया था।



> **1975** का विश्व कप जीतना और फाइनल में पाकिस्तान को शानदार तरीके से हराना अशोक दीवान के खेल जीवन का सबसे यादगार पल था। तब पाकिस्तान एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी था।

**कांस्य विजेता हॉकी खिलाड़ी को प्रोत्साहन**

## विवेक सागर को 1 करोड़ रुपये देगी एमपी सरकार

एजेंसी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य विवेक प्रसाद सागर को पुरस्कार स्वरूप एक करोड़ रुपये देगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने विवेक से वीडियो कॉल के माध्यम से बात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी साझा करते हुए कहा कि ओलंपिक गेम्स में कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी, हमारे मध्यप्रदेश के गौरव विवेक प्रसाद सागर को वीडियो कॉल के माध्यम से बात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मध्य प्रदेश सरकार की ओर से विवेक को एक करोड़ रुपये दिए जाएंगे। जिस लगन और परिश्रम से टीम ने देश को गौरवान्वित किया है, वह प्रशंसनीय है। उल्लेखनीय है कि पेरिस ओलंपिक गेम्स में हॉकी स्पर्धा में भारतीय टीम ने स्पेन को 2-1 से पराजित कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

## एक नजर

### प्रखंड कार्यालय में सन्नाटा पसरा

**गिद्धौर (चतरा)।** मनरेगा कर्मी एवं सहायक कर्मियों के हड़ताल से प्रखंड कार्यालय सुनसान पड़ गया। वहीं मनरेगा के साथ-साथ अन्य कार्य भी ठप गया है। ग्रामीणों को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र तक बनाने में पसीना छूट रहा है। जबकि मनरेगा के मजदूर को न तो काम मिल रहा है और न ही मजदूरी का भुगतान हो पा रहा है। प्रखंड कार्यालय में फिलहाल प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ-साथ सिर्फ और सिर्फ आदेश पाल की नजर आते हैं। प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र से आने वाले ग्रामीणों की समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है। कई ग्रामीण विभिन्न कार्य को लेकर प्रखंड कार्यालय तो पहुंचते हैं। परंतु कार्य नहीं होने पर वह बैरंग वापस लोट जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव का अतिरिक्त प्रभार पत्थलगड़ा होने पर भी लोगों को दिक्कत हो रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्थलगड्डा प्रखंड के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करने की मांग किया है।

### विश्व आदिवासी दिवस पर भगवान बिरसा को नमन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के विभिन्न गांव में शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस मौके पर भगवान बिरसा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। बताया गया कि आदिवासी ही धरती आबा के मूल वासी हैं। प्रखंड के खलारी, सिंदुरब्बे, बघमरी व चिरैया गांव में पूरे हर्षोल्लास के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस क्रम में आदिवासी समाज के लोगों द्वारा पारंपरिक नृत्य व नाच गान प्रस्तुत किए गए।

### नाग देवता की हुई पूजा-अर्चना

**गिद्धौर (चतरा)।** नाग पंचमी पर प्रखंड के विभिन्न शिवालियों में नाग देवता पर दूध व लावा चढ़ाकर पूजा अर्चना किया गया। शुक्रवार के सुबह से ही विभिन्न शिव मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। जिसकी पश्चात नाग देवता पर दूध व लावा चढ़ाकर जीवन मंगल की कामना की गई। बताया गया की नाग पंचमी पर भगवान शिव की पूजा-आराधना के साथ उनके गले की शोभा बढ़ाने वाले नाग देवता की विधिवत पूजा-अर्चना होती है। नाग पंचमी नागों या नाग देवता की पूजा के लिए समर्पित है। इस दिन नाग देवता का सम्मान करने के लिए विभिन्न अनुष्ठान किए जाते हैं। माना जाता है कि ये भक्तों को सुरक्षा और समृद्धि प्रदान करते हैं।

### शिक्षकों की सीआरसी स्तर पर बैठक संपन्न

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय बारीसाखी में शिक्षकों का सीआरसी स्तर पर बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सीआरपी नवनीत कुमार सिन्हा ने किया। बैठक में विद्यालय वार समीक्षा किया गया। जबकि समय पर विद्यालय से संबंधित रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश शिक्षकों को दिया गया। विद्यालय अवधि में किसी भी स्थिति में मध्यान भोजन बंद ना हो इसका भी ख्याल रखने का आह्वान किया गया। सभी शिक्षकों को बायोमेट्रिक उपस्थिति समय पर दर्ज करने को भी कहा गया। बैठक में शिक्षिका पायल प्रिया, शिक्षक निर्मल राणा, रामजीवन साहू, अरुण दांगी, वीरेंद्र तिर्की, विशेश्वर दांगी, चंद्रदेव प्रसाद सहित थे।

## अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज

# पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**◂◂ पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पैनी नजर रख रही है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार (गढ़वा)।** केतार थाना पुलिस को गुरूवार की रात्रि में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी के नेतृत्व में बत्तों कला सूर्य मंदिर के समीप से पाचाडुमर गांव निवासी रामलाल मेहता को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। बंशीधर नगर एसडीपीओ सतेन्द्र नारायण सिंह ने शुक्रवार को केतार थाना में प्रेंस कान्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया की पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक पिस्टल लेकर बाइक से परती कूशवानी गांव के रास्ते खरौंधी थाना क्षेत्र की तरफ जा रहा था। पुलिस ने इसकी सत्यता की जांच व आरोपी की गिरफ्तारी के लिए बत्तों कला सूर्य मंदिर के समीप वाहन चेकिंग अभियान लगाया। इस क्रम में बत्तों कला गांव की ओर से आ रहे बाइक सवार को रूकने का इशारा किया गया। बाईक सवार पुलिस को देखकर बाइक पिछे कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने बाईक सवार को दौड़ाकर पकड़ लिया। अवैध हथियार रखने के जुर्म में युवक पर प्राथमिकी दर्ज करत न्यायिक हिरासत गढ़वा में भेज दिया है। थाना प्रभारी अरूण कुमार ने कहा की पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पैनी नजर रख रही है। उन्होंने बताया कि युवक हथियार कहा से लाया था इसकी पड़ताल करने में पुलिस जुट गई है। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी

**बिना लाइसेंसी हथियार था युवक के पास**

जांच केक्रम में युवक ने पुलिस को अपना पहचान रामलाल मेहता,ग्राम पाचाडुमर बताया। उसकी तलाशी के दौरान पुलिस को एक अवैध पिस्टल मिला। पुलिस ने जब्त पिस्टल की अनुज्ञप्ति की मांग करने पर युवक द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। युवक ने पुलिस को बताया कि वह अपने शौक के लिए पिस्टल रखता है।

**विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए श्रम मंत्री व उपायुक्त**

## जल जंगल व जमीन के संरक्षक और प्रकृति के सच्चे सेवक है आदिवासी : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** राज्य के श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता व उपायुक्त रमेश घोलप शुक्रवार को सदर प्रखंड के सरना टोंगरी पकरिया में विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री भोक्ता ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इसके उपरांत जिला प्रशासन की ओर से वन पट्टा वितरण कार्यक्रम के तहत लाभुकों के बीच 58 व्यक्तिगत व 19 सामूहिक कुल 77 वन पट्टा का वितरण किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सभी को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि यह दिन आदिवासी समुदायों की संस्कृति, अधिकार और उनके प्रति सम्मान बढ़ाने के लिए समर्पित है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य आदिवासी लोगों की विविधता और उनके सांस्कृतिक योगदान को मान्यता देना है। साथ ही उनके मानवाधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना है। उपायुक्त ने अपने संबोधन में सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा 21 से 50 वर्ष की बहनों को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से लाभान्वित करने हेतु पंचायत और नगर परिषद क्षेत्र में 15 अगस्त तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार ऑफलाइन आवेदन भी लिए जा रहे हैं। सभी योग्य बहनों से अपील है कि अपने नजदीकी शिविर में जाकर आवेदन जमा करें और योजना का लाभ लें। आगे कहा आज कुल 77 वन पट्टा का वितरण किया गया, इसके लिए जिला स्तर पर स्वीकृति हेतु तीन दिनों में दो बार बैठक की गई। जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य नियमसंगत सभी आमजनों के समस्याओं का निराकरण करना है। उक्त कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला कल्याण पदाधिकारी अलका कुमारी, बीडीओ चतरा हरिनाथ महतो, अंचलाधिकारी चतरा अनिल कुमार, समाजसेवी नवलकिशोर यादव, समाजसेवी रश्मि प्रकाश, शोभा कुजूर, निर्मला केरकेटा, महेश बांडो, अनिल मिंज समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

### मुखिया ने कांवरियों को अंग वस्त्र भेंट की

**केतार।** केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने शुक्रवार को दो दर्जन कांवरियों को अंग वस्त्र भेंट कर बाबा धाम देवघर के लिए रवाना किया। कांवरियों ने सुप्रसिद्ध चतुभुर्जी मंदिर में दर्शन पूजन किया इसके पश्चात मुखिया आवास पर मुखिया ने कांवरियों को अंग वस्त्र भेंट की। मौके पर पंकज कुमार, प्रविण मिश्रा, रविन्द्र सोनी, अंगद कुमार, मिथलेश कुमार, आशीष कुमार, सुमंत विश्वकर्मा,अनील कुमार,अशोक कुमार,छोटू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में सब्जी विक्रेता घायल

**रमना।** बहियार खुर्द निवासी सब्जी विक्रेता 55 वर्षीय रामाधार राम परसवान पॉवर हाउस के आगे विरनाथ के करीब सड़क किनारे जमे कीचड़ में सब्जी लदे लूना से असंतुलित होकर सड़क किनारे गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया।

**अविराम नर्सिंग एंड फार्मेसी कॉलेज में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस**

## झारखंडी संस्कृति के असली रक्षक हैं आदिवासी : इंद्रजीत




**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के हुटाप स्थित अविराम ग्रामीण विकास स्वयंसेवी संस्थान कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के सचिव इंद्रजीत भारती के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र के समीप दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कि गई।मयंती के द्वारा स्थानीय भाषा के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया।लघु नाटक और डांस के माध्यम से आदिवासियों के रहन-सहन को दिखाया गया साथ ही उनके द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के सचिव इंद्रजीत कुमार भारती ने कहा कि आदिवासी झारखंडी संस्कृति के असली रक्षक है। आदिवासी समुदाय ही प्रकृति के असल पूजक है। आदिवासियों को दया की जरूरत नहीं है वह चाहे तो खुद से मेहनत करके आगे बढ़ सकते हैं और समाज को एक नई दिशा दे सकते हैं। कार्यक्रम में नर्सिंग एंड फामेर्सी के प्राचार्य अमोल कुमार,शिल्पी,विकास कुमार, प्रीति कुमारी, हम्माद, सुनील कुमार, मनोज कुमार, धर्मवीर कुमार आदि मौजूद थे।

## शिक्षा मंत्री ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का किया शुरूआत

**लातेहार।** समाहरणालय स्थित वासओड़ा में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम एवं मनिका विधायक रामचंद्र सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम के द्वारा पौधरोपण पर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वहीं शिक्षा मंत्री विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि सभी आदिवासी को संगठित रहना है। जो पिछड़ा आदिवासी है उन्हें एक साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। एकजुट होकर रहे और अपनी संस्कृति की रक्षा करें। आदिवासी समाज प्रकृति से जुड़े हुए हैं, और प्रकृति की रक्षा करते हैं। इसी तरह संगठित रहकर वह आगे बढ़ सकते हैं। इनके पूर्वज का जीवन की धरना था कि जल जंगल जमीन ही हमारा सब कुछ है। इसी से हम आगे बढ़ सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। राष्ट्रीय मंडल का मानना है आदिवासी पीछड़ रहे हैं, इसकी समीक्षा होनी चाहिए। क्यों पीछड़ रहे हैं? क्या कारण है? उन्होंने आगे बताया कि 10 साल की समय है इसमें आदिवासियों को जागरूक करें। आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपने संस्कृति को भी रक्षा करें, और अपनी भाषा अपने बच्चों को बताएं जिससे वह शिक्षित होकर अपने संस्कृति की रक्षा कर सके। और अपने अधिकारों को पा सके। आदिवासी की जो संख्या दिन प्रतिदिन घट रही है उनको रोका जाए दूसरे समाज में शादी ना करें अपने समाज में करें और अपनी संस्कृति की रक्षा करें। सभी आदिवासी संगठित होकर अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़े और आगे बढ़े। आदिवासी बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए सरकार द्वारा बहुत सारे रास्ते खोले हुए हैं। छात्रावास की व्यवस्था दी गई है। जिसमें रहना खाना सभी खर्च सरकार उठाती है। अभी जो छात्रवृत्ति समृद्धि योजना लागू हुआ है वह छात्रों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। किसी भी हाल में आदिवासी छात्र-छात्राओं की शिक्षा न छूटे इसके लिए सरकार विशेष जोर दे रही है। जो छात्र विदेश पढ़ने जाने के लिए तैयारी कर रहे हैं उन्हें भी सरकार सहयोग कर रही है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड के द्वारा बच्चों को 15 लख रुपए तक का लोन दिया जा रहा है। जिससे वह अपनी पढ़ाई जारी रख सकता है।

## जिले में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन, लातेहार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुभारंभ उपायुक्त गरिमा सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, जनप्रतिनिधि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि विश्व भर की आदिवासी समाज में जागरूकता और उनके अधिकारों की सुरक्षा को प्रेरित करने के उद्देश्य आज के दिन विश्व आदि दिवस मनाया जाता है। मौके पर उपायुक्त ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से मानव सभ्यता के विकास में आदिवासी समाज के योगदान की जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि आदिवासी और प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज हमारे पर्यावरण के मुख्य संरक्षक हैं। हमें पर्यावरण संरक्षण एवं अपनी संस्कृति के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हम सभी को एकजुटता के साथ मिलजुल कर समाज के उत्थान एवं विकास के बारे में सोचने की आवश्यकता है।



इस मौके पर उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के बच्चों, युवाओं से आदिवासी संस्कृति को संरक्षित कर और आगे ले जाने व समाज से विभिन्न कुरीतियां को दूर करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाने की बात कही। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा आदिवासी समूह के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। कार्यक्रम में छऊ नृत्य, पाइका नृत्य, आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर वनपट्टा का वितरण किया गया तथा भाषण प्रतियोगिता, पेंटिग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला परिषद सदस्य, जनप्रतिनिधि समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कधवन बक्स बाबा धाम पर लगा भव्य वार्षिक मेला, उमड़े श्रद्धालु

**■ सुबह से ही शुरू हो गई थी पूजा अर्चना, भजन कीर्तन व भंडारे का भी आयोजन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत कधवन गांव स्थित बक्स बाबा धाम पर नागपंचमी के दिन भव्य वार्षिक मेला लगा। मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अहले सुबह से ही पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया था। जो सारा दिन चलता रहा। मंदिर का परिक्रमा कर श्रद्धालु नाग बाबा को दूध व लावा का भोग लगवाते रहे। बक्स बाबा और लक्ष्मणिया फुआ के जयकारे से पूरा धाम परिसर गुंजमान रहा। आयोजन कमेटी द्वारा धाम परिसर में भजन कीर्तन और भंडारा के अलावा कई तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। वरीय समाज सेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह, ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद,डेंटल कॉलेज के चेयरपर्सन दिनेश प्रसाद सिंह,कृष्ण कुमार मिश्रा उर्फ दाऊ मिश्रा सहित कई दिग्गज मेला में पहुंचे। सबने बक्स बाबा की विशेष पूजा अर्चना की। बक्स बाबा धाम के पुजारी मथुरा पाठक ने बताया कि जो भी व्यक्ति सच्चे मन से नाग बाबा की पूजा कर मनोकामना मांगते हैं वह अवश्य पूर्ण होता है। मेला के सफल आयोजन में भाजपा नेता सतीश्वर प्रसाद सिंह,प्रवीन सिंह, रामकुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, ओमकार सिंह, अखिलेश सिंह, देवेंद्र सिंह, जयनंदन सिंह, अनूप सिंह, अनिल सिंह, पिंटू सिंह, धनवंत सिंह, धीरेंद्र सिंह धीरू, कारू सिंह सहित कई लोगों का अहम योगदान रहा।

**आस्था का प्रतीक है बक्स बाबा धाम**

कधवन का बक्स बाबा धाम स्थानीय लोगो के आस्था के प्रतीक है। बक्स बाबा धाम में नाग बाब का मंदिर है। मान्यता है कि किसी भी विषैले जीव-जंतु के काटने के बाद यहां आकर पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति ठीक हो जाता है। यहां प्रत्येक वर्ष नागपंचमी के अवसर पर वार्षिक मेला लगता है। इस मेला में दूर-दूर से श्रद्धालु आते है। नाग पंचमी के दिन आस-पास के दर्जनों गांव के लोग नमक का सेवन नहीं करते हैं। नाग पंचमी के दिन लोग सिर्फ मीठा भोजन व फल खाते है। बक्स बाबा को मानने वालो में हिन्दू ही नही आस-पास गांव के मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल है। नाग बाबा पर सिर्फ दूध व लावा चढ़ाया जाता है। जिनकी मन्नत पूरी होती है वे मंदिर परिसर में भगवा झंडा लगाते है।

### धूमधाम से मनाई गई नागपंचमी की पूजा

**हुसैनाबाद।** क्षेत्र में शुक्रवार को नाग पंचमी पूजा की धूम रही। नागपंचमी के अवसर पर लोगो ने नाग मंदिरों में दूध, लावा आदि से नाग देवता की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। लोगों इस दिन मीठा भोजन कर नमक का परित्याग किया। इस अवसर पर नगर पंचायत क्षेत्र के जपला-छतरपुर रोड गम्हरिया स्थित नाग मंदिर परिसर में सुबह से शाम तक पूजा का दौर जारी रहा। शहर व समीपवर्ती गम्हरिया, बंसी बीघा, लंगरकोट, ऊपरी कला, ऊपरी खुर्द, बसडीहा आदि दर्जनो गांव के लोगों ने पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारी छठु प्रजापति आदि ने ध्वजारोहण कर पूजा की शुरूआत की। कमेटी की ओर से विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया गया। मौके पर रंजय कुमार, काशी , विकास गुप्ता, गुड्डु कुमार यादव, कर्मदेव पासवान, अखिलेश पासवान,अजय प्रसाद गुप्ता, रामजवित पासवान आदि सक्रिय रहे।

## न्यूज बॉक्स

### बांग्लादेश में हिन्दुओ पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ बार एसोसिएशन ने जताया विरोध

**लातेहार।** भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में आज हिन्दुओं का कत्लेआम हो रहा है। वहां पर आज सनातनियों के खिलाफ भीड़ के द्वारा एक सुनियोजित करीके से हमला किया जा रहा है। इस हमले में अब तक सौ से ज्यादा हिन्दुओं की जाने चली गई है। उक्त बातें आज लातेहार जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सह अधिवक्ता राजमणि प्रसाद ने कही। आज लातेहार जिला अधिवक्ता संघ ने बांग्लादेश में फैले हिंसा और उसकी आड़ में हिन्दुओं पर हो रहे हमले के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया और पीएम मोदी के नाम संदेश दिया। वहीं अधिवक्ता राजीव रंजन पाण्डेय ने कहा की हम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करते हैं कि तत्काल वह पड़ोसी देश बांग्लादेश पर एक्शन ले, ताकि हिन्दुओं की रक्षा की जा सके। वहीं पाण्डेय ने कहा कि बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन की आड़ में वहां रह रहे हिन्दुओं का लगातार नरसंहार किया जा रहा है। आज वहां रहने वाले हिन्दु सुरक्षित नहीं है। ऐसे में जल्द से जल्द हमारी सरकार उनकी सुरक्षा के लिए कड़ा से कड़ा कदम उठाए। इस दौरान वरीय अधिवक्ता लाल प्रदीप नाथ शाहदेव, पंकज कुमार सिंह राजीव रंजन कुमार पांडे, रमन कुमार महतो, विवेक कुमार गुप्ता, स्वप्निल कुमार, विनोद कुमार, निरंजन कुमार गुप्ता, नंदू ठाकुर, अब्दुल सलाम आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**पत्थलगड़ा/चतरा।** प्रखंड के नावाडीह पंचायत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मोरशेरवा पहाड़ी में सावन महीने के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा की शुरूआत नावाडीह पंचायत के दुर्गा मंडप से शुभारंभ हुआ साथ ही कई गांव का भ्रमण किया । भाग्य कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। श्रद्धालुओं ने बोगासाडम के नदी के पहुंचकर विधिवत पूजा पाठ मंत्रोच्चारण के साथ कलश में गंगा जल को उठाया। जिसके बाद मोरशेरवा मंदिर पहुंचकर कलश स्थापित किया। शोभायात्रा में जिला परिषद सदस्य राम सेवक, नावाडीह पंचायत मुखिया कंचन देवी, मेघन दांगी, उपप्रमुख संगीता कुमारी, समाजसेवी रामचंद्र दांगी, राजेश दांगी के अलावे कई लोग शामिल थे।

### वन अधिकार समिति के सदस्यों की हुई बैठक, वन पट्टा के आवेदन का किया सत्यापन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के सूर्य मंदिर के समीप शुक्रवार को वन अधिकार समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता वनाधिकार समिति के अध्यक्ष विजय भारती ने किया। उन्होंने बताया कि वन पट्टा के लिए लगभग 50 दावेदारों ने वन पट्टा के लिए आवेदन किया है।सभी आवेदननों का सत्यापन समिति के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा के सत्यापन के बाद सभी आवेदन को आगे की कार्यवाही के लिए अनुमंडल कार्यालय के लिए भेजा जाएगा। मौके पर वनाधिकार समिति के जिला समन्वयक खुशयाल दांगी, समिति के सदस्य, पूर्व प्रमुख सुनीता देवी, मीरा देवी, अमिर दांगी, मुसाफिर दांगी,नागेश्वर दांगी, भुनेशर दांगी संतोष निराला शंकर साव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### देश में आदिवासियों का इतिहास रक्षक के रूप में रही है : अनिता देवी

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जोगियाडिह मैदान में ईश्वर उरांव के अध्यक्षता में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद विरुवा, जीप सदस्य प्रियंका देवी, राजद नेता सुरेश राम, सीओ प्रवीण सिंह आदि शामिल रहें। जिन्हें समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम से पूर्व सैकड़ो आदिवासी महिला पुरुष द्वारा मोटरसाइकिल एवं पैदल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटम टोला से चलकर मुख्य मार्ग होते हुए जोगियाडीह मैदान पहुंच एक सभा में ताब्दीन हो गया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष ने सभा का संबोधन कर विश्व आदिवासी दिवस की मुबारकबाद देते हुए कहा कि भारत देश की आजादी में आदिवासी समाज का बहुत ही बड़ा योगदान रहा है। देश के लिए भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू कान्हू आदि महावीरों ने अपनी प्राण की आहुति दी।

## पेज एक का शेष

**उच्च पदों पर...**

उन्होंने कहा कि आज राज्य की जनता हमारी सरकार की तरफ बड़ी आशा के साथ देख रही है। हमने ऐसी कई योजनाएं शुरू की हैं, जिससे समाज के पिछड़े वर्ग को लोगों को आगे लाया जा सके। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में आए विभिन्न राज्यों के कलाकारों, चित्रकारों और सांस्कृतिक दलों का स्वागत किया। महोत्सव के उद्घाटन के पहले विभिन्न राज्यों से आए आदिवासी कलाकारों ने रांची में रीझ-रंग रैली निकाली, जिसमें उन्होंने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ झूमते-नाचते हुए कला का प्रदर्शन किया।

**जेपीसी का गठन...**

वी. विजयसाई रेड्डी (वाईएसआर कांग्रेस), एम. मोहम्मद अब्दुल्ला (द्रमुक), संजय सिंह (आम आदमी पार्टी) और डॉ. वीरेंद्र हेगड़े (मनोनीत सदस्य) हैं। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में गुरुवार को रिजिजू ने वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 पेश किया था। साथ ही इससे जुड़े निष्क्रिय हो चुके पुराने अधिनियम को कागजों से हटाने के लिए मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक-2024 भी पेश किया था। नए विधेयक का नाम एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम होगा। अंग्रेजी में नाम यूनिफाइड वर्क मैनेजमेंट एंपावरमेंट एफिशिएंट एंड डेवलपमेंट (उम्मीद) है।

**आईएस का मोस्ट...**

कार्रवाई शुरू कर दी है। आतंकी रिजवान को पकड़ने के लिए काफी समय से सुरक्षा बलों ने अपने नेटवर्क को एक्टिव किया हुआ था। वह काफी समय से फरार चल रहा था। बताया जा रहा है कि रिजवान पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल का सबसे खूंखार आतंकी है। उसने अपने कुछ साथियों के साथ दिल्ली और मुंबई के वीवीआईपी इलाकों की रेकी की थी। रिजवान 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के जश्न में भंग डालने की कोशिश में था। बता दें कि रिजवान को इससे पहले दिल्ली पुलिस ने साल 2018 में गिरफ्तार किया। लंबी पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। आतंकी रिजवान की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली पुलिस व अन्य जांच एजेंसी अलर्ट मोड पर है। सरोजनी नगर मार्केट, लाजपत नगर मार्केट, खान मार्केट सहित अन्य मार्केटों में मोस्ट वांटेड आतंकवादियों के पोस्टर चस्पा किए गए हैं।

**नक्सली जोनल कमांडर...**

उसके खिलाफ वर्ष 1995 में पहला मुकदमा दर्ज किया गया था। सीताराम एके-56 लेकर चलता था। वर्ष 2001 में बिहार के माली थाने पर हमला बोलकर छह पुलिसकर्मियों की हत्या और हथियारों की लूट, औरंगाबाद जिले में एक जमींदार की हत्या, मोनबार में जन अदालत लगाकर चार लोगों को फांसी पर चढ़ा देने, वर्ष 2009 में विधानसभा चुनाव के समय झारखंड के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में पोलिंग पार्टी पर हमला, काला पहाड़ में पुलिस वाहन को उड़ाने जैसी घटनाओं की अगुवाई सीताराम रजवार ने ही की थी।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए **50%** की छूट







**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# बांग्लादेश में सैकड़ो हिंदू घरों, मंदिरों पर हमले, दहशत में हैं अल्पसंख्यक


एजेंसी

**कोलकाता।** बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर मोहम्मद युनूस को मुख्य सलाहकार नियुक्त कर अंतरिम सरकार का शपथ ग्रहण हो चुका है। हालांकि वहां अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के घरों, दुकानों और मंदिरों पर हमले नहीं थम रहे हैं। महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों की घटनाओं की एक सूची बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन एकता परिषद और बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद द्वारा जारी की गई है। इस सूची में कई जिलों में हुए हमलों और अत्याचारों का उल्लेख किया गया है, जो पांच अगस्त से आठ अगस्त 2024 के बीच हुए हैं। राजधानी ढाका महानगर और इसके आसपास के इलाकों में कई हमलों की घटनाएं सामने आई हैं। विशेष रूप से, सुन्दरबन नदी नाब्य नानुआर मंदिर के पास एक सभा के दौरान तीन दुकानों को तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा, जालमा बाजार में कई हिंदू परिवारों पर हमले किए गए, जिसमें 50 से अधिक घरों को क्षति पहुंचाई गई। हमलावरों ने परिवार के सदस्यों को पीटा और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया। नारायणगंज जिले में भी कई हमले हुए। अपराधियों ने श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर और आसपास के हिंदू घरों को निशाना बनाया। इसी प्रकार, मुंशीगंज जिले में भी मंदिरों और घरों पर हमले हुए, जहां सदर उपजिला के थाने के पास कई हिंदू परिवारों के घरों पर हमले किए गए। नरसिंहडी और मानिकगंज जिलों में भी हिंदू समुदाय के लोगों पर हमले हुए, जहां कई घरों को नष्ट किया गया और मंदिरों को तोड़ा गया।




## सरकार में छात्र नेताओं को महत्वपूर्ण मंत्रालय

**ढाका।** बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी प्रदर्शनों के मुख्य समन्वयकों में से एक छात्र नेता नाहिद इस्लाम को शुक्रवार को देश की नवगठित अंतरिम सरकार में सूचना प्रौद्योगिकी और डाक मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया है।



गत 5 अगस्त को तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने और देश छोड़कर भारत आने के बाद बांग्लादेश में गुरुवार रात अंतरिम सरकार ने शपथ ली, जिसमें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया है। सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के एक अन्य प्रमुख नेता आसिफ महमूद को युवा एवं खेल मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया है। यूनुस ने रक्षा, शिक्षा, रेलवे, कृषि, वाणिज्य आदि सहित कई प्रमुख मंत्रालय अपने पास रखे हैं। बांग्लादेश



में आरक्षण विरोधी प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले छात्र नेता नाहिद अब देश में अंतरिम सरकार के गठन में भी एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरे हैं। उन्होंने शेख हसीना के ढाका से जाने के बाद न केवल बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन और सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान के साथ कई दौर की चर्चा की, बल्कि यूनुस को अंतरिम सरकार में शामिल होने के लिए राजी करने में भी प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने आश्वासन दिया था कि अंतरिम राष्ट्रीय सरकार में छात्र समुदाय और नागरिक समाज के सदस्यों का उचित प्रतिनिधित्व होगा।

## राहुल बाबा बांग्लादेश के हिंदुओं पर चुप्पी क्यों?

**नई दिल्ली** । लोकसभा में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे गाजा की चिंता करते हैं। लेकिन, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर चुप्पी साध लेते हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री को पीएम मोदी ने सोशल मीडिया के जरिए बधाई दी और कहा कि हमारे जो हिंदू और अलल्पसंख्यक वहां पर हैं, उनकी सुरक्षा और विकास सुनिश्चित की जाए। लेकिन, कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री को बधाई देते समय हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का उल्लेख नहीं किया। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने सवाल करते हुए कहा कि ऐसी कौन सी मजबूरी थी कि हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की बात नहीं कर सके।

## बांग्लादेश सीमा पर कोस्ट गार्ड ने तैनात किए होवरक्राफ्ट



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सुंदरबन क्षेत्र में बांग्लादेश के साथ समुद्री सीमाओं पर अवैध आव्रजन की आशंका के बीच सुरक्षा एजेंसियों ने गश्त बढ़ा दी है। इस अभियान में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), कोस्ट गार्ड और तटीय पुलिस सहित विभिन्न केंद्रीय और राज्य सुरक्षा एजेंसियां शामिल हैं। राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ और राज्य पुलिस के गश्ती दल के साथ-साथ वन विभाग के अनुभवी अधिकारी और कर्मचारी भी इस प्रक्रिया में शामिल हैं, जो इस क्षेत्र की संकरी खाड़ियों से भली-भांति परिचित हैं। नवीनतम जानकारी के अनुसार, तटीय पुलिस बल और वन विभाग के संयुक्त दल मुख्य नदी से जुड़ी कई खाड़ियों की निगरानी के लिए उच्च गुणवत्ता वाली मोटराइज्ड नावों का उपयोग कर रहे हैं। दूसरी ओर, बीएसएफ ने मोटराइज्ड नावों, स्पीड बोट्स और अन्य जहाजों का उपयोग करके सुंदरबन क्षेत्र में समुद्री सीमाओं पर गश्त को तेज कर दिया है। इसके तहत निजी जहाजों को रोक कर उनकी तलाशी ली जा रही है और यात्रियों के नागरिकता दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इसके अतिरिक्त, कोस्ट गार्ड ने भी सुंदरबन क्षेत्र में 24 घंटे की निगरानी के लिए एक होवरक्राफ्ट तैनात किया है।

## इटली में रिकॉर्ड गर्मी के बीच कई इलाकों में आपातकाल की घोषणा

**रोम।** इटली में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। इटली की क्षेत्रीय और नगर पालिका सरकारें देश में अत्यधिक गर्म और शुष्क ग्रीष्म काल के कारण आपातकाल की स्थिति घोषित कर रही हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सार्डिनिया के सस्सारी में गुरुवार को भीषण सूखा और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के कारण आपातकाल की स्थिति घोषित की गई है। इतालवी द्वीप के उत्तरी भाग में स्थित सस्सारी ने अत्यधिक मौसम के कारण प्रभावित स्थानीय व्यवसायों की मदद के लिए अतिरिक्त धन जारी किया है।

## जम्मू कश्मीर में सुरक्षा मूल्यांकन के बाद घोषित होंगी चुनाव तिथियां

**जम्मू।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग जम्मू-कश्मीर में जल्द से जल्द विधानसभा चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है और चुनाव को बाधित करने के छोटे-मोटे प्रयास प्रक्रिया को बाधित नहीं कर सकते। दिल्ली में अंतिम सुरक्षा आवश्यकता मूल्यांकन करने के बाद जम्मू कश्मीर विधानचुनाव की सही तिथियों की घोषणा की जाएगी। शुक्रवार को कहा कि यहां जम्मू में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि वे कुछ आतंकी हमलों के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में मुर्गी और अंडे वाली स्थिति नहीं देखना चाहते हैं।

## न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारत खोलेगा वाणिज्य दूतावास

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत जल्द ही भारतीय प्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने के लिए ऑकलैंड में एक वाणिज्य दूतावास खोलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह भारत-न्यूजीलैंड के बीच राजनयिक संबंधों को और मजबूत बनाने में प्रमुख भूमिका निभाएगा। न्यूजीलैंड की अपनी यात्रा के अंतिम दिन राष्ट्रपति मुर्मू ने ऑकलैंड में भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस अवसर पर उनके साथ अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन तथा सांसद सौमित्र खान और जुगल किशोर भी उपस्थित थे।

# एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** फिजिकल एजुकेशन टीचर बनने के लिए सबसे पहले किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से किसी भी स्ट्रीम में बारहवीं कक्षा (10+2) पास करें। उसके बाद किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से शारीरिक शिक्षा (फिजिकल एजुकेशन)/ स्वास्थ्य शिक्षा में ग्रेजुएशन की डिग्री करें। फिजिकल एजुकेशन में बैचलर डिग्री प्राप्त करने के बाद पीटीआई टीचर यानि फिजिकल एजुकेशन टीचर के लिए आवेदन करना होगा। शारीरिक शिक्षा या स्वास्थ्य शिक्षा या काइन्सियोलॉजी जैसे निकट से संबंधित विषय में बैचलर्स डिग्री प्राप्त करें।

# फिजिकल एजुकेशन टीचर करियर का देता है अपार अवसर



- एक शारीरिक शिक्षा सेटिंग में एक इंटर्नशिप पूरा करें।
- शारीरिक शिक्षा अनुमोदन के लिए अपने राज्य के आवश्यक परीक्षण लें।
- अपने शिक्षण लाइसेंस के लिए आवेदन करें।
- फिजिकल एजुकेशन टीचर पदों के लिए आवेदन करना शुरू करें।
- पब्लिक स्कूल फिजिकल एजुकेशन टीचर को उस ग्रेड स्तर के लिए राज्य शिक्षक प्रमाणन अर्जित करना होगा जो वे पढ़ाना चाहते हैं।
- अधिकांश राज्यों में, शारीरिक शिक्षा पर जोर देने के साथ चार वर्षीय बैचलर्स डिग्री एक व्यक्ति को राज्य प्रमाणन परीक्षा में बैठने के योग्य बनाती है।
- कई राज्य वैकल्पिक प्रमाणन मार्ग भी प्रदान करते हैं जिनमें शारीरिक शिक्षा की डिग्री में मास्टर्स शामिल हो सकते हैं।

## फिजिकल एजुकेशन टीचर के काम

- एक खेल या पीई शिक्षक के कर्तव्यों में छात्रों को खेल खेलना, राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा परीक्षण का प्रशासन करना, छात्रों की प्रगति की निगरानी करना, सिखाने और शारीरिक विकलांग छात्रों की शारीरिक जरूरतों को पूरा करना, छात्रों के प्रदर्शन को ग्रेड करना और शिक्षकों और माता-पिता के साथ संवाद करना शामिल है।
- शिक्षकों को मजबूत संचारक होने और विभिन्न आकारों की कक्षाओं का नेतृत्व करने में सहज होने की आवश्यकता है। फिजिकल एजुकेशन टीचर विभिन्न खेलों के एथलेटिक कोच भी हो सकते हैं। वे अक्सर लंबे समय तक काम करते हैं और एथलेटिक गतिविधियों की निगरानी के लिए स्कूल के बाद रहने की आवश्यकता होती है।

## फिजिकल एजुकेशन टीचर के लिए आवश्यक स्किल

- फिजिकल एजुकेशन टीचर के पास कुछ आवश्यक स्किल होनी चाहिए, जिनके बारे में नीचे बताया गया है:
- शारीरिक फिटनेस, टीम के खेल में अनुभव, और मजबूत पारस्परिक और संचार कौशल इच्छुक शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के लिए एक अच्छी नींव प्रदान करते हैं।
- टीम की गतिशीलता, काइन्सियोलॉजी और पोषण का ज्ञान नए शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को रोजगार खोजने में मदद कर सकता है।
- एक फिजिकल एजुकेशन टीचर का लक्ष्य शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना और छात्रों को उचित स्वास्थ्य और खाने की आदतों का मूल्य सिखाना है।
- अच्छे फिजिकल एजुकेशन टीचर टीचर अपने छात्रों के लिए रोल मॉडल होते हैं, और इसलिए उन्हें अच्छे स्वास्थ्य और फिटनेस के सभी गुणों का प्रदर्शन करना चाहिए।
- फिजिकल एजुकेशन टीचर टीचर अपने छात्रों को स्वस्थ, सक्रिय जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं।

## फिजिकल एजुकेशन टीचर बनने के फायदे

*अगर आप एक अच्छे पीटीआई टीचर बनना चाहते हैं तो इसके लिए आपको कुछ विशेष फायदे प्राप्त होते हैं-*

- इससे आपको उच्च नौकरी में सुरक्षा प्राप्त होती है जिसके माध्यम से आगे बढ़ पाने के लिए सजग होते हैं।
- इसके माध्यम से छात्रों को विशेष रूप से शारीरिक स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए जागरुक किया जा सकता है।
- पीटीआई टीचर बनने के बाद आप खुद को भी फिट रख सकते हैं जिससे दूसरों को प्रेरणा प्राप्त होती है।
- पीटीआई टीचर बनने के बाद आपको छात्रों का विशेष प्रेम प्राप्त होता है जिसके अंतर्गत आप उन्हें विभिन्न खेलों के लिए जागरूकता लाते हुए आगे बढ़ा सकते हैं।
- ऐसे में बच्चों के विभिन्न प्रकार से उत्सुकता को देखते हुए उन्हें विभिन्न खेलों के प्रति आगे बढ़ाने का भी कार्य किया जा सकता है।

## फिजिकल एजुकेशन टीचर बनने के लिए प्रमुख कोर्स

बीपीएड यह कोर्स कक्षा 6-10 तक के विद्यार्थियों के लिए शारीरिक शिक्षक तैयार करने एवं कक्षा 11-12 के विद्यार्थियों की शारीरिक शिक्षा, खेलकूद आयोजित कराने के लिए है। इस कोर्स की अवधि 2 वर्ष या 4 सेमेस्टर है तथापि उम्मीदवार अधिकतम 3 वर्षों में इसे पूरा कर सकते हैं।

एमपीए यह कोर्स कक्षा 11 व 12 के छात्रों के लिए शारीरिक शिक्षक तैयार करने का व्यवसायिक कोर्स है। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में प्रोफेसर/निदेशक/खेल अधिकारी एवं शारीरिक शिक्षक कॉलेजों/शारीरिक विश्वविद्यालय के विभागों में शारीरिक शिक्षकों को प्रशिक्षण देने हेतु शिक्षक तैयार करने के लिए यह कराया जाता है। इस कोर्स की की अवधि दो वर्ष अथवा चार सेमेस्टर में है।

## फिजिकल एजुकेशन टीचर बनने के लिए भारत के टॉप कॉलेज

*अगर आप एक अच्छे फिजिकल एजुकेशन टीचर टीचर बनना चाहते हैं, तो इसके लिए आप इन मुख्य कालेजों में एडमिशन लेने के लिए विचार कर सकते हैं:*

1. लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फिजिकल एजुकेशन, ग्वालियर।
2. वाईएमसीए कॉलेज आफ फिजिकल एजुकेशन, चेन्नई।
3. इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट आफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, दिल्ली।
4. ज्योतिबा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, नागपुर।
5. गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, भुनेश्वर।
6. बलिया पाल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, बालासोर।
7. कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, पुणे।
8. एस ई एसएस कॉलेज ऑफ फिजिकल एंड कॉलेज ऑफ एजुकेशन, जलगांव।